YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-351 | सोमवार, 20 जनवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



महाकुंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की व्यवस्था सराहनीय है, यह ऐतिहासिक अवसर रहेगा। यह महाकुंभ भारत के धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। यह अवसर किसी भी व्यक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। **शिव प्रताप शुक्ला**


राहुल ने न्याय, समानता के लिए 'सफ़ेद टी-शर्ट मुहिम' शुरू की 11

महाकुंभ में बांसुरी बनी मेले की खास आकर्षण 12

# महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगी आग, 18 शिविर जले

## हादसे वाली जगह पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ, लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुंभनगर। महाकुंभनगर में झूंसी थाना क्षेत्र में लोअर संगम के सेक्टर 19 में रविवार को आग लगने से 18 टेंट जलकर खाक हो गए। श्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। आग लगने की सूचना पर तत्काल मेला अधिकारी विजय किरण आनंद और एसएसपी राजेश द्विवेदी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने कहा कि 4.30 बजे कुंभ क्षेत्र सेक्टर के गीता प्रेस शिविर में आग लगने की सूचना मिली थी। अग्निशमन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। गीता प्रेस के साथ 10 प्रयागवाल के टेंट में भी आग फैलने की सूचना मिली थी जिस पर काबू पा लिया गया है। स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि स्थिति सामान्य है और किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि सेक्टर 19 में शास्त्री पुल के नीचे गीता प्रेस के कैंप में आग लगी थी। कई शिविर जल कर राख हो गए। फायर ब्रिगेड ने इलाका सील कर दिया गया। आग बुझाने के लिए करीब 15 अग्निशमन की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया गया है। कोई जनहानि की सूचना नहीं है। कारणों की जांच की जा रही है। कुंभ मेला क्षेत्र में लगी आग पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया। प्रयागराज महाकुंभ को लेकर सीएम योगी रविवार को प्रयागराज में ही थे। जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली, वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से आग की घटना में हुई क्षति की जानकारी ली। पैदल वे घटनास्थल पर पहुंचे। अगलगी की घटना के बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मेला क्षेत्र में लगी आग के मामले में एडीजी ने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच होगी। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है।

एडीजी प्रयागराज भानु भास्कर ने कहा कि हमें शाम 4:00 बजे आग लगने की जानकारी मिली। आग लगने के घटना की जानकारी मिलते ही हमारे सभी पुलिस अधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट घटनास्थल की ओर रवाना हुए। तत्काल फायर ब्रिगेड टीम को एक्टिव किया गया। 20 से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। इसके साथ-साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। उन्होंने दावा किया कि अभी तक इस आग लगी की घटना में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं है। हम लोग अगलगी की घटना में हुई क्षति का आकलन कर रहे हैं।

प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेला के दौरान बड़ी घटना सामने आई है। शास्त्री पुल और रेलवे पुल के बीच रविवार को आग लग गई। इस आग लगी में कई टेंट के जलने का मामला सामने आ रहा है। मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंच गई है। आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस के कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। इलाके में मौजूद लोगों और साधु संतों को बाहर निकल गया है। अभी तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। महाकुंभ में हर रोज लाखों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र संगम तट पर स्नान करने पहुंच रहे हैं। ऐसे में आग लगने की घटना ने हलचल बढ़ा दी है। महाकुंभ में सेक्टर-19 तुलसी मार्ग स्थित गीता प्रेस के शिविर में भीषण आग लगने का मामला सामने आया है। आग लगने के बाद तीन से चार गैस सिलिंडर लगातार ब्लास्ट हुए। इससे आग अधिक भड़कने की बात कही जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ● शेष पेज 11 पर

### आग लगने पर प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से फोन कर ली जानकारी

**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुम्भ मेला परिसर में आग लगने की घटना पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फोन कर जानकारी ली है। मुख्यमंत्री ने उन्हें घटना के संपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। प्रधानमंत्री को बताया गया कि फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम द्वारा समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है। घटना में कोई न तो घायल हुआ है और न ही किसी की मृत्यु हुई है।

## संक्षेप

### बाघ के हमले में किसान की मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के थाना सुजौली क्षेत्र के एक किसान की बाघ के हमले में मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसारी किसान शिवधर चौहान (55) खेत की रखवाली के लिए गया था। शनिवार शाम को खेत पर गए शिवधर देर रात तक वापस नहीं लौटा, जिससे उनके परिवार में चिंता बढ़ गई। रविवार सुबह, परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने मिलकर शिवधर की खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान उनका क्षत विक्षत शव आज सुबह जंगल के निकट पाया गया। शव की स्थिति से स्पष्ट हो गया कि उन पर बाघ ने हमला किया था, जिसने उनके चेहरे और शरीर के अन्य भागों को गंभीर रूप से क्षति पहुंचाई थी। इस घटना ने ग्रामीणों को गहरे सदमे में डाल दिया है। दूसरी ओर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि किसान की मौत बड़े जंगली जीव के हमले में हुई है और फिलहाल बाघ और तेंदुए के पद चिन्हों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया बाघ का ही हमला माना जा रहा है। वहीं, वन क्षेत्राधिकारी ने मृतक के परिवार को पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। पिछले कुछ समय से क्षेत्र में लगातार हो रहे जंगली जानवरों के हमलों से गांव के लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने अपनी सुरक्षा की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

### निजीकरण के लिए धारा-108 का प्रयोग किया तो न्यायालय जाएगा परिषद

**लखनऊ।** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने विद्युत वितरण अधिनियम-2003 की धारा-108 की आड़ लेकर यह साबित करने की कोशिश करने का कड़ा विरोध किया है कि नियामक आयोग सरकार द्वारा निजीकरण के संबंध में दिए निर्देशों को मानने के लिए बाध्य है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने रविवार को कहा कि इस तरह का कोई कदम उठाए जाने पर परिषद सक्षम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट, केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के मामले में आदेश दे चुका है कि नियामक आयोग राज्य अथवा केंद्र सरकार के आदेशों को मानने के लिए बाध्य नहीं है। अवधेश वर्मा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन और उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग को यह पता होना चाहिए कि बिजली वितरण का लाइसेंस धारा-14 के तहत दिया जाता है, निजी क्षेत्र को भी इसी धारा के तहत वितरण लाइसेंस मिलेगा। उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के एक मामले में यह फैसला दिया था कि राज्य बिजली नियामक आयोग अधिनियम-2003 की धारा-108 के तहत राज्य या केंद्र सरकार के निर्देशों से बाध्य नहीं है।

# महाकुम्भ का एक ही संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा देश : योगी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज दौरे पर मौनी अमावस्या से पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद पत्रकारों के साथ वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ आ रहे हैं। तमाम विदेशी श्रद्धालु भी संगम में स्नान कर अभिभूत नजर आ रहे थे। यूरोप से जुड़े कुछ पर्यटक मिलने आए थे और प्रयागराज की महिमा का जिस भाव से गान कर रहे थे, वह अभिभूत करने वाला था। वो हिंदी नहीं जानते, संस्कृत नहीं जानते, लेकिन हिंदी की चौपाई, संस्कृत के मंत्रों, अवधी की चौपाइयों को और सनातन धर्म से जुड़े स्त्रोत और मंत्रों को सस्वर गा रहे थे। मां गंगा और यहां के धामों के प्रति एक श्रद्धा का भाव उनमें देखने को मिल रहा था। यही तो प्रधानमंत्री जी का संदेश है। महाकुम्भ का एक ही संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा यह देश। एकता और अखंडता के संदेश के साथ हम सभी जुड़ रहे हैं।

सीएम योगी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि महाकुम्भ का आयोजन जिसके लिए प्रयागराज जाना जाता है, पूरी भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है। महाकुम्भ के लिए प्रधानमंत्री जी ने जो विजन दिया है उसको स्थानीय स्तर पर लागू करने के लिए सभी लोग पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। इसके लिए आप सभी को धन्यवाद दूंगा कि प्रयागराज की छवि को एक सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने का कार्य किया है। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के मुख्य स्नान संपन्न हो चुके हैं और अब मौनी अमावस्या 29 जनवरी और बसंत पंचमी 3 फरवरी को दो बड़े महास्नान होने हैं जो इस महाकुम्भ की शोभा भी हैं। 7 हजार से अधिक संस्थाएं अब तक यहां पर ● शेष पेज 11 पर

### उपलब्धि

- मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी अमृत स्नान की तैयारियों की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने की पत्रकार वार्ता
- कहा- देश और दुनिया से आ रहे श्रद्धाल संगम में स्नान करने के बाद अभिभूत नजर आ रहे

# एनडीआरएफ ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र वैश्विक पहचान बनायी : शाह

एजेंसी



नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने बहुत कम समय में न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में अपनी विश्वसनीयता बनायी है तथा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत को वैश्विक पहचान दी है।

श्री शाह ने रविवार को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में बल के 20वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के दक्षिणी परिसर, बल की 10वीं वाहिनी तथा क्षेत्रीय कार्रवाई केन्द्र के सुपौल परिसर सहित लगभग 220 करोड़ रूपए लागत की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। गृह मंत्री ने राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में नई 'इंटीग्रेटेड शूटिंग रेंज' का शिलान्यास और तिरूपति में राज्य सरकार की क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भवन का भी उद्घाटन किया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय यह बल सबसे पहले आगे आकर काम करता है । उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर तीन गुना अधिक गति से आंध्र प्रदेश का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने पिछले छह माह में तीन लाख करोड़ से अधिक का निवेश और मदद आंध्र प्रदेश के लिए भेजे हैं। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विशाखापत्तनम के स्टील प्लांट के लिए 11 हज़ार करोड़ रूपए की मदद को स्वीकृति दी है। इस निर्णय से आंध्र प्रदेश के गौरव माने जाने वाले विशाखापत्तनम स्टील प्लांट का लंबे समय तक चलना सुनिश्चित हो गया है। गृह मंत्री ने कहा कि अमरावती राजधानी की कल्पना मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ● शेष पेज 11 पर


# फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई पुलिस ने रविवार को फिल्म अभिनेता सैफ अली खान को उनके घर पर चाकू मारने के आरोपी एक बंगलादेशी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की।

आरोपी की पहचान मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद (30) के रूप में की गयी है, जिसे आज तड़के पड़ोसी शहर ठाणे से गिरफ्तार किया गया और मुंबई लाया गया। पुलिस उपायुक्त दीक्षित गेदाम ने गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने मीडिया को बताया कि बंगलादेश के नागरिक शहजाद ने भारत में अपनी पहचान छिपाने के लिए अपना नाम बदलकर विजय दास रख लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके पास से कुछ चीजें बरामद की हैं, जिससे पता चलता है कि वह भारतीय मूल का नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस की सूचना के आधार पर शहजाद को पड़ोसी शहर ठाणे से गिरफ्तार किया गया।शहजाद करीब चार महीने से मुंबई में रह रहा हैं। वह एक हाउसकीपिंग एजेंसी से जुड़ा हुआ था। अधिकारी ने कहा ● शेष पेज 11 पर

# 2047 तक भारत को विकसित देश बनाएंगे : राजनाथ सिंह

एजेंसी



जौनपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन चुका है। शहर से गांव तक सबसे ज्यादा 5 जी यूजर्स है। हम 2047 तक भारत को विकसित देश बनाएंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ से रविवार को उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के निजामुद्दीनपुर गांव में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगत नारायण दुबे के आवास पर आयोजित मांगलिक समारोह में भाग लेने के पश्चात पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भारत कुछ बोलता है, तो सारी दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है। विज्ञानी सेना से जुड़े उपकरण भारत की धरती पर बना रहे हैं और दूसरे देशों को भी एक्सपोर्ट कर रहे हैं। देश में 1.30 लाख स्टार्टअप काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के युवाओं को भारत का इतिहास पढ़ना चाहिए, हमारे इतिहास में हर क्षेत्र में भारत की उपलब्धि व्याप्त है।

श्री सिंह ने पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए कहा कि गुलाम जम्मू कश्मीर भारत का मुकुट मणि है और इसके बिना जम्मू कश्मीर अधूरा है, पाकिस्तान के लिए यह एक विदेशी क्षेत्र से अधिक कुछ नहीं है वह इसका इस्तेमाल आतंक को शह देने व भारत विरोधी दुष्प्रचार के लिए कर रहा है। रक्षा मंत्री ने गुलाम जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग करार दिया और साथ ही पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि गुलाम जम्मू कश्मीर में आतंकी ट्रेनिंग कैम्प व लॉन्चिंग पैड खत्म कर दे नहीं तो उचित जवाब दिया जाएगा। रक्षा मंत्री ने इस वाक्य से पाकिस्तान को आतंकी शिविरों पर सर्जिकल स्ट्राइक व बालाकोट स्ट्राइक की याद भी दिला दी।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर में आतंक को शह देने की साजिशें निरंतर जारी रखे हुए हैं। गुलाम जम्मू कश्मीर के प्रधानमंत्री अनवर उल हक के भारत विरोधी दुष्प्रचार पर रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान वहां लोगों को धर्म के नाम पर भारत के खिलाफ भड़काने की कोशिश कर रहा है और वहां के निवासियों पर अत्याचार करता है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक डॉ हरेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी कुंवर वीरेंद्र ● शेष पेज 11 पर

# उत्तर कुंजी, अंक सार्वजनिक करने के अनुरोध पर विचार के लिए न्याय मित्र नियुक्त

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा की उत्तर कुंजी, कट-ऑफ अंक और इसमें बैठने वाले अभ्यर्थियों के अंक सार्वजनिक करने का निर्देश देने संबंधी याचिका के निपटारे में मदद के लिए एक न्याय मित्र नियुक्त किया है।

यूपीएससी ने 2023 की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा सहित लगभग सभी पिछली परीक्षाओं में यह सुनिश्चित किया है कि अभ्यर्थियों के अंक, कट-ऑफ अंक और उत्तर कुंजी परीक्षा की पूरी प्रक्रिया खत्म होने के बाद ही सार्वजनिक की जाए। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले में मदद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता को न्याय मित्र बनाया है और याचिकाकर्ताओं को उन्हें याचिका की एक प्रति सौंपने का निर्देश दिया है। पीठ ने 15 जनवरी को पारित आदेश में कहा, ''हमने अदालत में मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता से इस मामले में अदालत की सहायता करने का अनुरोध किया, जिसे गुप्ता ने विनम्रतापूर्वक स्वीकार कर लिया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं (17 यूपीएससी अभ्यर्थियों) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि विवरण सार्वजनिक न करने के यूपीएससी के आचरण में पारदर्शिता का अभाव है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर कुंजी, कट-ऑफ अंक और अभ्यर्थियों को मिले अंक सार्वजनिक किए जाते हैं, तो वे स्पष्ट एवं तर्कसंगत आधार पर गलत और अनुचित मूल्यांकन के खिलाफ उपलब्ध ''प्रभावी'' उपायों का लाभ ● शेष पेज 11 पर

## विज्ञान जगत की उपलब्धियां भावी चुनौतियों के समाधान की वैज्ञानिकों की दूरदृष्टि को दर्शाती हैं: मोदी

# भविष्य की चुनौतियों का समाधान देने में वैज्ञानिक सक्षम

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष में भारत का पहला निजी उपग्रह समूह लॉन्च किए जाने और दो उपग्रहों की सफल 'डॉकिंग' सहित विज्ञान के क्षेत्र में हासिल हालिया उपलब्धियों को गिनाते हुए रविवार को कहा कि ये साबित करता है कि भविष्य की चुनौतियों का समाधान देने के लिए देश के वैज्ञानिक और नवोन्मेषक कितनी दूरदृष्टि रखते हैं।

प्रधानमंत्री ने यह बात आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 118वीं कड़ी और साल 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि साल 2025 की शुरुआत में ही भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं और उन्हें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि अंतरिक्ष के क्षेत्र की एक भारतीय स्टार्टअप 'पिक्सेल' ने भारत का पहला निजी उपग्रह कॉन्सटेलेशन 'फायर-फ्लाई' सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया का सबसे उच्च विभेदन वाला निजी इमेजिंग सैटेलाइट कॉन्स्टेलेशन है। उन्होंने कहा, ''इस उपलब्धि ने न केवल भारत को आधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनाया है बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, ''ये सफलता हमारे निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की बढ़ती ताकत और नवोन्मेष का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए पिक्सेल की टीम, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और इन-स्पेस को पूरे देश की ओर से बधाई दी। पिक्सेल ने गत बुधवार को अपने 'फायर-फ्लाई' कॉन्स्टेलेशन के पहले 3 सेटेलाइट को एलन मस्क की कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन-9 रॉकेट से प्रक्षेपित किया। अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से इनकी लॉन्चिंग हुई। ये उपग्रह पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष पिंडों की निगरानी करेंगे। प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग का उल्लेख करते हुए कहा कि यह तकनीक अंतरिक्ष में अंतरिक्ष स्टेशन तक आपूर्ति सुनिश्चित करने और मिशन के सदस्यों के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा चौथा देश बना है, जिसने ये सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा, ''हमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष में पौधे उगाने और उन्हें जीवित रखने के प्रयास भी कर रहे हैं। इसके लिए इसरो के वैज्ञानिकों ने लोबिया के बीज को चुना। 30 दिसंबर को भेजे गए ये बीज अंतरिक्ष में ही अंकुरित हुए। ये एक बेहद प्रेरणादायक प्रयोग है जो भविष्य में अंतरिक्ष में सब्जियां उगाने का रास्ता खोलेगा। ये दिखाता है कि हमारे वैज्ञानिक ● शेष पेज 11 पर

### निर्वाचन आयोग ने तकनीक की शक्ति का उपयोग किया, निष्पक्ष प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्धता दिखाई: मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को निर्वाचन आयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण ने जन-शक्ति को और ताकत देने के लिए तकनीक की शक्ति का उपयोग किया तथा निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्धता भी दिखाई है। भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी को हुई थी। इस दिन को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैं चुनाव आयोग को धन्यवाद दूंगा, जिसने समय-समय पर हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है और उसे मजबूत किया है। आयोग ने जन-शक्ति को और शक्ति देने के लिए, तकनीक की शक्ति का उपयोग किया। मैं चुनाव आयोग को निष्पक्ष चुनाव की उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब विपक्षी दल चुनावी प्रक्रिया के कुछ पहलुओं और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर लगातार सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने लोगों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने और इसे सशक्त बनाने के लिए बड़ी संख्या में मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील भी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद देश में जब 1951-52 में पहली बार चुनाव हुए तो कुछ लोगों को संशय था कि क्या देश का लोकतंत्र जीवित रहेगा। उन्होंने कहा, ''लेकिन, हमारे लोकतंत्र ने सारी आशंकाओं को गलत साबित किया। आखिर भारत लोकतंत्र की जननी है। बीते दशकों में भी देश का लोकतंत्र सशक्त हुआ है, समृद्ध हुआ है। मोदी ने कहा कि 'मन की बात' का यह कार्यक्रम इस महीने के अंतिम रविवार के बजाय तीसरे रविवार को आयोजित किया गया है क्योंकि अगले रविवार को गणतंत्र दिवस है। आम तौर पर यह कार्यक्रम महीने के आखिरी रविवार को होता है। उन्होंने कहा कि इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है क्योंकि ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। उन्होंने कहा, ''इस वर्ष संविधान लागू होने ● शेष पेज 11 पर

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महिला स्वयं सहायता समूहों और उद्यमियों को सम्मानित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुंभ प्रयागराज। के सेक्टर 1 में सूचना विभाग के सांस्कृतिक पंडाल में आज खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में महिला स्वयं सहायता समूहों और उद्यमियों को सम्मानित करने हेतु भव्य समारोह का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने महिला समूहों और उद्यमियों को सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में फल, शाकभाजी, मसाले, दूध, बेकरी उत्पाद, पास्ता, नूडल्स, गुड़, चिप्स, फूड सप्लीमेंट्स और सोलर प्लांट्स जैसी इकाइयों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। श्री मौर्य ने इन उत्पादों का अवलोकन किया और महिला समूहों द्वारा की गई पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। यह क्षेत्र राज्य में आईटी सेक्टर के बाद रोजगार सृजन के सबसे बड़े अवसर प्रदान करता है, जिससे न केवल इस उद्योग का बल्कि अन्य संबंधित क्षेत्रों का भी विकास संभव हो रहा है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है। वर्तमान में राज्य में 65,000 से अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां संचालित हैं, जिनसे 2.55 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। इस क्षेत्र में आटा, चावल, फल-सब्जी, मसाला, हेल्थ फूड, बेकरी, दुग्ध और मांस प्रसंस्करण जैसी इकाइयां सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के माध्यम से सरकार ने प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए नई पहल की है। इस नीति के तहत उद्यमियों को इकाई स्थापित करने के लिए 10 करोड़ रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है।

अब तक 3,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित किया गया है, और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 70 इकाइयों को 85 करोड़ रुपये का अनुदान वितरित किया गया है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएम एफएमई) की उपलब्धियों पर बात करते हुए श्री मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश ने इस योजना में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बैंकों द्वारा 14,300 इकाइयों को 4,500 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया है, जिससे 1.50 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। इस योजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की 2,000 महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित कर 12 करोड़ रुपये का सीड कैपिटल प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता पर जोर दिया और उद्यमियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले प्रस्ताव लेकर आएं, ताकि किसानों और युवाओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने पीएम एफएमई योजना की सब्सिडी नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट स्वीकृति और ऋण मिलने के 30 दिनों के भीतर सब्सिडी प्रदान कर दी जाएगी। समारोह में विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विजय बहादुर द्विवेदी, उप निदेशक एस.के. चौहान, कविता पटेल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की डिजिटल प्रदर्शनी में विकास और विरासत भी

- जन भागीदारी से जन कल्याण' डिजिटल प्रदर्शनी को बड़ी संख्या में श्रद्धांलुओं ने देखा
- डिजिटल प्रदर्शनी में सभी आयु वर्ग के दर्शनार्थियों का आगमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज महाकुम्भ। में त्रिवेणी मार्ग पर प्रदर्शनी परिसर में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एकता के महाकुम्भ में 'जन भागीदारी से जन कल्याण' और भारत सरकार की विगत 10 वर्षो में उपलब्धियों, कार्यक्रमों, नीतियों एवं योजनाओं पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी को आज रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धांलुओं ने देखा और इसे ज्ञानवर्धक बताया। 13 जनवरी से शुरू एनामॉर्फिक वाल, एलईडी टीवी स्क्रीन, एलइडी वाल, होलोग्राफिक सिलेंडर के माध्यम से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली डिजिटल प्रदर्शनी में सभी आयु वर्ग के दर्शनार्थियों का आगमन हो रहा है। यह प्रदर्शनी विकास के साथ-साथ विरासत को भी प्रदर्शित कर रही है। प्रदर्शनी में उज्जैन महाकाल कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर कॉरिडोर, करतारपुर साहिब कॉरिडोर, आयोध्या धाम और प्रस्तावित बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर, श्री गुरु गोविन्द सिंह जी का 350 वां प्रकाश पर्व, श्री गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व के चित्र प्रदर्शित हैं, जो दर्शकों को खूब भा रहे हैं। दर्शक प्रदर्शनी परिसर में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप की डिजिटल प्रदर्शनी के साथ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं प्रकाशन विभाग के स्टाल का भी अवलोकन कर रहे हैं। दर्शकों को राष्ट्रीय एकता, एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, वेव्स, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्याँजली, आत्म निर्भर भारत, स्किल इंडिया, प्रधान मंत्री उज्जवला योजना, हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आज़ाद भारत के तीन नये कानून, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दर्शकों और जन सामान्य को डिजिटल प्रदर्शनी के माध्यम से मिल रही है।

# महाकुंभ में लगी आग पर सपा अध्यक्ष की चिंता,सरकार से संज्ञान लेने की अपील

एजेंसी

महाकुंभ नगर। प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में पीपे के पांटून पुल 12 स्थित श्रीकरपात्री धाम वाराणसी के शिविर में रविवार को अचानक आग लग गई। संयोग ही रहा कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। इसको लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी चिंता जताई है। उन्होंने अपने अधिकृत सोशल मीडिया के एक्स अकाउंट पर घटना की तस्वीर पोस्ट कर सरकार से इसे संज्ञान लेने की अपील की। उन्होंने लिखा कि ''आगे ऐसी दुर्घटनाएं न हों, इसके लिए सुनिश्चित किया जाए। बताते चलें कि आग लगी की घटना के बाद तत्काल मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंच गए। उन्होंने आग से प्रभावित क्षेत्र का मौका मुआयना कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मामले में गीता प्रेस के ट्रस्टी कृष्ण कुमार खेमका ने महाकुंभ में पत्रकारों को बताया कि लगभग 180 कॉटेज बने हुए थे। हमने बहुत सावधानी से बनाया। सभी को मना किया गया कि किसी प्रकार का अग्नि का कोई काम ना करें। जहां हमने सीमा बनाई उसके पार ही सर्कुलेटिव एरिया घोषित हुई थी। पता नहीं प्रशासन ने वह जगह किसे दी... उस तरफ से अग्नि की कोई चीज हमारे तरफ आई और आग फैल गई। हमारा कुछ नहीं बचा सब खत्म हो गया। हमारी रसोई टीन शेड की थी, पक्की थी। मंत्री ए.के. शर्मा ने भी किया मौका मुआयना आग लगने के स्थल पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा ने भी निरीक्षण किया। कुंभ मेले के सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में पहुंचे मंत्री ने गीता प्रेस के महंत सर्वेशानंद सरस्वती व कृष्ण कुमार खेमका से मिलकर जायजा लेने के साथ ही तत्काल नये टेंट, शौचालय सहित सभी प्रकार की व्यवस्था करने के लिए मेलाधिकारी को निर्देशित किया।

# रिक्शा चालक को बुरी तरह पीट रहे युवकों के चंगुल से पुलिस ने बचाया

- महिला और उसके साथी ने किया चौकी पर हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, ठाकुरगंज। कोतवाली क्षेत्र के मुफ्तीगंज चौकी के पास एक युवक द्वारा रिक्शा चालक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को काबू किया और रिक्शा चालक की जान बचाई। यह घटना उस समय हुई जब युवक द्वारा रिक्शा चालक को गंभीर चोट पहुंचाने की कोशिश की जा रही थी। राहगीरों ने बताया कि यदि पुलिस मौके पर समय रहते न पहुंचती, तो युवक रिक्शा चालक को गंभीर रूप से घायल कर सकता था। पुलिस की तत्परता ने एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया। हालांकि, पुलिस की कार्रवाई से युवक के साथ मौजूद महिला और अन्य साथियों में गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने चौकी पर हंगामा शुरू कर दिया। महिला और उसके साथियों का कहना था कि पुलिस ने बिना कारण रिक्शा चालक को पकड़ लिया और युवक को बख्शने की बजाय उसे गलत तरीके से गिरफ्तार किया। यह मामला पुलिस और महिला के परिवार के बीच विवाद का कारण बना और दोनों पक्षों ने चौकी में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए महिला और उसके साथियों को पकड़ लिया और उन्हें थाने भेज दिया, जहां आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने इस घटना में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए रिक्शा चालक की जान बचाई, जबकि कुछ लोग इसे गलत तरीके से भड़काने की कोशिश कर रहे थे। ज्ञात हो कि आरोपी युवक अंजर खान (40 वर्ष), सोहेल खान (35 वर्ष), ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के राधा ग्राम अली कॉलोनी बर्फ खाना के निवासी हैं। इस पूरे मामले ने यह साबित कर दिया कि पुलिस ने समय रहते अपनी जिम्मेदारी निभाई और एक बड़ा हादसा टाल दिया, जबकि कुछ लोग अपनी गलत हरकतों के कारण कानून को चुनौती देने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दबंग के खिलाफ पुलिस से अभद्रता करने के चलते हल्की धाराओं में करवाई की गई है।

## मामूली विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या, आरोपी फरार

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र के चिरोड़ी गांव में रविवार को मामूली मामूली विवाद होने पर एक युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी गई । पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि रविवार को थाना लोनी पर ग्राम चिरोड़ी में नितिन नामक युवक की हत्या की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल थाना लोनी पुलिस द्वारा मौके पर जांच की गई । जांच में यह तथ्य प्रकाश में आये कि कल 18जनवरी को नितिन का उसी गांव के रहने वाले अनिल एवं प्रदीप के साथ विवाद हो गया था जिसमें अनिल व प्रदीप के द्वारा नितिन के साथ मारपीट की गई तथा प्रदीप नितिन को अपनी गाडी से टक्कर मार कर भाग गया ।जिसके बाद नितिन वापस घर आकर सो गया ।सुबह जब नितिन सो कर नहीं उठा तो परिजनों द्वारा उसको गणेश हॉस्पिटल ले जाया गया । जहाँ से उसको हायर सेंटर के लिये रेफ़ेर कर दिया । परिजनों ने उसको राजीव गांधी हॉस्पिटल तिमारपुर ले जाया गया जहाँ उसको मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान यह भी प्रकाश में आया कि पूर्व में भी इनका आपस में विवाद हो चुका है । परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना लोनी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है । अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया है ।

## बारातियों से भरी कार खड़ी ट्रक से टकराई, एक की मौत सात गम्भीर रूप से घायल

**जौनपुर।** मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग पर पुरऊपुर के पास रविवार सुबह बरात लेकर वापस लौट रही कार अचानक बेकाबू होकर खड़े ट्रक में भिड़ गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया। तीन लोगों को प्रयागराज रेफर किया गया। थाना क्षेत्र के सटवां गांव निवासी अशोक सिंह के पुत्र अंकुर सिंह की बरात मध्य प्रदेश के रीवा के सतना स्थित मनगवां गई थी। कुछ बराती रात में ही कार से वापस लौट रहे थे। जैसे ही कार मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग पर पुरऊपुर गांव के पास पहुंची कि घने कोहरे के कारण बेकाबू होकर खड़े ट्रक में भिड़ गई।हादसे में सटवां गांव निवासी सुरेश सिंह (60) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पुष्पेंद्र सिंह (55), प्रदीप सिंह (65), अजीत सिंह (40), अवजीत सिंह (25), ऋषि सिंह (27), डब्लू सरोज (33) गम्भीर रूप से घायल हो गए। कार चालक तालिब (30) निवासी कोदहूं को मामूली चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर में भर्ती कराया। हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने पुष्पेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह और अजीत सिंह को प्रयागराज रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि कोहरे के चलते बरातियों से भरी कार ट्रक से टकरायी है। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। सात बराती घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

## ठंड लगने से वृद्ध की तो सदमे से बहू की भी हुई मौत

**फतेहपुर।** जिले में रविवार को ठंड लगने से वृद्ध किसान की मौत होने से सदमें में बहू की भी मौत हो गई। इस घटना से पूरा गांव शोक में डूब गया। हालाकि परिजनों ने घटना की पुलिस को सूचना दिए बगैर अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के रायपुर गांव में खेतों की रखवाली करने गया वृद्ध चौकीदार जुग्गी लाल रैदास(62) आज सुबह 6 बजे घर वापस लौटा तो बहू से अधिक ठंड लगने की बात कही। बहू ने आग जला दी। आग तापने के बाद भी ठंड से राहत न मिलने की बात कही। जानकारी होने पर ग्राम प्रधान रामकिशोर निषाद व शिवपाल सिंह, कैलाश निषाद मौके पर पहुंचे। आनन फानन में निजी साधन द्वारा डॉक्टर के पास ले गए। हालत चिंता जनक देख डॉक्टर ने अस्पताल ले जाने की बात कही। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही वृद्ध चौकीदार की मौत हो गई। परिजन मृतक को घर ले आए। शव देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। काम काज कर रही बहू गुड़िया देवी(30) अचानक गश खाकर गिर गई। हाथ पैर ठंडा होता देख बिस्तर में लेटा दिया थोड़ी ही देर बाद उसने भी दम तोड़ दिया। मृतका अपने पीछे तीन संतानें छोड़ गई है। शिवा (14), शिवानी (12), मयंक (09), पति कमलेश पड़ोसी गांव के एक गन्ना क्रेशर में दिहाड़ी मजदूरी पर काम करता है। पति पत्नी मेहनत मजदूरी करके परिवार का गुजर बसर कर रहे थे। रविवार को दोनों शवों का अंतिम संस्कार परिजनों के द्वारा गांव में किया गया है। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि ऐसी किसी घटना की जानकारी नहीं मिली। यदि कोई सूचना मिलती है तो घटना की जांच कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# कुम्भ हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक, अनुष्ठानिक चेतनाओं का पर्याय : डॉ धनंजय चोपड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। कुम्भ हमारी रगों में बहती उस सामाजिक, सांस्कृतिक, अनुष्ठानिक चेतनाओं का पर्याय है, जो हमें निरंतर बनाने और मांजने का काम करती हैं। सच तो यह भी है कि हम इन्हीं चेतनाओं के सहारे अपने जीवन प्रवाह को निरंतरता देने में सफल हो पाते हैं। यह अनायास नहीं है कि हमारी सभ्यता के मूल मंत्र 'वसुधैव कुटुंबकम' को चरितार्थ करने वाला कुम्भ मेला हर बार ढेर सारी स्मृतियां देकर जाता है। हम इन्हीं स्मृतियों के सहारे अगले बारह बरस निभाते हैं।यह बात वरिष्ठ मीडिया विशेषज्ञ और भारत में कुम्भ पुस्तक के लेखक डॉ. धनंजय चोपड़ा ने कही। इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया और इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन की प्रयागराज इकाइयों द्वारा मोतीलाल नेहरू नेशनल इंस्टीट्यूट आई टेक्नोलॉजी में आयोजित सेमिनार में महाकुम्भ के वैविध्य पर व्याख्यान दे रहे थे।डॉ. चोपड़ा ने कहा कि कुम्भ मेला सदियों से अनवरत चली आ रही। उस सांस्कृतिक यात्रा के पड़ाव हैं, जिसमें नदियां, कथाएं, मिथक, अनुष्ठान, संस्कार, सरोकार हैं और शामिल हैं हमारी अनगिनत आध्यात्मिक और सामाजिक चेतनाएं। जिनके बलबूते हम अपनी परम्पराओं को बखूबी निभाते हुए अपनी बनावट और मंजावट करते आए हैं। उन्होंने कहा कि आज जब हम आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और चिप कम्युनिकेशन जैसी तकनीकियों की गिरफ्त में आते जा रहे हैं, तब अपनी प्रकृति, अपनी संस्कृति, अपनी परम्पराओं और अपनों के साथ नातेदारी बनाने को प्रेरित करते कुम्भ मेले बहुत जरूरी जान पड़ते हैं।डॉ. चोपड़ा ने कुम्भ से जुड़ी स्मृतियों को आंखों देखे हाल की तर्ज पर सुनाया। उन्होंने कहा कि बतौर पत्रकार मैंने 1989 से लेकर अब तक सभी अर्ध कुंभ, जिसे अब कुम्भ कहते हैं और पूर्ण कुम्भ, जिसे अब महाकुम्भ कहते हैं, की कवरेज की है। इसीलिए मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि कुम्भ मेरी रगों में बहता है।इसके पूर्व महाकुम्भ में बीएसएनएल द्वारा की गई व्यवस्थाओं और उपभोक्ताओं को मिल रही फोन सुविधाओं के सम्बंध में बीएसएनएल यूपी ईस्ट के महाप्रबंधक इंजीनियर विनीत वर्मा ने विस्तार से बताया। उन्होंने कश्मीर में जी20 समिट और अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना के समय की गई।

# महाकुंभ का पलट प्रवाह,पुलिस कमिश्नर उतरे सड़क पर, गलियों में भ्रमण

एजेंसी



वाराणसी। प्रयागराज महाकुंभ से लाखों श्रद्धालुओं के काशी पलट प्रवाह को देख पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल रविवार शाम अफसरों के साथ सड़क पर उतर आए। शहर क्षेत्र के साथ बाबा विश्वनाथ मंदिर के आसपास की प्रमुख गलियों में पैदल चलकर पुलिस कमिश्नर ने सुगम यातायात के लिए अफसरों को दिशा- निर्देश दिया। पुलिस कमिश्नर ने महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत श्री काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र, दशाश्वमेध घाट से लहुराबीर तक पैदल गश्त कर गलियों में हो रही भीड़ को देख अतिक्रमण हटाने पर खासा जोर दिया। सीपी ने कहा कि गलियों में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा के दृष्टिगत दुकानदारों के अतिक्रमण को हटाने के साथ दो पहिया वाहनों की पार्किंग भी न होने दे। मंदिर क्षेत्र के सड़कों के किनारे फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का निर्माण, सुगम यातायात में बाधक अतिक्रमण व बेतरतीब वाहनों की पार्किग न होने पाए। पुलिस कमिश्नर ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत भीड़ नियंत्रण के लिए समुचित प्रबन्ध, पर्यटकों के प्रति हो पुलिस का सहयोगात्मक व्यवहार रखने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ एस0 चनप्पा, पुलिस उपायुक्त सुरक्षा सूर्यकान्त त्रिपाठी, पुलिस उपायुक्त काशी गौरव वंशवाल ,अपर पुलिस उपायुक्त सरवणन टी. अपर पुलिस उपायुक्त यातायात एवं सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

## शक्ति के बिना सभी आराधना अधूरी : व्योम त्रिपाठी

**मुरादाबाद।** स्वास्तिक सेवा समिति मुरादाबाद के द्वादश वार्षिकोत्सव पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारम्भ रविवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा वाचक व्योम त्रिपाठी ने कहा कि मां भगवती के अद्भुत चरित्र का महत्व बताते हुए कहा कि शक्ति के बिना सभी अराधना अधूरी है। जिस जगह शक्ति नहीं होती है, वहां शिव भी शव के समान होते हैं। कथा स्थल श्री सनातन धर्म मंदिर, मिलन विहार से गाजे बाजे संग कलश यात्रा प्रारम्भ हुई। 251 महिलाएं पीताम्बर वस्त्रों में अपने सिर पर कलश रखकर चल रही थीं। कलश यात्रा में बैंड बाजे की धुन पर बज रहे भजनों पर भक्तों ने नृत्य किया। जगह-जगह पुष्प वर्षा से कलश यात्रा का स्वागत अभिनंदन हुआ। मिलन विहार की विभिन्न गलियों में घूमते हुए पुनः मंदिर पर पहुंचकर कलश यात्रा विसर्जित हुई।इसके उपरांत कथा वाचक व्योम त्रिपाठी द्वारा संगीतमय देवी भागवत के प्रथम दिवस की कथा का रसपान कराते हुए कहा कि माता ही शक्ति स्वरूप माँ जगत जननी है। उन्होंने कथा का महात्म सुनाते हुए कहा कि देवी भागवत समस्त शास्त्रों का सार है। उन्होंने दस महाविद्या के बारे मे बताया। कथा मे मुख्य रूप से समिति के संरक्षक विनय शर्मा, मनोज आहूजा, अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, संकल्प गुप्ता, वीके सिंह, रवि त्यागी, हिमांशु मिश्रा, एम वी शर्मा, अर्पित गांधारी, महिला अध्यक्ष श्री मति रीना आहूजा, रेणु गुप्ता, अंशु सिंह, अंशु गौर, लता दीक्षित, सरिता शर्मा, शशि अरोरा, मीरा सिंह, रजनी, भारती शुक्ला, प्रभा त्रिपाठी, तरूणा शर्मा आदि सभी समिति सदस्यों के साथ भक्तों ने कथा का आनंद लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

## झांसी में 4 प्रतिष्ठानों के 7 स्थानों पर जीएसटी का छापा, हड़कंप

**झांसी।** लम्बे समय से मिल रही शिकायतों के चलते जीएसटी विभाग ने देर शाम महानगर के 4 चर्चित प्रतिष्ठानों के 7 स्थानों पर छापेमारी की। अवध फूड्स, नंदी बटर काउंटर, न्यू अवध फूड्स और कुशवाहाजी फूड्स के मालिक बिना जीएसटी बिल के ही माल बेचकर टैक्स चोरी कर रहे थे। देर रात इसकी जानकारी जीएसटी विभाग के उच्चाधिकारी ने दी। छापेमारी से से व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर पुनीत अग्निहोत्री ने बताया कि 4 प्रतिष्ठानों के 7 स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की गई। इसमें अवध फूड्स के 4 स्थानों, न्यू अवध फूड्स, कुशवाहाजी फूड्स और नंदी बटर काउंटर के एक-एक स्थान पर छापा मारा गया। शिकायत मिल रही थी कि ये जीएसटी बिल जारी नहीं कर रहे हैं। कोई टोकन दे रहा है तो कोई बिना टोकन के ही सीधे माल दे रहा है।उन्होंने बताया कि खाने की चीजों पर मात्र 5 प्रतिशत टैक्स लगता है। एक काउंटर की मिनिमम सेल 50 हजार रुपए है। ये बहुत कम टैक्स दे रहे हैं। इन लोगों के बैंक खातों की जांच की जाएगी क्योंकि अधिकतर लोग क्यूआर कोड से पेमेंट करते हैं। वहीं, दुकान में जो कैश मिला है, उसके आधार पर सेल मानते हुए नियमानुसार टैक्स व जुर्माना वसूला जाएगा।

# नालों से निकलने वाली गंदगी गंगा को न करे दूषित, नहीं तो होगी कार्रवाई: जिलाधिकारी



एजेंसी

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह रविवार को महाकुंभ के दृष्टिगत एशिया के सबसे बड़े सीसामऊ नाले का मुआयना करने पहुंचे। इस दौरान नाले का सीवेज गंगा में जाता देख उन्होंने नगर निगम और जल निगम अधिकारियों से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इसे जल्द से जल्द साफ करवाइए। जिलाधिकारी ने सबसे पहले ग्वालटोली स्थित पंपिंग का निरीक्षण किया। यहां नाले से निकलने वाला सीवेज गंगा की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया। जिसे देख वह नाराज हो गए और उन्होंने नगर निगम प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रयागराज में दुनिया का सबसे बड़ा और पवित्र आयोजन हो रहा है। लाखों करोड़ों श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगा रहे हैं। यह उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ है। गंगा स्नान के दौरान सीवेज का पानी गंगा में बिल्कुल भी नहीं जाना चाहिए और अगर पानी जा भी जा रहा तो वह पंपिंग स्टेशन से पूरी तरह से ट्रीट होकर ही गंगा में जाये। जिसका समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा। यदि इसके बाद भी कोई ब्रेक डाउन हो तो उसका दूसरा विकल्प होना चाहिए। बिजली नहीं थी, जनरेटर खराब था। इस तरह की बहानेबाजी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उनके साथ नगर निगम और जल निगम के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षा में राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण में शिक्षक मुख्य भूमिका का निर्वाह करें : आनन्द त्यागी

एजेंसी



वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि समाज की दिशा और दशा दोनों शिक्षकों से ही निर्धारित होती है। सभी शिक्षक अत्यंत महत्त्वपूर्ण होते हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इन सभी को एक साथ जोड़कर विमर्श का अवसर प्रदान करता है।कुलपति रविवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश काशी महानगर इकाई की ओर से नीबिया, बच्छांव स्थित शेपा संस्थान परिसर में आयोजित युवा शक्ति सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

कुलपति प्रोफ़ेसर त्यागी ने कहा कि हमें राष्ट्र निर्माण की ओर छात्रों को मोड़ना है। भारत एक युवा देश है।

युवा शक्ति का सदुपयोग करके ही समाज और देश को आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान के बल पर ही हम दुनिया में आगे बढ़ सकते हैं। ज्ञान शिक्षकों के पास है। उसे हमें अपने विद्यार्थियों तक पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से पहुंचाना है। हमे केवल सूचना ही नहीं देना है बल्कि ज्ञान देना है। राष्ट्रीय चरित्र को सबसे ऊपर रखना होगा। हमें ज्ञान का नवाचार, संचयन करना है और उस ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाना होगा। सम्मेलन में महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आज़मगढ़ के कुलपति प्रोफ़ेसर संजीव कुमार ने कहा कि युवा ही किसी भी समाज के थाती होते हैं।

शिक्षक तो हमेशा युवा ही रहता है क्योंकि उसका मष्तिष्क हमेशा कुछ न कुछ नया सीखता रहता है। मानसिक रूप से युवा बने रहना ही असली युवा की पहचान है।हंडिया पी. जी. कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं विद्या भारती उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष डॉ. रघुराज सिंह ने कहा कि कर्तव्य के साथ ही सहयोग, सदभावना और सभी के प्रति प्रेम का बोध हो। हम सभी स्वावलंबी बनें, स्वाध्यायी बनें, इसका प्रयास होना चाहिए। सम्मेलन की अध्यक्षता महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पूर्व कुलपति एवं शेपा के निदेशक प्रो. पृथ्वीश नाग और विषय प्रवर्तन महासंघ के संरक्षक डॉ. दीना नाथ सिंह ने किया। संचालन डॉ. जगदीश सिंह दीक्षित, धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम सचिव अमिताभ मिश्रा एवं स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक प्रो. अंजू सिंह ने किया। इस अवसर पर अध्यापन के क्षेत्र में पूरी निष्ठा, नवाचार औ़र कर्तव्यपरायणता से अध्यापन करने वाले विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, माध्यमिक एवं प्राथमिक के कुल 34 युवा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में प्रो. दया शंकर यादव, डॉ. अरुण राय, प्रो. नलिन मिश्रा, डॉ. आशा सिंह, प्रो. माधवी तिवारी, प्रो. ओ. पी. चौधरी, डॉ. आस्था सिंह, डॉ. अर्चना आदि की उपस्थिति रही।

नागरिक सुरक्षा कोर के सुनील यादव द्वारा

# तहरी भोज एवं सम्मान समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । इंदिरा नगर ए ब्लॉक स्तिथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सम्मिलित होने वालों में श्री एस एन गुप्ता ( आईएएस ) ''विशेष सचिव'' महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश, श्री जितेंद्र कुमार दुबे अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी (लखनऊ), श्री हरेंद्र यादव उपसेना नायक ( राज्य आपदा मोचन बल ( एसडीआरएफ) उत्तर प्रदेश लखनऊ), पवन कुमार यादव (पीसीएस) लोकपाल लखनऊ एवं कई अन्य उच्च अधिकारी एवं अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लखनऊ के कई वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया तथा नागरिक सुरक्षा के वार्डनो को नियुक्ति पत्र भी दिए गए।

नागरिक सुरक्षा के विषय में नागरिक सुरक्षा संगठन एक ऐसा संगठन है जो नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए काम करता है। यह संगठन विभिन्न प्रकार की सुरक्षा सेवाएं प्रदान करता है, जैसे कि आपदा प्रबंधन, आग बुझाने, प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं, और सामुदायिक सुरक्षा कार्यक्रम।

नागरिक सुरक्षा संगठन के मुख्य उद्देश्य हैं- 1. नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए काम करना। 2. आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में सहायता प्रदान करना। 3. सामुदायिक सुरक्षा कार्यक्रमों को बढ़ावा देना। 4. प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना। 5. आग बुझाने और अन्य आपातकालीन सेवाएं प्रदान करना।

नागरिक सुरक्षा संगठन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन करता है, जैसे किः 1. सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम। 2. प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम। 3. आग बुझाने के प्रशिक्षण कार्यक्रम।

4. आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में सहायता प्रदान करना। 5. सामुदायिक सुरक्षा कार्यक्रमों को बढ़ावा देना।

# पूर्व खेल मंत्री अनुराग भदौरिया ने लाइव स्कोरर को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। प्रथम निगोहाँ प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के लाइव स्कोरर मो0 दानिश खान सुपुत्र मो0 शकील खान(पापा) ने निगोहाँ क्षेत्र में लाइव स्कॉरिंग ऐप्स के माध्यम से लाइव स्कॉरिंग कर सभी दर्शकों एवं क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया है। निगोहाँ क्षेत्र में पहली बार स्कोरर मो0 दानिश खान की वजह से क्षेत्र वासियों के साथ साथ दुबई सऊदी क़त्तर जैसे देशों में क्रिकेट प्रेमी इस क्रिकेट मैच का लाइव स्कोर देख पा रहे हैं और मो0 दानिश ख़ान की प्रसंशा भी कर रहे है। एन्द्वदद्धद्गन्धद्गप पर प्रथम निगोहाँ प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के पेज और इसके सभी लीग मैच मिलकर 40 हजार से ज्यादा व्यूवर्स आये हैं म आईजीसीएल के चेयरमैन एवं खेल विभाग के पूर्व खेल विभाग राज्य मंत्री अनुराग भदौरिया जी के द्वारा मो0 दानिश खान (लाइव स्कोरर ) को उपहार स्वरुप एनपीएल की टीशर्ट देकर उत्साह वर्धन किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें भी दी।




# उज्जवल भविष्य समूह की महिला ने खोला व्युटी पार्लर, ग्राम प्रधान ने किया उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। रविवार को क्षेत्र के समेसी कस्बे में एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य ने व्युटी पार्लर की दुकान का शुभारम्भ किया , समेसी निवासी मोनिका गुप्ता ने बताया कि वह समेसी ग्राम पंचायत में उज्जवल भविष्य महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। जिसमें जुड़कर वह रोजगार कर अपना भविष्य बनाना चाहती है। रविवार को व्युटी पार्लर का उद्घाटन समेसी ग्राम प्रधान अशोक कुमार व पंडित उमेश शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर प्रबुद्ध वर्ग प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक एस सी मिश्रा , पूर्व नगराम मंडल अध्यक्ष श्याम प्यारी , मुकेश कुमार, संजीव पटेल, राकेश गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

# यूसुफ अख्तर मेमोरियल अंडर14 क्रिकेट टूर्नामेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नमल क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में आयोजित एवं योगानंद क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए फाइनल मुक़ाबले में पैंथर्स क्रिकेट अकादमी ने नदीम क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया ।उत्कर्ष के 20 और अक्षत तिवारी ने 27 रन के योगदान से नदीम क्रिकेट अकादमी ने 29.3 ओवर में 134 रन बनाए। चित्रांश ने 4, राघव से 3,और रेहान ने 2 विकेट हासिल किए।जवाब में पैंथर्स ने सारिम के 45 ,अली अब्बास के 15, ऋत्विक जैन के 24 और प्रखर के 18 रन की बदौलत 34 ओवर में 137 रन बनाकर फाइनल मुकाबले को जीत लिया म चित्रांश को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। पारा हॉस्पिटल के संचालक डाक्टर मोहम्मद फ़ारूक़ डाक्टर फ़िरोजा फातिमा,मुख्य अतिथि सुमित गुप्ता, और मुज़फ्फर जी ने तेजस को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी,सारिम को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, राघव को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज,और इमरान को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र रक्षक का पुरस्कार प्रदान किया । आदिल पाशा और नदीम को सर्वश्रेष्ठ कोच के पुरस्कार से नवाजा गया।




# नगराम से बकरे को उठा ले गए कार सवार, मुकदमा दर्ज




कैनविज टाइम्स संवाददाता

## चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

नगराम, लखनऊ। रविवार को क्षेत्र के कस्बा से चार पहिया वाहन सवारों ने बकरियां चोरी कर ली, बकरी चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है, मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। नगराम कस्बा निवासी मोहम्मद ईशा ने चोरी का मामला दर्ज कराते हुए बताया कि बीते शुक्रवार को उसकी बकरियां कस्बा स्थित सहकारी संघ समिति लिमिटेड में घूम रही थी , कुछ देर बाद पता चला कि उसका एक बकरा कहीं गुम हो गया है , सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि लगभग पौने चार बजे चार पहिया वाहन (यूपी 32 पी इ 0389) उसके बकरे को दो अज्ञात लोगों के द्वारा गाड़ी के अंदर भरकर चुरा ले गए। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर लिया है, खोजबीन जारी है।

# मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्या ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ उत्तर विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के उत्तर मंडल 4 के युवा हृदय सम्राट यशस्वी लोकप्रिय मंडल अध्यक्ष श्रीमान शैलेंद्र मौर्या की अध्यक्षता में बूथ संख्या 298 पर कार्यकर्ताओं के साथ यशस्वी लोकप्रिय परम आदरणीय प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 118 वां संस्करण सुना गया। इस अवसर पर परम आदरणीय प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी ने विभिन्न राष्ट्रीय और सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार साझा कर देशवासियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष दिनेश पाल, भाजपा नेत्री गुड़िया निगम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फांसी लगाकर युवक ने गंवाई जान



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । गोसाईगंज कोतवाली के अंतर्गत गांव इचवलिया में 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान गंवाई।मृतक के पिता की ओर से दी गई लिखत सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इचवलिया निवासी हरिसिंह पुत्र स्व0 राम सिंह की ओर लिखित सूचना दी गई कि उनके पुत्र शिवम ने बीती रात फांसी लगा लिया । प्रार्थना पत्र के अनुसार पुत्र के मरने की जानकारी पिता को 19 जनवरी.2025 को सुबह लगभग 08.00 बजे हुई। एस0आई0 मनेन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचायतनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।

## दुकान के पास खड़ी लोडर चोरी

बंथरा,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बंथरा कस्बे में बीती 17/18 की रात्रि एक दुकान के पास में खड़ी लोडर चोरी हो गई। यहीं के निवासी के सौरभ सिंह पुत्र तकदीर बहादुर ने स्थानीय थाने पर उनकी लोडर चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। सौरभ सिंह के अनुसार उनके नाम रजिस्टर्ड लोडर यूपी 32 वाई एन 3467 को ग्राम बंथरा निवासी मोहम्मद इकबाल पुत्र मोहम्मद मुन्ना पिछले करीब एक माह से चला रहा था। 17 जनवरी को इकबाल लोडर लेकर शाम करीब 8 बजे आया और घर के बगल स्थित पौधों के गमले की दुकान पर दुकान के लेबर मोहम्मद आसिफ पुत्र जान मोहम्मद निवासी ताज नगर थाना दुबग्गा लखनऊ को चाबी देकर लोडर वहीं खड़ी कर चालक मोहम्मद इकबाल अपने घर चला गया। इसके बाद शनिवार करीब 9 मोहम्मद आसिफ ने घर पर आकर बताया कि मेरी महिंद्रा पिकअप लोडर दुकान के पास नहीं है तथा चाबी भी वहां नहीं है। सौरभ ने पिकअप की खोजबीन की किंतु उसका कहीं पता नहीं चला जिसके बाद शनिवार को बंथरा पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

# भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित सदस्यों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । को भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल के विकास नगर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ समारोह की अध्यक्षता कर रहे है प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह ने विकास नगर इकाई के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक एस0डी0सिंह वैसवारा उपस्थित रहें।शपथ लेने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में संरक्षक आचार्य दिनेश राकेश मिश्रा पार्षद अध्यक्ष योगेश चतुर्वेदी ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह महामंत्री हनुमंत सिंह कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, पी0 चक्रवर्ती मंत्री दीपचंद बंधानी अखिलेंद्र सिंह, संगठन मंत्री महावीर सेंगर आनंद सिंह, संयुक्त मंत्री पवन कश्यप, एसपी सिंह प्रचार मंत्री राजेंद्र कुमार राजेश शर्मा विधि सलाहकार अजीत प्रताप सिंह, सदस्य कार्यकारिणी माधवेंद्र शुक्ला और अजीत कुमार ने पद एवं गोपनियता की शपथ ली शपथ समारोह के बाद तहरी भोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक सौरभ तिवारी, प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार सिंह प्रदेश मंत्री एवं लखनऊ प्रभारी विनोद सिंह प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज दीक्षित प्रदेश कोषाध्यक्ष विवेक शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा विशाल रावत डॉक्टर उमेश राय संगठन मंत्री एसके मिश्रा उप मंत्री आरके सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी किशन सिंह जिला अध्यक्ष अवधेश विश्वकर्मा जिला विधि सलाहकार अनिल सिंह नहर रोड अध्यक्ष विजय गुप्ता महामंत्री मोहित सिंह पार्षद राघव राम तिवारी पार्षद मान सिंह यादव मंडल अध्यक्ष नरेंद सिंह देवड़ी लखनऊ जिला की पूरी टीम एवं नहर रोड की पूरी टीम उपस्थित रही।

# श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम , लखनऊ। क्षेत्र के बबैया में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार देर शाम को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे।

कथा वाचक श्री कृष्णानंद मृदुल जी महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। गांव बबैया में भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन समस्त गांव वासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

# राजकीय महिला महाविद्यालय , चालू ना होने के कारण छात्राओं को हो रही अनेक समस्याएं :संग्राम सिंह पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लहरपुर सीतापुर। जनविकास के अंतर्गत अल्पसंख्यक विभाग द्वारा किया गया राजकीय महिला महाविद्यालय का संचालन संगठक क्षेत्र में निर्मित पड़े राजकीय महिला महाविद्यालय का, सुचारू रूप से संचालन ना हो पाने के कारण बालिकाओं को उच्च शिक्षा हेतु हो रही परेशानियों का काफी सामना करना पड़ रहा था इस समस्या को देखते हुए जनता जनार्दन मंच के 'राष्ट्रीय अध्यक्ष संग्राम सिंह पटेल 'की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए डॉक्टर अपर्णा मिश्रा संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा ने पत्र के माध्यम से संग्राम सिंह पटेल को बताया कि राजकीय महिला महाविद्यालय का निर्माण प्रधानमंत्री जन विकास के अंतर्गत अल्पसंख्यक विभाग द्वारा किया गया है ।राजकीय महिला महाविद्यालय का संचालन संगठन , महाविद्यालय के रूप में किया जाना था। उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 23 अक्टूबर 2024 द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के, निर्मित महाविद्यालय, मैं कक्षाओं का संचालन ना होने के कारण बालिकाओं को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा था इस मामले को लेकर संग्राम सिंह पटेल के द्वारा कडी़ मेहनत की गई और सफलता भी उन्हें प्राप्त हुई लहरपुर की जनता संग्राम सिंह पटेल को अपना धन्यवाद ज्ञापित कर रही है ।

# करोड़ों की मेफ़ेड्रोन जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार, कथित डा. फरार

❒ नेपाल से लाकर भारत में बेचते थे आरोपी, दो नशा तस्कर रंगे हाथों गिरफ्तार, अस्पताल संचालक फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर-खीरी। लखनऊ की एंटी नारकोटिक्स विभाग की टास्क फोर्स ने सदर कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर शहर से सटे महेवागंज कस्बे के एक निजी अस्पताल में छापा मारकर दस करोड़ कीमत की एक किलो नशे की दवा (मेफोड्रान) बरामद की है। दो आरोपी भी पकड़े गए हैं, जो अंतरराज्यीय नशा तस्कर गिरोह के गुर्गे बताए जा रहे हैं। इनका साथी अस्पताल संचालक कथित डाक्टर खालिद भाग निकला हालांकि पुलिस उसकी तलाश मे बराबर दबिश दे रही है।एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि महेवागंज के निकट उल्ल नदी के किनारे स्थित रॉयल केयर मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में शनिवार दोपहर को छापा मारा गया। कार्रवाई शाम तक चली।

एंटी नारकोटिक्स की टास्क फोर्स ने मौके से राकेश विश्वकर्मा निवासी ग्राम अग्गर खुर्द थाना फूलबेहड़ और विक्रम सिंह निवासी ग्राम सुजानपुर थाना धौरहरा जनपद खीरी को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से एक किलो नशे की दवा बरामद हुई। मौके से अस्पताल संचालक डॉ. खालिद निवासी मोहल्ला शिवपुरी थाना कोतवाली सदर लखीमपुर नौ दो ग्यारह हो गया।

### नेपाल से कर रहे थे मेफोड्रान की तस्करी

एसपी संकल्प शर्मा के मुताबिक, गिरफ्तार नशा तस्करों ने बताया कि वह लोग नेपाल से मेफोड्रान की तस्करी कर सीमा से सटे जिलों में बेच देते हैं। शनिवार को भी वह लोग एक पार्टी को माल बेचने की फिराक में थे, लेकिन गिरफ्तार किए गए। मामले में सदर कोतवाली में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस खेल में और जो भी लोग शामिल होंगे, उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### निजी अस्पताल बना नशा तस्करी का अड्डा

बताया जाता है कि निर्माणाधीन इस निजी अस्पताल में लंबे समय से नशे का काला कारोबार चल रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया। मामले की गहराई से जांच की जा रही है, और अन्य संभावित आरोपियों को पकड़ने के लिए कार्रवाई जारी है।

# फैमिली केयर हॉस्पिटल द्वारा ओम कमल पब्लिक इंटर कॉलेज में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर सीतापुर। क्षेत्र के ग्राम लालपुर बाजार स्थित एक कॉलेज में आयोजित किया गया एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को ओमकमल पब्लिक इंटर कॉलेज में फैमिली केयर हॉस्पिटल के तत्वाधान में डॉक्टर अरविंद दीक्षित व डॉक्टर श्वेता अवस्थी के द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की उमड़ी भारी भीड़, डॉ अरविंद दीक्षित व डॉक्टर श्वेता अवस्थी ने लगभग 300 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की। डॉक्टर अरविंद दीक्षित ने बताया कि अधिकांश मरीज खांसी, जुखाम, बुखार व त्वचा रोग से ग्रसित पाए गए जिन्हें उचित परामर्श देकर दवाइयां दी गई। इस मौके पूर्व डाक विभाग अधीक्षक अवधेश दीक्षित, ओम कमल पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिव्य मिश्र , मनोज दीक्षित , सत्यनारायण दीक्षित, अंकित दीक्षित सहित भारी संख्या में मरीज व ग्रामीण उपस्थित रहें ।

# पालिकाध्यक्ष ने कैम्प कार्यालय गौशाला में सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात

❒ पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा– ''मन की बात' से मिलती है प्रेरणा

❒ गोला में पीएम के मन की बात! पालिकाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम के मन की बात का लाइव प्रसारण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से एक बार फिर देश की जनता के साथ संवाद किया। जिसमें बहुत-सी बातों के देशवासियों के साथ शेयर किया। इसी क्रम में कुम्हारन टोला गोला स्थित कैम्प कार्यालय गौशाला में नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 118वें प्रसारण को सुना।आज के कार्यक्रम में मोदीजी ने संविधान में सबके विकास, कल्याण की बात कहा, प्रयागराज के महाकुम्भ से सम्भव के संचार एवं एकता बढाने वाला कहा, अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ, स्पेस सेक्टर में नई उपलब्धि का जिक्र किया तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन करते हुए कहा कि मन की बात देश दुनिया के लोगो के विशेष पहल एवं कार्यो को पहचान दिलाने का प्रमुख प्लेटफार्म है।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन भूमि विकास बैंक उ0 प्र0 सुरजन लाल वर्मा, सभासद धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, नगर मंत्री राजीव वर्मा, शक्ति केन्द्र संयोजक सुनील मिश्रा, शक्ति केन्द्र प्रभारी विमलेश वर्मा, नगर मंत्री धीरज बाजपेई, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, विधानसभा संयोजक अमित शर्मा,आई टी बूथ अध्यक्ष रवि प्रजापति, प्रियंक शुक्ला, रजत गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, महामंत्री गीता दुबे, नगर उपाध्यक्ष सुमित्रा मिश्रा,सरिता गौढ,सीमा वर्मा, हिमांशु सिंह नगर महामंत्री युवा मोर्चा,काके सहगल,जीतू वर्मा, लवकुश अवस्थी आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से झोपड़ी में लगी आग, गाय बछड़ा की झुलस कर हुई मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सांडा/सीतापुर। थाना व कोतवाली बिसवां अंतर्गत ग्राम पंचायत सांडा के मजरा गोपालापुर गांव निवासी एक युवक के मड़ई में शनिवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से मड़ई के नीचे बंधी गाय और बछड़ा की झुलस कर मौत हो गई। साथ ही दो बछिया और एक बछड़ा झुलसने से घायल हो गए। बिसवां थाना पुलिस चौकी सांडा क्षेत्र के ग्राम गोपालापुर निवासी राजिंदर शनिवार की रात परिजनों के साथ सो रहे थे। इस दौरान रात करीब 3 बजे मड़ई में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें देख उन्होंने शोर मचाते हुए ग्रामीणों के साथ आग बुझाने का प्रयास शुरू किया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता मड़ई पूरी तरह जलकर राख हो गई। पशुपालक रमाशंकर ने बताया कि आग से मड़ई में बंधी गाय और बछड़ा की झुलस कर मौत हो गई साथ में दो बछिया और एक बछड़ा भी झुलस गए हैं। जो अभी जीवित है। मौके पर डायल 112 पुलिस व सांडा चौकी क्षेत्र पुलिस के साथ क्षेत्रीय लेखपाल ने जांच की साथ ही पशुचिकित्साधिकारी सांडा डॉक्टर राजेश प्रसाद ने घायल गौवंश का इलाज करवाया। प्रकरण पर लेखपाल सर्वेश कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा पशुपालक को तहसील कार्यालय से आर्थिक लाभ दिलाया जाएगा।

# रक्तदान नहीं बल्कि जीवनदान :सतीश मणि

❒ युवा रक्तवीर टीम द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 13 ने किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। कसया तहसील क्षेत्र के घेरा चौराहे पर रविवार को युवा रक्तवीर टीम कुशीनगर एवं श्री बालाजी चैरिटेबल ब्लड बैंक द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 20 लोगों ने रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया जबकि 13 लोगों ने रक्तदान किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सतीश मणि त्रिपाठी अध्यक्ष गन्ना विकास परिषद कसया ने कहा कि रक्तदान महादान है,इससे बढ़कर कोई दान नहीं हो सकता है।इसे रक्तदान नहीं बल्कि जीवनदान कहिए।रक्तदान किसी की जान बचाता है।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूनम जायसवाल जिला मीडिया प्रभारी भाजपा महिला मोर्चा ने कहा कि रक्तदान शिविर में महिलाओं व युवतियों को भी भाग लेना चाहिए जिससे कि किसी की जान बचाई जा सके।किसी का किया गया रक्तदान गर्भवती महिलाओं की भी जान बचाता है।ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है हर क्षेत्र में महिलाएं जब पुरुषों की बराबरी करती हैं।तो इसमें भी उनको आगे आना चाहिए।विशिष्ट अतिथि नीरज सिंह बिट्टू मनोनीत सभासद पडरौना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से जागरूकता बढ़ेगी।

और ग्रामीण इलाकों के लोग भी रक्तदान करके किसी की जान बचा सकेंगे।उन्होंने खुद रक्तदान किया।कार्यक्रम को ग्राम प्रधान उग्रसेन यादव,प्रधान प्रतिनिधि विजय तिवारी ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम का संचालन अवधेश पाण्डेय, रामायण यादव ने संयुक्त रूप से किया।आयोजक फिरोज अंसारी व बृजमोहन पटेल ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत व आभार ज्ञापित किया।रक्तदाता 48 वर्षीय शाबिर अंसारी आकर्षण का केंद्र रहे।इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजेश गुप्ता मुन्ना,रामजीत गुप्ता, असगर, मुदस्सिर, अनवर, बलिराम यादव, ऋषभ गुप्ता, सूर्य प्रकाश राय, ओमकार यादव, प्रिय तिवारी, सौम्या उपाध्याय, जमालुद्दीन, सिकंदर, आफताब, आर.के. भट्ट ,मनोज चौबे आदि लोग मौजूद रहे। इन्होंने किया रक्तदान-अजहरुद्दीन अंसारी,अब्दुल मजीद, नीरज सिंह बिट्टू,नवल किशोर मद्देशिया, शहीद अली,प्रद्युम्न यादव, अशफाक आलम,अखिलेश मद्देशिया, देवेन्द्र, नौशाद अली,शाबिर अंसारी,गोबिंद रावत,क्यामु आलम ने रक्तदान किया।

# एटीएस के निरीक्षक संतोष तिवारी को मिला जयशंकर प्रसाद पुरस्कार



❒ राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक द्वारा आज एटीएस में नियुक्त निरीक्षक श्री संतोष तिवारी को साहित्य लेखन के लिए 'जयशंकर प्रसाद' पुरस्कार प्रदान किया गया उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के पुरस्कार सरकार द्वारा भाषा और साहित्य को बढ़ावा दिए जाने के लिए राजकीय कर्मियों को शासकीय सेवा के साथ-साथ साहित्यिक क्षेत्र में पुस्तक लिखने के लिए प्रतिवर्ष दिया जाता है, इस क्रम में श्री संतोष कुमार तिवारी की पुस्तक ' ये जरूरी तो नहीं' काव्य संग्रह के लिए इस वर्ष का जयशंकर प्रसाद पुरस्कार दिया गया इस वर्ष राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा कुल चौबीस उत्कृष्ट पुस्तकों को पुरस्कृत करने हेतु चयन किया गया था जिसमें से श्री संतोष तिवारी की पुस्तक भी एक थी सभी पुस्तकों के लेखकों को एक-एक लाख रुपए, साल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उप मुख्य मंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सचिव मुख्यमंत्री श्री सूर्यपाल गंगवार , श्री अखिलेश मिश्रा, श्री वेदपति संस्थान की महामंत्री डॉ सीमा गुप्ता पूर्व अध्यक्ष श्री दिनेश चंद्र अवस्थी सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए वरिष्ठ साहित्यकार उपस्थित थे इसके पूर्व भी संतोष कौशिल की पुस्तक मेमसाब को 2016 मे अमृतलाल नगर पुरस्कार मिल चुका है वर्तमान में श्री संतोष तिवारी उ0प्र0 राज्य विज्ञान संस्थान लखनऊ के जनसंपर्क अधिकारी भी हैं ।

## इकलौता था सुधीर, ग्राम प्रधान के घर मातम



**मछरेहटा–सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत राजेपारा के प्रधान राजकुमार निवासी बहादुरपुर का इकलौता बेटा राजकमल उर्फ सुधीर (23) एक सड़क हादसे मे मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक सुधीर विवाहोत्सव मे शामिल होने के लिए अपनी बुआ के यहां गया था इसी बीच शनिवार की रात को लखीमपुर से लौटते हुए हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराने के कारण सुधीर की मौत गयी, खबर सुनते ही पूरे गाँव मे हाहाकार मच गया है और ग्राम प्रधान का परिवार इकलौता चिराग बुझने के कारण बेसुध है।

## आठवें वेतन आयोग की घोषणा स्वागत योग्य कदम।

**बिसवां (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षकों की बहुप्रतीक्षित मांग वेतन आयोग के लागू किये जाने की घोषणा से जनपद के शिक्षकों में हर्ष की लहर है। सभी ने इस कदम की सराहना व स्वागत किया है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ सीतापुर के जिलाध्यक्ष मुरारीलाल श्रीवास्तव ने कहा है की सातवें वेतन आयोग के लागू होने के बाद शिक्षकों को सम्मान जनक वेतन मिल रहा है। देश में हर 10 वर्षों बाद वेतन पुनरीक्षित किये जाने हेतु आयोग गठित होता है।आठवें वेतन आयोग का कार्यकाल जनवरी 2026 से प्रारम्भ होना है। केन्द्र सरकार ने एक वर्ष पहले ही घोषणा करके यह निश्चित कर दिया है कि आठवें वेतन का लाभ नियत समय पर ही दिया जायेगा।माननीय प्रधानमंत्री ने शिक्षकों व कर्मचारियों को यह सौगात देकर अपनी जिम्मेदारी को निभाया है। प्रदेश सरकार माननीय मुखमंत्री जी से भी शिक्षकों को उम्मीदें बढ़ गई हैं क्योंकि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री केन्द्र के हर फैसले को प्रदेश में सबसे पहले लागू किये जाने के लिए ही प्रसिद्ध हैं और इसका लाभ उन्हें 2027 में मिलना स्वाभाविक है। जनपद के हजारों शिक्षकों ने सही समय पर शिक्षक हित में उठाये गये इस कदम की मुक्त कंठ से सराहना की है।

## महिला मित्र के शौक पूरे करने के लिए बैंक लूटने के इरादे से घुसा था युवक

**कानपुर।** घाटमपुर के पतारा स्थित एसबीआई बैंक में शनिवार को सुरक्षाकर्मी और दो बैंकर्मियों के साथ खून खराबा कर घायल करने वाले युवक की पहचान घाटमपुर के संचितपुर गांव निवासी लवी के रूप में हुई है। वह बीएससी तृतीय वर्ष का छात्र है। आरोपित ने बताया कि उसकी महिला मित्र हमेशा समान और रुपये की मांग करती है। उसी के शौक को पूरा करने के लिए उसने बैंक लूटने की साजिश रची थी। कस्बा पतारा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) में लूट के इरादे से घुसा युवक हाथापाई के दौरान घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। होश में आने के बाद रविवार को उसने चौकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि वह घाटमपुर के संचितपुर गांव का रहने वाला है। वर्तमान में वह हरदेवी स्मृति कालेज से बीएससी तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। उसके पिता अवधेश किसानी करते हैं, जबकि बड़ा भाई अभय राजधानी दिल्ली में निजी कंपनी में नौकरी करता है। इस घटना के बाद से ही आरोपित के परिजन भी हैरान हैं क्योकि शनिवार की सुबह वह घर से मंदिर जाने की बात बोलकर निकला था, लेकिन वह बैंक कैसे पहुंच गया। मामले को लेकर सहायक पुलिस आयुक्त रंजीत कुमार ने बताया कि बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपित के पास से धारदार हथियार और एक देशी कट्टा भी बरामद हुआ था जिसे लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही है।

## प्रोजेक्ट मिलन ने फिर जोड़े रिश्तों के टूटे तार

मीरजापुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में संचालित प्रोजेक्ट मिलन ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। महिला परिवार परामर्श केन्द्र ने रविवार को 05 बिछड़े दम्पतियों को काउंसिलिंग के माध्यम से पुनः एक साथ रहने के लिए राजी कर लिया। इन विवाहित जोड़ों के बीच विभिन्न कारणों से दूरियां आ गई थीं लेकिन काउंसिलिंग प्रक्रिया ने उनकी आपसी समझ और विश्वास को पुनः स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यवाही के दौरान प्रभारी महिला उप निरीक्षक रीता यादव, मुख्य आरक्षी ममता तिवारी और सावित्री यादव, महिला आरक्षी कविता पाल व सपना समेत सदस्यगण निर्मला राय उपस्थित रहीं।

## मुरादाबाद महानगर में निकली तिरंगा यात्रा

**मुरादाबाद।** भारत के अमृत काल के 76 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को जिले में तिरंगा यात्रा कंपनी बाग स्थित गांधी पार्क से निकाली गई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भाजपा नगर विधायक रितेश गुप्ता ने तिरंगा लहराकर किया। तिरंगा यात्रा गांधी पार्क से प्रारंभ होकर फुब्बारा चौक, दिल्ली रोड होते हुए रामलीला मैदान लाइनपार में पहुंचकर समाप्त हुई। इस मौके पर नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि देशभर में तीन वर्ष पहले आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़कर पंच प्रण का संकल्प लिया था। हर घर तिरंगा के माध्यम से भारत के आन, बान, शान का प्रतीक तिरंगा लहराने का काम किया गया था। वर्ष 2022–23 में उत्तर प्रदेश में 05 करोड़ से अधिक घरों पर तिरंगा लहराने का कीर्तिमान स्थापित किया था।

# सभी सनातनी कुंभ पहुंचकर स्नान कर अपना जीवन सफल बनायें :राजलक्ष्मी मंदा



एजेंसी

कानपुर। महाकुंभ संगम स्नान लिए समाज को प्रेरित करने के उद्देश्य से आओ नहाओ का संदेश लेकर चार राज्यों के 36 जिलों से दो हजार किलोमीटर की यात्रा पर निकली राजमाता राजलक्ष्मी मंदा उर्फ बुलेट रानी रविवार को कानपुर से पावन नगरी चित्रकूट के लिए रवाना हुईं। सोमवार को उनकी यात्रा कुंभ नगरी प्रयागराज पहुंचकर समाप्त होगी। इससे पहले राजलक्ष्मी मंदा उर्फ बुलेट रानी शनिवार को कानपुर पहुंची थी। यहां पर भाजपा कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया था। रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह जुलूस के रूप में भाजपा का झंडा दिखाकर उन्हें चित्रकूट के लिए रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि दुनिया भर में मौजूद हिंदुओं को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है और इसके लिए महाकुंभ से अच्छा अवसर नहीं हो सकता है। जहां देश ही नहीं दुनिया भर से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। अपनी इस यात्रा के माध्यम से उन्होंने शहर वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू भक्ति में शक्ति है। धर्म और संस्कृति रक्षा के लिए सनातन धर्म आवश्यक है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहनों के साथ बुलेट रानी को कानपुर की सीमा तक जलूस के रूप में ले जाया गया।

# ठंड में बेजुबानों का रखें ध्यान नहीं तो बढ़ सकती है मुश्किलें :डॉ. शशिकांत

एजेंसी

कानपुर। उत्तर प्रदेश में शीत लहर के चलते आमजन के साथ-साथ बेजुबान भी परेशान है। जनवरी और फरवरी के मौसम में सर्दी अपने प्रचंड रूप में कहर बरपाती है इसलिए ठंड के मौसम में अगर पशुओं के खान-पान एवं प्रबंधन पर ध्यान न दिया जाए तो नवजातों की मृत्यु दर बढ़ जाती है। क्योंकि सर्दी के मौसम में अंदर एवं बाहर के तापमान में काफी अंतर होता है। ऐसे में फरवरी के मौसम तक पशुओं को अच्छी मात्रा में पौष्टिक आहार खिलाना चाहिए। यह बातें रविवार को सीएसए के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत ने दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण समापन के दौरान कही। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) द्वारा संचालित दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत चयनित ग्राम खलकपुर में आयोजित दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का समापन हुआ।



जिसके अंतर्गत किसानों को केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत ने बताया कि ठंड के मौसम में अन्य मौसम की अपेक्षा पशु की संपूर्ण आहार की आवश्यकता का बीस प्रतिशत अधिक दाना देना चाहिए। जनवरी के मौसम में काफी ठंड पड़ती है लेकिन फरवरी के महीने तक सावधान रहना पड़ता है। जिसमें सभी पौष्टिक तत्व जैसे कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, जल, खनिज लवण एवं विटामिन उचित मात्रा में होना चाहिए। सभी पोषक तत्व हरे चारे जैसे- जाड़े में बरसीम, लूसर्न, जई में पाए जाते हैं। प्रोटीन एवं वसा की पूर्ति के लिए लगभग सभी प्रकार की खलिया व अनाज के दाने को पशु आहार में प्रयोग करना चाहिए। विटामिन तो हरे चारे से मिल जाती है लेकिन खनिज के लिए खड़िया गेहूं का चोकर या बाजार का प्रयोग करना चाहिए। सर्दियों में नवजात बच्चों को बहुत देखभाल की आवश्यकता होती है। अगर इसमें लापरवाही बढ़ती गई तो डायरिया एवं निमोनिया का संक्रमण नवजात में बहुत तेजी से फैलता है। जिससे बच्चों की मृत्यु संभावित है। ऐसी स्थिति में बच्चों के सुबह-शाम बोरी से ढक कर रखना चाहिए। डॉ. निमिषा अवस्थी ने कृषक महिलाओं को बताया कि इस समय पर्याप्त मात्रा में बथुआ मौजूद है। जिनका सेवन करने से महिलाओं में रक्त अल्पता की कमी को दूर किया जा सकता है। किसान अपने पशुओं को स्वच्छ एवं ताजा पानी भरपूर मात्रा में पिलाएं जिससे पशुओं में पानी की कमी न होने पाए। इस मौके पर गांव के प्रधान देवी प्रसाद सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# भाजपा नेता और बीडीओ खुटार ने स्वामित्व योजना के तहत लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

❒ देश की मोदी सरकार की ओर से लागू की गई है स्वामित्व योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




खुटार। शनिवार को देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के करीब 50 हजार से अधिक गांव के लगभग 58 लाख लाभार्थियो को स्वामित्व योजना के तहत प्रमाण पत्र वितरण एवं लाभार्थियो से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसके तहत ब्लॉक सभागार मे भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण दिखाया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान मंडलाध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी और खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्र ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम मे आमंत्रित किए गए स्वामित्व योजना के 56 लाभार्थियो को स्वामित्व योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर मुख्य अतिथि विजय शंकर अवस्थी ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार सभी के हितो मे तमाम प्रकार की योजनाए चला रही है। उन्ही योजनाओ मे से एक योजना स्वामित्व योजना भी है। इससे लाभार्थी को उनके घर मकान का स्वामित्व मिल रहा है। इस मौके पर एडीओ पंचायत अनुराग शर्मा, मुनीश कुमार राठौर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# विद्युत समस्याओं का निर्धारित समय सीमा के अनुसार किया जाए समाधान : वित्त मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में नगर निगम की विद्युत समस्याओं को लेकर बैठक महापौर अर्चना वर्मा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश एस, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह एवं समस्त पार्षदों तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ विकास भवन सभागार में आहूत की गई। बैठक में पार्षदों द्वारा खराब, झुके, नीचे से गले विद्युत पोल, नए पोल लगवाने, रास्ते से पोल शिफ्ट करने, जर्जर विद्युत तार, विद्युत तारों का मकड़ जाल सही करने, लूज विद्युत तार कसने, नई विद्युत बंच केबिल पड़ने, नए ट्रांसफार्मर लगने, ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने तथा ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करने सहित आदि समस्याएं उठाई गई। मंत्री ने एक-एक पार्षद की वार्डवार विद्युत की समस्याओं को सुना तथा विद्युत विभाग के अभियंताओं से की कार्रवाई के संबंध में जानकारी तथा उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत की समस्याओं के निस्तारण की तिथियां निर्धारित करते हुए समाधान करना सूचित करें। उन्होंने अभियंताओं को निर्देश दिए कि पिछले 3 वर्षों में विद्युत विभाग द्वारा कराए गए कार्यों का एस्टीमेट प्रस्तुत किया जाए और अवगत कराया जाए कि क्या-क्या सामान मिला है और कहां-कहां प्रयोग किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि वार्डो में गले हुए विद्युत पोलों की बिल्डिंग कराई जाए तथा जहां आवश्यकता है वहां पर नए पोल लगाए जाएं और जो पोल हटाने वाले हैं उसे हटाया जाए। उन्होंने कहा कि ढीले विद्युत तारों को कसा जाए। बैठक में पार्षदों द्वारा अवगत कराया गया कि कई अधिशासी अभियंताओं सही से व्यवहार नहीं करते हैं और ना ही फोन रिसीव करते हैं। मंत्री जी ने कड़ी फटकार लगाते हुए अभियंताओं को निर्देश दिए कि व्यवहार एवं कार्यशैली में सुधार लाएं तथा सभी से फोन पर वार्ता कर, उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बिजली विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए कि विद्युत समस्याओं को मौके पर जाकर पार्षदों के साथ निरीक्षण कर समाधान कराना सुनिश्चित करें। पार्षदों द्वारा नगर निगम की खराब स्ट्रीट लाइटों की समस्या बताने पर मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीम बनाकर सभी वार्डो का सर्वे कर खराब स्ट्रीट लाइटों को सही कराएं तथा जो बदलने वाली हो उसे बदलें। बैठक में मंत्री जी ने विद्युत विभाग के अभियंताओं से कहा कि यह बैठक समस्याओं के समाधान के लिए है टालने के लिए नहीं है, समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग द्वारा लगभग 20-25 प्रतिशत विद्युत बिल गलत बनाने की शिकायत मिलती है इसमें सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत कनेक्शन काटने के बाद उपभोक्ता का विद्युत बिल नहीं आना चाहिए। विद्युत पोलों पर करंट उतरने की शिकायत मिलने पर मंत्री ने विद्युत विभाग को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मंत्री ने विद्युत विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए कि विद्युत समस्याओं की जो तिथियां तय की गई है उन्ही के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें।

## लड़की को बैठाकर गाड़ी पर कर रहा था स्टंट विडिओ वायरल पुलिस ने 6000 हजार का काटा चालान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

इटावा । पुलिस द्वारा मोटर साइकिल पर स्टंट करने वाले युवक के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये मोटर साइकिल का एमबीएक्ट की विभिन्न धाराओं में किया गया 6,000/- रूपये का चालान । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में इटावा पुलिस द्वारा स्टंट करने वालों के विरूद्ध निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है इसी के क्रम में आज 01 मोटर साइकिल पर युवक का स्टंट करते हुये रील बनाते हुये वीडियो प्राप्त हुआ जिसका तत्काल सोशल मीडिया सेल इटावा द्वारा संज्ञा न लेते हुये प्रभारी यातायात इटावा को अवगत कराते हुये *मोटर साइकिल का एमबीएक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 6,000/- रूपये का चालान किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा सभी अभिभावकों से अपील की जाती है कि मोटर साइकिल/कार चलाते समय स्टंट न करें तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा बच्चों को मोटर साइकिल/कार से स्टंट न करने दें इटावा पुलिस द्वारा मोटर साइकिल/कार पर स्टंट करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी है ।

# कोहिनूर फैशन का पूर्व मंत्री सुखदा मिश्रा ने फीता काटकर किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

इटावा। शहर के रोड़वेज तिराहा निकट फर्रूखाबाद फाटक स्थित देव कॉम्प्लेक्स स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री अरुण कुमार उर्फ अन्नू गुप्ता व महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता अन्नू गुप्ता व वैशाली गुप्ता के नवीन प्रतिष्ठान 'कोहिनूर फैशन' का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व सांसद सुखदा मिश्रा ने फीता काटकर किया। पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद सुखदा मिश्रा ने गुप्ता परिवार को नवीन प्रतिष्ठान हेतु शुभकामनाएं भेंट कर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कोहिनूर शोरूम के प्रोपराइटर अरुण कुमार उर्फ अन्नू गुप्ता ने कहा कि शोरूम का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहतर सेवा देना है। शादी सीजन में ग्राहकों को कंपनी की ओर से जो भी आफर आएंगे उसे ग्राहकों को दिया जाएगा।कोहिनूर शोरूम महिलाओं के फैशन के नवीनतम रुझानों की पेशकश करने का वादा करता है, जिसमें हर अवसर के लिए आकर्षक कलेक्शन उचित दर पर उपलब्ध होंगे ।शुभारंभ कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद सुखदा मिश्रा, पूर्व




सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, शोरूम प्रोपराइटर व जिला महामंत्री अरुण कुमार उर्फ अन्नू गुप्ता व विनीता गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, वैशाली गुप्ता, साक्षी गुप्ता, देव गुप्ता, राजू तिवारी, संजय सक्सेना, संजय तिवारी, मंजुल चतुर्वेदी, रमन चतुर्वेदी, सुनीता गुप्ता, साधना सक्सेना, आलोक उर्फ कल्लू गुप्ता, समीर सक्सेना, सतीश तिवारी, सार्थक सक्सेना, रॉकी भदौरिया, पुष्पेंद्र गुप्ता, मुन्ना मिश्रा सहित गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहें।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविरों का किया गया आयोजन:डॉ0 के के सक्सेना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



इटावा। इन्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी विश्व हिन्दू परिषद एवं अपना दल (एस) के सयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में निःशुल्क चिकित्सा ऑपरेशन , जिला अन्धता निवारण समिति के सहयोग से श्री बालाजी (धर्मार्थ) आई हॉस्पीटल , सुन्दरपुर रोड , के , डॉ0 विवेक शर्मा , डॉ0 योगश , डॉ0 तपस्या एवं डायरेक्टर डॉ0 एस के दुबे द्वारा किये गये। नेत्र चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र पाल (एडवोकेट) जिला महामंत्री -बार ऐसोसिएशन , इटावा ,ममता कुशवाहा- जिला मंत्री भाजपा , एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में राजेश कुमार वर्मा - वरिष्ट अधिवक्ता , , सुशील तिवारी - जनरल मैनेजर श्री राम फर्टिलाइजर्स , देवराज पटेल - जू0 स्टोर ऑफीसर - रिम्स सैफई , नूतन मिश्रा - स्वास्थ्य प्रभारी - इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी ,रमेश कुमार चौधरी - सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं दीपक द्विवेदी ने सामूहिक रूप से निःशुल्क नेत्र शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। आयोजक - डॉ केके सक्सेना चेयरमैन - इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी / उपाध्यक्ष - विश्व हिन्दू परिषद , ने उक्त जानकारी देते हुए बताया उक्त शिविर में 19 नेत्र रोगियों के ऑपरेशन किये तथा यह भी बताया कि निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविरों का आयोजन लगातार चलता रहेगा।आयोजक -डॉ0 हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य - अपना दल (एस) / सचिव - इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी , ने डॉ0 एस0के दुबे - डायरेक्टर , श्री बाला जी आई हॉस्पीटल , की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आप जनपद - तथा आस- पास के नेत्र रोगियों के लिए विशेष सुविधा प्रदान करअद्वितीय कार्य कर रहे है नेत्र शिविर को नींव की ईंट की तरह सफल बनाने में अपना दल (एस) के जिला सचिव- डॉ0 सुधीर (पंकज) अपनी टीम के साथ तथा श्री बाला जी आई ( धर्माथ) हॉस्पीटल के स्टाफ डॉ0 रंजना , डॉ0 विनीता , डॉ अनिमेष दुबे , मोनू दीक्षित , मनोज प्रताप सिंह , श्रष्टि राजपूत एवं हरिओम शंखवार का सराहनीय योगदान रहा।

## इंजीनियर की हत्या मे एक महिला को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



इटावा। थाना सिविल लाइन पुलिस ने इंजीनियर की हत्या की घटना कारित करने वाली 01 वाँछित अभियुक्ता को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया यूपी 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी राघवेंद्र यादव निवासी वृन्दावन कालोनी थाना सिविल लाइन ने अपने घर में आग लगा ली है । सूचना पर तत्काल थाना सिविल लाइन पुलिस, जनपदीय फोरेंसिक टीम एवं उच्चाधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया । थाना सिविल लाइन पुलिस टीम तथा फोरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुये अधजली अवस्था मे मिले मृतक राघवेन्द्र उपरोक्त के शव को कब्जे मे अग्रिम कार्यवाही करायी गयी । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन मे उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया । मृतक राघवेन्द्र उपरोक्त के पुत्र प्रिन्स यादव पुत्र राघवेन्द्र सिंह यादव निवासी ग्राम सुभानपुर थाना अछल्दा जनपद औरैया हाल निवासी वृन्दावन कालोनी थाना सिविल लाइन द्वारा थाना सिविल लाइन पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि रात्रि को मेरी माँ द्वारा मेरे पिता की हत्या कर दी गयी जिसके क्रम में थाना सिविल लाइन पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्ता पत्नी को गिरफ्तार किया जा चुका है एवं 01 अन्य वाँछित अभियुक्ता की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं हत्या की घटना को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे थाना सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी ।

इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मु0अ0सं0 05/2025 से सम्बन्धित 01 अभियुक्ता को आईटीआई चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया । पुलिस टीम निरी0 यशवन्त सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ0नि0 सिपाहीलाल, का0 मोहित, म0का0 संजना जुरैल द्वारा कार्यवाही की गई ।

## हीरक जयंती वर्ष में आर्टिस्ट इन रेजीडेंस योजना शुरू करेगा गोविवि

**गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय अपने हीरक जयंती वर्ष में परिसर में यूजीसी की आर्टिस्ट इन रेजिडेंस योजना का क्रियान्वयन शुरू करेगा। इसके अंतर्गत चित्र कला, संगीत, नृत्य, नाट्यकर्म और लोक कलाओं के प्रवीण कला गुरु एक विशेष अवधि तक प्रवास करते हुए अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे तथा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण भी देंगे।विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन के मुताबिक यह योजना कला और शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल समाज में कलाओं की प्रतिष्ठा और बढ़ेगी बल्कि कई लुप्तप्राय कलाओं को संजीवनी भी मिलेगी। साथ ही साथ विद्यार्थियों को भी कला के क्षेत्र में करियर बनाने का मौका मिलेगा जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के समग्र उद्देश्यों के अनुरूप है।इस योजना के अंतर्गत पेशेवर कलाकार, कारीगर और कला गुरु विश्वविद्यालय में रहकर छात्रों को प्रशिक्षण देंगे और अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस विशेष अवधि में विश्वविद्यालय उन्हें प्रवास एवं अन्य उपयोगी सुविधाएं प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय शीघ्र ही अपनी वेबसाइट पर योजना का पूरा विवरण जारी करते हुए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करेगा। चयन प्रक्रिया के पश्चात विभिन्न कला साधक अलग अलग अवधि में परिसर प्रवास करेंगे।

## बंधक बनाकर लूट करने वाले 4 अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने की गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही

**गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा संगाठित अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कैण्ट द्वारा गैंग लीडर लक्ष्मीकांत सिंह उर्फ राणा सिंह उर्फ अजय सिंह पुत्र जगदीश नारायण सिंह निवासी ग्राम परमेठ थाना करंडा जनपद गाजीपुर व गैंग के 3 अन्य सदस्य बृजेश राम पुत्र रामभवन राम निवासी गुरवा (महारानी) थाना चितबड़ागांव जनपद बलिया, अंगद कुमार पुत्र राम मिलन निवासी आबादी शखनी थाना गुलरिहा गोरखपुर तथा वासुदेव शर्मा पुत्र संजय शर्मा ग्राम सटोरा थाना सिकरीगंज गोरखपुर के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी । उक्त गैंग का लीडर लक्ष्मीकांत सिंह उर्फ राणा सिंह उर्फ अजय सिंह स्वयं और अपने गिरोह के 3 अन्य सदस्यों के साथ मिलकर भौतिक दुनिवादी व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से सामूहिक रुप से एक संगाठित गिरोह बनाकर लूट का अपराध कारित करते रहते है। गैंग के सरगना एवं अन्य 3 सदस्यों का सामान्यतः आमजन मानस में भय एवं आतंक व्याप्त है, जिसके कारण इनको स्वतंत्र विचरण करने से रोकने एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर द्वारा अनुमोदित गैंग चार्ट तैयार कर गैंग लीडर लक्ष्मीकांत सिंह उर्फ राणा सिंह उर्फ अजय सिंह व गिरोह के अन्य 3 सदस्यों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मु0अ0सं0 47/2025 धारा 2(बी) (त्र) (इ्त्र), 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द निवारण अधि0 पंजीकृत किया गया है ।

## एसपी ने बदले 11 निरीक्षकों समेत 15 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र

**गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसपी कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा ने देर रात 11 इंस्पेक्टरों समेत 15 उप निरीक्षकों के तबादले किए हैं। जानकारी के अनुसार हर्षवर्धन सिंह को प्रभारी निरीक्षक नेबुआ नौरंगिया से प्रभारी निरीक्षक खड्डा, निरीक्षक राजू सिंह को अपराध शाखा से प्रभारी निरीक्षक बिशनपुरा, अजय मौर्या को प्रभारी निरीक्षक कुबेरस्थान से सम्मन सेल, मनीष पांडेय को को प्रभारी जन सूचना सेल से प्रभारी निरीक्षक हनुमानगंज, गिरजेश उपाध्याय को प्रभारी निरीक्षक कसया से प्रभारी जन सूचना सेल, राजेश कुमार प्रभारी निरीक्षक बरवा पट्टी से साइबर थाना, राम सहाय चौहान को प्रभारी निरीक्षक बिशनपुरा से प्रभारी निरीक्षक नेबुआ नौरंगिया ओम प्रकाश तिवारी को प्रभारी निरीक्षक हनुमानगंज से प्रभारी निरीक्षक कसया, महेंद्र प्रजापति को बाचक पुलिस अधीक्षक से प्रभारी निरीक्षक बरवा पट्टी, निरीक्षक भूपेंद्र कुमार दुबे को मीडिया सेल अपराध निरीक्षक कप्तानगंज, मनमोहन मिश्रा को अपराध निरीक्षक तमकुहीराज से लाइन, अनिल सिंह को एस ओ खड्डा से डीसीआरबी, श्री प्रकाश राय को एस ओ सेवरही से अपराध शाखा,स्वतंत्र कुमार सिंह को चौकी प्रभारी हाइवे कुशीनगर से एस ओ कुबेरस्थान तथा धीरेन्द्र राय को चौकी प्रभारी सिधुआ से थानाध्यक्ष सेवरही बनाया गया है।

## खेल से शारीरिक व मानसिक विकास को मिलती है गतिः चंद्रपाल

**गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खोराबार ब्लॉक के ग्राम सभा अकोलही में आयोजित जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रनेता 'एडवोकेट' चंद्रपाल सिंह यादव रहे। श्री यादव ने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, राप्ती नदी और गोर्रा के तटीय ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेलों का आयोजन युवाओं में शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ सामाजिक समरसता को भी मजबूती प्रदान करेगा। हमारे ग्रामीणांचल के युवाओं में वो सभी सकारात्मक ऊर्जा, क्षमता और पराक्रम है जो एक सफल खिलाड़ी में चाहिए, बस जरूरत है इस समुद्र से मोती तराशने की। साथ ही इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा युवाओं को जरूरी संसाधन और अवसर देने के लिए प्रयास करना चाहिए, जिससे राप्ती नदी और गोर्रा तट पर बसे गांवों डांगीपार से लेकर सोनवे, सेमरामानिक चक, कुई बाजार और गौर, अकोलही, पोछिया तक के खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके।इस अवसर पर अर्पित कसौधन, सुजीत यादव, धीरज चौधरी, घनश्याम निषाद, अभिषेक, इब्राहिम खां, आमिर अंसारी, अमन साहनी आदि मौजूद रहे।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**खुटार कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उच्च अधिकारियों के निर्देशन अनुसार रविवार को मुखबिर की सूचना पर खुटार पुलिस उप निरीक्षक रतिराम सिंह व उप निरीक्षक सोहनलाल साथ में हेड कांस्टेबल विद्यासागर व कांस्टेबल विकास यादव ने पूरनपुर रोड पर फ्लावर के नीचे से अभियुक्त वीरेंद्र पुत्र रमेश चंद्र निवासी ग्राम करनपुर निवाह थाना फरधान जनपद खीरी व दूसरा साथी रमेश कुमार पुत्र कढिले निवासी ग्राम परसेरा बुजुर्ग थाना फरधान जनपद खीरी को समय 4:30 एक चोरी की मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर ठ्घ्32ख्ख्9688 के साथ गिरफ्तार किया जिसके पास से काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर ठ्घ्32ख्ख्9688 की बाइक बरामद की दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना पर विधिक कार्रवाई कर न्यायालय समक्ष पेश किया गया है

## महाराणा प्रताप युवा मंडल अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने बांटे निराश्रितों को कंबल

**कानपुर देहात कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्म सप्ताह के समापन पर नेहरू युवा केंद्र कानपुर देहात के महाराणा प्रताप युवा मंडल अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने इंजुआरामपुर में निराश्रित और विकलांग ग्रामीणों को कंबल वितरण किए जिसमें गांव के लगभग पचास लोगों को कंबल वितरण किया गया प्रमुख समाज सेवी नवल सिंह सेंगर ने कंबल प्रदान करते हुए कहा कि इस सर्दी में मेरी तरफ से निराश्रित लोगों के लिए थोड़ा सा सहारा होगा कार्यक्रम में भानु प्रताप सिंह रविन्द्र सिंह गौर शिव बहादुर सिंह भदौरिया अजीत प्रताप सिंह पंचायत सहायक जगदीश सिंह आदि लोगों ने सहयोग किया अंत में स्वामी विवेकानंद जी के बताए गए पद चिन्हों नर सेवा नारायण सेवा का संकल्प लिया गया युवा समाज सेवी अभय प्रताप सिंह द्वारा विभिन्न प्रकार से गरीबों और असहायों की मदद के लिए कार्यक्रम चलाए जाते है जैसे सर्दियों में समय समय पर चाय वितरण अलाव जलवाना कंबल वितरण निराश्रित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना किताबें कॉपियां उपलब्ध कराना बच्चो को स्वेटर व ड्रेस आदि प्रदान करना बालिकाओं को आत्म रक्षा के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना महिलाओं को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें आत्म निर्भर बनाने का कार्य समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण देना और प्रेरित करना है ।

# सैफई मे एग्जॉड्रियम फैशन शो जोश जज्बा व जूनून का संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सैफई (इटावा)। उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के वार्षिक सांस्कृतिक तथा स्पोर्ट इवेंट एग्जॉड्रियम-2024 के फैकेल्टी एवं स्टूडेन्ट्स फैशन शो में फैकेल्टी तथा स्टूडेन्ट्स ने रैंप वॉक किया। रैंप वाक के कपल राउन्ड में डा0 अनामिका सिंह तथा डा0 नरेश पाल सिंह, डा0 रजनी रावत तथा डा0 रमाकान्त रावत, डा0 हिमांशु यादव तथा डा0 पूनम यादव, डा0 निशू तथा डा0 राजेश मधु ने रैंप वाक किया। फैशन शो के ज्वैलरी रैंप वॉक राउन्ड में डा0 अमिता सिंह, डा0 ममता रानी, डा0 सोनिया विश्वकर्मा, डा0 शालिनी, डा0 गगनदीप तथा डा0 सुगन्धी शर्मा ने रैंप वाक किया। फैकेल्टी रैंप वॉक के तीसरे राउन्ड में क्रिकेट थीम पर डा0 सोमेन्द्र पाल सिंह, डा0 कैलाश मित्तल, डा0 अजय गुप्ता, डा0 रफ़े ए0 रहमान तथा डा0 राजमंगल यादव ने रैंप वाक किया। पीजी स्टूडेन्ट्स फैशन शो में डा0 ज्योति, डा0 नलिनी, डा0 सोनू ने रैंप वॉक किया। एमबीबीएस स्टूडेन्ट्स फैशन वाक में 2021 बैच के लक्षित त्यागी, भूमिका यादव, श्वेता राव, अभिषेक, जतिन, कार्तिकेय ने रैंप वॉक कर सबका मन मोह लिया। चेयरमैन फैशन शो एग्जॉड्रियम-2024, डा0 अनामिका सिंह ने बताया कि तनिष्क, सियादेवी मेमोरियल हास्पिटल, गुरूकृपा डायग्नोस्टिक के सौजन्य से हुए एग्जॉड्रियम-2024 फैशन शो में फैकेल्टी मेम्बरस्, पीजी तथा यूजी स्टूडेन्ट्स ने भाग लिया। जिसमें फैकेल्टी कपल राउन्ड में चॉद थीम पर चॉद से पर्दा कीजिये जैसे सॉग पर कपल्स ने रैंप वॉक किया। सेकेन्ड राउन्ड में मेल फैकेल्टी मेम्बरस् ने रेगालिया थीम पर अलग-अलग ज्वैलरी को पहनकर रैंप वाक किया। फीमेल फैकेल्टी मेम्बरस् ने चलते-चलते तथा दिन सागना दे सॉग पर रैंप वाक किया। फैशन शो तीसरे राउन्ड की थीम क्रिकेट पर फैकेल्टी मेम्बरस् ने शानदार रैंप वॉक किया। उन्होंने बताया कि विभिन्न राउंड में अलग-अलग परिधान तथा ज्वैलरी फैशन शो का मुख्य आकर्षण रहा।

# पंचायत सहायको ने ददरौल विधायक को विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद की सभी ब्लॉकों के पंचायत सहायक एकत्रित होकर ददरौल विधायक अरविंद सिंह को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। पंचायत सहायकों ने बताया कि हम सभी पंचायत सहायक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा ईमानदारी और सेवा भावना के साथ कर रहे हैं ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर विभिन्न ऑनलाइन कार्यों को संपादित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। किंतु हमारे द्वारा किए जा रहे कार्यों और प्राप्त हो रहे मानदेय तथा सुविधाओं के बीच काफी असमानता है अतः हम पंचायत सहायकों की निम्नलिखित मांगों को आपकी सरकार के समझ प्रस्तुत करते हुए उनके शीघ्र समाधान की अपेक्षा करते हैं पंचायत सहायकों का मानदेय बढ़ाकर 26910 रुपए प्रतिमाह (न्यूनतम कुशल मजदूरी दर) के आधार पर किया जाए इसके साथ ही इसे ग्राम निधि से हटाकर राज्य पोषित किया जाए और पंचायत सहायक को प्रति



आवेदन मिलने वाली 5 रुपए प्रोत्साहन राशि को ग्राम निधि में ही भेज दिया जाए। अनुबंध प्रणाली को समाप्त करते हुए पंचायत सहायकों की सेवा नियमावली बनाई जाए और उन्हें स्थाई किया जाए ताकि अधिक स्थायित्व और सुरक्षा के साथ अपनी सेवाएं दे सकें। महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण नीति लागू किया की जाए साथ ही नगर पंचायत में जाने वाली ग्राम पंचायत के पंचायत सहायकों को अन्य रिक्त ग्राम पंचायतो में समायोजित किया जाए। पंचायत सहायक लगभग पंचायत सचिव के समान कार्य कर रहे हैं अतः ग्राम पंचायत अधिकारी के रिक्त पदों पर पंचायत सहायकों को आरक्षण प्रदान किया जाए पंचायत सहायकों द्वारा विभिन्न सर्वेक्षण कार्य ऑनलाइन किए जाते हैं जिनके लिए उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल फोन या टैबलेट की आवश्यकता होती है सरकार से आग्रह है कि हमें यह उपकरण प्रदान किए जाएं पंचायत सहायकों के परिवारों को आयुष्मान भारत योजना में जोड़ा जाए ताकि वे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में वित्तीय सुरक्षा प्राप्त कर सकें। हमारी उपरोक्त मांगे न केवल पंचायत सहायकों की बेहतरी के लिए आवश्यक हैं बल्कि ग्रामीण विकास की योजनाओं को अधिक प्रभावी और सुचारू रूप से लागू करने में भी सहायक होंगी आप से विनम्र निवेदन है कि हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार कर उनके शीघ्र समाधान का मार्ग प्रशस्त करें आपका समर्थन और नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हमें आशा है कि आप हमारे जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएंगे। शिवम तिवारी, शिवा पाल, सोविन्दर राज, प्रमोद कुमार, संजीव राठौर, अनुज मिश्रा, सतनाम वर्मा, विकेश कुमार, विमल पाल, हेमेंद्र पाल,सूरज वर्मा, मोहम्मद अफरोज और लड़कियों की तरफ से अंजली पाठक, बंदना, चंद्रावती, लक्ष्मी, नेहा कुश्वाह, महावती, मोनी, वर्षा संध्या आदि पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# पीएम मोदी से कार्यकर्ताओं का नहीं हुआ लाइव संवाद, मोदी ने महाकुंभ समेत कई मुद्दों पर की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 2025 के पहले 118 वें एपिसोड का प्र सारण हुआ।

कार्यक्रम में महाकुंभ मेले सहित विभिन्न राष्ट्री य महत्व के विषयों पर चर्चा की गई।

जिले के कर्नलगंज विधानसभा क्षेत्र के कडरु गांव से प्रधानमंत्री की लाइव संवाद नहीं हो पाया है।

जिससे स्थानीय कार्यकर्ताओं में मायूसी छाई।हालांकि, प्रधानमंत्री के संबोधन ने कार्यकर्ता ओं में नया जोश भर दिया।

भाजपा विधायक अजय सिंह ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि सीधी बातचीत नहीं हो पाई,लेकिन प्रधानमंत्री के संबोधन से सभी उत्सा हित हैं।




## कार्यक्रम में भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जिनमें प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी विजय बहादुर पाठक,जिलाध्य क्ष अमर किशोर कश्यप,मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा विनय शर्मा मनीष द्विवेदी,आनंद कुमार देवेंद्र दीक्षित श्याम सुंदर मिश्रा वंश बहादुर सिंह हरिओम ओझा और अन्य पदाधिकारी शामिल थे। वही महिला मोर्चा की अध्यक्ष रिचा पांडे ने बताया कि कार्यक्रम ने महिला कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से प्रेरित किया है। मंडल अध्यक्ष आशीष गिरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संबोधन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यक्रम की तैयारियां एक दिन पहले से चल रही थीं और पीएमओ की टीम भी कार्य क्रम स्थल पर पहुंची थी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा योजनाओं के लाभार्थियों,कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों से संवाद होना था लेकिन लाइव संवाद नहीं हो पाया है।

# फर्जी मदरसा संचालन में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री सख्त, दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में मदरसा संचालन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा करने वाले तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह और कनिष्ठ लिपिक शमीम अहमद के खिलाफ केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने सख्त कार्रवाई की दिशा में निर्देश दिए हैं।उन्होंने गोंडा के डीएम नेहा शर्मा और देवी पाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील से कहा है कि जो भी सरकारी धन का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं उनके खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं।

## वर्ष 2018 में मिली थी शिकायत

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने बताया कि 2018 में उन्हें मदरसा संचालन में भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा की शिकायत मिली थी,जिस पर उन्होंने पत्र लिखकर जांच की मांग की थी।इस शिकायत के आ धार पर अब जांच आगे बढ़ चुकी है और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों की पहचान हो चुकी है।उन्होंने कहा,''इन लो गों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई इस तरह के घोटाले की हिम्मत न कर सके।''

## आठ सौ से अधिक शिक्षकों का फर्जी वेतन भुगतान

गोंडा जिले में मदरसा आधुनिकीकरण योजना के तहत तीन सौ से अधिक मदरसों को कनिष्ठ लिपिक शमीम अहमद ने भ्रष्टाचार करके मान्यता दिलवाने का आरोप है। इसके अलावा इन मदरसों में कार्यरत आठ सौ से ज्यादा अध्यापकों का फर्जी तरीके से वेतन भुगतान किया गया। शासन स्तर पर जब जांच टीम गठित की गई तो दो सौ 99 मदरसों की मान्यता से संबंधित पत्रावली गायब मिली और 350 में से 129 मदरसे मौके पर संचालित नहीं पाए गए।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ मामला दर्ज

भ्रष्टाचार मामले में गोंडा नगर कोतवाली में भ्रष्टाचार निवा रण संगठन की इकाई प्रभारी निरीक्षक ने अमरजीत सिंह और शमीम अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।राजा भैया ने कहा, ''सरकार की योजनाएं गरीबों और बच्चों की भलाई के लिए होती हैं, लेकिन कुछ लोग इनका दुरुपयोग करने में लगे हैं। हमें इस दुरुपयोग को रोकना होगा।''

## प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि वे प्रशासनिक अधि कारियों से अनुरोध करते हैं कि जल्द से जल्द इस मामले में कार्रवाई की जाए ताकि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को सजा मिल सके और भविष्य में इस प्रकार के अपराधों को रोका जा सके।

# भाजपा नगर इकाई के पदाधिकारियों ने सुना मन की बात कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर के धनीराम गली में भारतीय जनता पार्टी की नगर इकाई ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2025 का पहला "मन की बात" कार्यक्रम का 118वाँ संस्करण नगर अध्यक्ष रेखा पाण्डेय के साथ नगर महामंत्री द्वय विनय प्रकाश गुप्ता व आनंद रस्तोगी, पूर्व नगर अध्यक्ष अशोक जायसवाल, वरिष्ठ नेता अनिल पाण्डेय, नगर मंत्री तीरथ राम साहू, मीडिया प्रभारी पुनीत श्रीवास्तव सहित सर्राफा अध्यक्ष कैलाश नाथ सोनी, अनिल सोनी, तनुज कुमार गुप्ता, प्रदीप सोनी के साथ सुना। अपने मन की बात में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा की इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। इस वर्ष संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तियों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया। पीएम ने इसी के साथ कई महान नेताओं की असली आवाज सुनाई। पीएम ने डा. बी आर अंबेडकर, राजेंद्र प्रसाद, शामा प्रसाद मुखर्जी की संविधान को लेकर दिए बयान सुनाए।

# सपा लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी जनपद बहराइच की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई, कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव मोबीन खान ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार आगामी 27 जनवरी से शुरू हो रहे हैं पीडीए चौपाल कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। समाजवादी लोहिया वाहिनी बहराइच द्वारा पूरे जिले में पीडीए का चौपाल का आयोजन किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव ने कहा जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से पिछड़ों दलितो का हक सरकारी नौकरियों में मारा जा रहा है, आरक्षण पूरी तरह से खत्म किया जा रहा है और संविधान को भी लगातार कमजोर किया जा रहा है। संविधान को बचाने के लिए और पिछड़े दलित को आरक्षण में अधिकार दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए चौपाल का आयोजन करके पिछड़े दलित को उनका अधिकार मिले और भाजपा की यह जो पिछड़े दलित विरोधी मानसिकता को उनके बीच में उजागर करके भाजपा का असली चेहरा बेनकाब करना है और आने वाले 2027 में उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा का सूपड़ा साफ कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने जा रही है। जिला महासचिव मोबीन खान ने कहा जब से भाजपा सरकार बनी है लगातार महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है आम जनमानस पूरी तरह से त्रस्त है। उपाध्यक्ष मयंक मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है सिर्फ और सिर्फ जनता को जाति, धर्म में बांटकर ठगने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर आशीष, गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट, बाबू खान, अमरदीप यादव, शैलेन्द्र यादव, शेखर यादव, निरंकार सिंह, बलबीर वर्मा, तिलकराम यादव, सुनील यादव, प्रांशु मिश्रा, मोहित सिंह राणा, निजाम अहमद, मनीष यादव, संतोष कुमार, यादव, राजित राम यादव सहित आदि तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कालीकुंड मन्दिर परिसर में गरीब, जरूरतमंदो को मिले कंबल

**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के बहराइच रोड स्थित काली कुंडा मंदिर परिसर में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने गरीब और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आनंद रस्तोगी ने किया। इस दौरान विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने 75 लोगों को कंबल प्रदान किए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा रेखा पांडे, ऊषा सिंघानिया, अजय गुप्ता, बल मुकुंद तिवारी, तीरथ राम साहू, नीरज शर्मा, अशोक जायसवाल, चमन चौरसिया, विनय प्रकाश गुप्ता, अनिल पाण्डेय, बाल मुकुंद तिवारी, और लेखपाल मनीष कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और गरीबों की मदद के लिए भाजपा के प्रयासों को सराहाना किया।

## 24 घंटे के भीतर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ा गया आरोपी

**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी के प्रयास में मुकदमे से सम्बन्धित एक आरोपी को नानपारा पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत एक्सिस बैंक के एटीएम से चोरी के प्रयास में शामिल वकाश अहमद उर्फ शिब्बू उर्फ शुऐब पुत्र मो0 यूनुस खान निवासी काजीपुरा थाना को0 नगर जनपद बहराइच को प्रभारी निरीक्षक नानपारा प्रदीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 पूर्णेश पाण्डेय (चौकी प्रभारी कस्बा), हे0का0 प्रमोद यादव, संदीप कुमार ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली नानपारा में मु0अ0सं0 26/2025 धारा 305(ए), 331(4), 62 बीएनएस पंजीकृत है। नानपारा पुलिस टीम द्वारा सी0सी0टी0वी0 फुटेज के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए विधिक कार्यवाही कर न्यायालय बहराइच रवाना कर दिया गया है। बैंक की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी द्वारा एटीएम मशीन को ईंट द्वारा तोड़ने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन दौरान चोरी बैंक का अलार्म बज गया और आरोपी अपने मकसद में सफल नहीं हो सका और भाग गया। पुलिस टीम द्वारा लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी, 24 घंटे के भीतर ही पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर अपनी सक्रियता का उदाहरण पेश किया है।

## शांति भंग में दो शराबियों को भेजा जेल

**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शराब के नशे में शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले दो आरोपियों को नानपारा कोतवाली पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम मसूदनगर बस्थनवा निवासी अरून वर्मा पुत्र कर्मराज वर्मा उर्फ कामू बाबा तथा उमेश वर्मा पुत्र ओंकार वर्मा को प्रभारी निरीक्षक नानपारा प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा दौराने क्षेत्र भ्रमण शराब के नशे में शान्ति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस में विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना कर दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह के साथ उ0नि0 राजेश्वर सिंह, उ0नि0 धूपनारायन मौर्य, कां0 अवनीश कुमार पाण्डेय, कां0 अवदेश कुमार शामिल रहे।

## हाटा चीनी मिल परिक्षेत्र के 50 गन्ना किसानों का दल गन्ना देखने सीतापुर रवाना

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** न्यू इण्डिया सुगर मिल ढाढ़ा हाटा परिक्षेत्र के हेतिमपुर, कसया, गौरीबाजार, हाटा के 50 गन्ना कृषकों के अध्ययन यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह ने रवाना किया। मिल के अधिशाषी अधिकारी करन सिंह ने कहा कि अध्ययन यात्रा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य हाटा चीनी मिल क्षेत्र के गन्ना किसान, हरगांव चीनी मिल, सीतापुर क्षेत्र के किसानों के खेत पर जाकर गन्ना फसल को देखेंगे। जहां किसान उपज 400 से 500 कुंतल व कुछ कृषकों की 600 कुंतल प्रति एकड़ कैसे मिल रही है। जबकि ढाढ़ा चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति औसतन 200 कुंतल प्रति एकड़ से कम हो रही है। किसान सबसे अधिक उपज देने वाली प्रजाति को. 0118, को. 15023 गन्ना फसल देखेंगे। वहां के किसान गन्ने के साथ आलू, लहसुन, मटर, गोभी, टमाटर, गेहूं की सहफसली खेती कर रहे हैं। कुशीनगर के किसान वापस लौटकर वहां पर सीखा, अपने खेती में आजमाएंगे। उपज बढ़ेगी, खुशहाली आएगी यही यात्रा का उद्देश्य है। उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक एक वरिष्ठ गन्ना कृषि विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि मैंने कृषक अध्ययन यात्रा कार्यक्रम में भारत के सभी गन्ना उत्पादक राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक हरियाणा, पंजाब, संपूर्ण उत्तर प्रदेश बिहार, उड़ीसा आदि राज्यों का भ्रमण एवं अध्ययन किया है। गन्ने की खेती के लिए कुशीनगर जैसी उत्कृष्ट मिट्टी बहुत कम है। आवश्यकता है वैज्ञानिक ढंग से खेती करने की पेड़ी प्रबंधन तथा गन्ने के साथ आलू, लहसुन, प्याज, गोभी, टमाटर की सहफसली खेती करने की। करन सिंह के कुशल गन्ना प्रबंधन, मार्ग निर्देशन तथा गन्ना कृषि यंत्रों के प्रयोग से आएगी गन्ना क्रांति, गांव गांव में गन्ना कृषि यंत्र का प्रदर्शन हो रहा है। श्रमिकों की समस्या दूर होगी, किसानों की आय बढ़ेगी। इस दौरान चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक गन्ना अवधेश गुप्ता, गौरी बाजार क्षेत्र के गन्ना प्रबंधक रामदेव शर्मा, ढाढ़ा चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारी डी.डी. सिंह देवेश गिल गन्ना प्रबंधन मौजूद थे।

## विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ विशेष समुदाय की महिलाओं ने किया बदसलूकी

**पड़रौना,कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के अडरौना गांव में विवाद के सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ गांव के विशेष समुदाय के महिला और पुरुषों द्वारा धक्का मुक्की करने का वीडियो सामने आया हैं, वॉयरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता हैं कि एक दारोगा के साथ विशेष समुदाय की कुछ महिलाएं किस तरह से धक्का मुक्की कर रही हैं तथा मार पीट करने पर उतारू हैं।दअरसल अडरौना गांव के रहने वाले राजेंद्र चौबे द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया कि गांव के सार्वजनिक सड़क पर शरीफ और अफलातून आदि व्यक्तियों द्वारा सड़क के तरफ बढ़ा कर बरजा का निर्माण कार्य करवाया जा रहा हैं और मना करने पर शरीफ ,अफलातून,छांगुर, इसराफिल, साबिर कल्लू आदि व्यक्तियों द्वारा लाठी डंडा लेकर फौजदारी करने पर उतारू हैं, सूचना के बाद मौके पर जब जॉच हेतु पुलिस पहुंची तो पुलिस के साथ भी लगभग आधा दर्जन के आस पास महिला और पुरुषों ने बदसलूखी किया गया और धक्का मुक्की करने लगे जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वॉयरल हो रहा हैं,

## मनमर्जी:नगर पालिका की सड़क पर अवैध स्पीड ब्रेकर, राहगीर गिरकर हो रहें चोटिल

**गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका नवाबगंज के मुट्ठीगंज मोहल्ले में अवैध तरीके से स्पीड ब्रेकर बना लिए गए हैं।नगर पालि का का ध्यान नहीं होने से स्पीड ब्रेकर वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं।वार्डों की गली और मोहल्लों के मार्गों पर एक साथ कई अवैध स्पीड ब्रेकर वाहन चालकों की परेशानियों का कारण बने हुए हैं।स्पीड ब्रेकरों से कई बार लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। स्पीड ब्रेकरों की ऊंचाई अधिक है। वही नगर पालिका के अधिकांश वार्डों में ओपन पाइप लाइन पर सीसी मटेरियल डालकर स्पीड ब्रेकर बना लिए हैं।पाइप जमीन के अंदर नहीं होने से यह स्थिति बनी हुई है।जिस पर गुजरने के लिए चालकों को वाहनों की स्पीड कम करनी पड़ती है। यदि इन पर ध्यान नहीं दिया जाता है तो दुर्घटना का कारण भी बनती है।वही कस्बे के मोहल्ला मुट्ठीगंज निवा सी मुन्नालाल गुप्ता ने डीएम के जनसुनवाई पोर्टल पर दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि मोहल्ले वासियों ने मेरे घर से राजू गुप्ता के मकान तक लगभग सौ मीटर की दूरी में नौ ब्रेकर अवैध रूप से बना लिए हैं।जिससे आवागमन में काफी समस्या उत्पन्न हो रही है।अगस्त माह में की गई शिकायत पर पालिका के कर्मचारियों ने घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया था। जिस पर मोहल्ले वासियों ने ब्रेकर को समतल करने के लिए सात दिन का समय मांगा था।समय समाप्त हो गया समस्या जस की तस बनी हुई है।

# बढ़ी लागत से गन्ने की मिठास हुई फीकी, सरकार से उचित मूल्य की आस में किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- किसानों ने की 500 रुपये प्रति कुंतल गन्ने का दाम घोषित करने की मांग
- कृषि लागत बढ़ने और प्राकृतिक आपदा से गन्ना किसान घाटे में: विनोद कुंवर
- सी–वन के बजाय सी–2/50 प्रतिशत फार्मूले के तहत गन्ने का दाम तय करे सरकार: शिवाजी राय

कुशीनगर। गन्ने को लेकर पूर्वांचल में सोने का कटोरा कहा जाने वाले गन्ना बेल्ट में लगातार कृषि लागत बढ़ने से गन्ने की मिठास किसानों के लिए फीकी होती जा रही है। बढ़े कृषि लागत से गन्ने की खेती काफी कठिन होती जा रही है। किसान संगठनों ने 500 रुपये गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग की है।बता दें कि गन्ने की फसल को आर्थिक रूप से किसानों की रीढ़ कहा जाता है। सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के दावे और तमाम योजनाओं को लागू करने के बावजूद आज गन्ना किसान कई दिक्कतों से जूझ रहा है। उसके गन्ने की लागत बढ़ने, आपदा और परंपरागत तरीकों से लगातार अलग होते जाने से गन्ना घाटे की फसल साबित होती जा रही है। मौजूदा समय में किसान के सामने सबसे बड़ी दिक्कत चीनी मिलों को गन्ने की सप्लाई का है। अधिकतर किसानों के पास पशु धन न होने से गन्ने की कटाई, छिलाई और लदायी पर किसानों को प्रति कुंतल 150 से 200 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं, इसके अलावा धुलाई का किराया अलग से देना पड़ता है। छोटे किसान तो किसी तरह अपना काम कर ले रहे हैं लेकिन माध्यम वर्ग व बड़े किसानो को काफी परेशान होना पड़ता हैं।

### क्या कहते है किसान

जिले के कसया विकास खण्ड के चकदेइया के किसान मुनेब सिंह, नथुनी प्रसाद, हीरा सिंह, हरी यादव, अरविंद यादव, उदयभान यादव आदि के मुताबिक गन्ने की खेती में लागत काफी बढ़ी है लेकिन फसल अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो रही है। उपर से गन्ने की कटाई, छिलाई, लदायी और धुलाई का खर्च अलग से है। इन किसानों के मुताबिक गन्ने की फसल बुआई के लिए 35 से 45 हजार प्रति एकड़ खर्च करने पड़ रहे हैं। किसान का मोह गन्ने की खेती से भंग होता जा रहा है। अब गन्ने की खेती मजबूरी होती जा रही है। इसमें कहीं न कहीं सरकार की गन्ना नीति का भी दोष है। किसानों ने मांग किया कि गन्ने की नई नीति किसान हित में जारी करते हुए गन्ने का उचित दाम सरकार बढ़ाये तभी लागत निकल पाएगी। किसान नेता गोबर्द्धन प्रसाद गोंड ने कहा कि आज सबसे बड़ी समस्या गन्ने की छिलाई व ढुलाई को लेकर है। ऊपर से गन्ना तौल कांटों पर घटतौली है। ऐसे में अब गन्ने से मोह भंग हो रहा है। गन्ने की खेती बचाने की नीति अब सरकार को बनानी होगी। गन्ना किसान संस्थान पिपराइच, गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि लागत बढ़ती जा रही है। सरकार को धान, गेहूं व अन्य फसलों की तरह गन्ने का भी मूल्य प्रति वर्ष तय करना चाहिए।

### समस्या समाधान के लिए बने स्थाई किसान आयोग: शिवाजी राय

किसान एकता समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिवाजी राय ने कहा कि कृषि लागत लगातार बढ़ रही है। डीजल, पेट्रोल, बीज, स्ट्रूमेंट, उर्वरक, दवा, ट्रेक्टर, पम्पिंग सेट्स, खुरपी, कुदाल आदि के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। रस्सी आदि सहित ये सारी चीजें इंडस्ट्रीज बना रही हैं। सामानों की खरीद पर किसान जीएसटी दे रहा है। सबका रेट बढ़ा, लागत बढ़ा, लेबर चार्ज लेकिन गन्ने का सही रेट नहीं बढ़ा। सरकार ने न्यूनतम मजदूरी तय किया है जबकि किसान को एक मजदूर को 400 रुपये प्रति मजदूर एक दिन की मजदूरी देनी पड़ रही है। पूरे परिवार के साथ सालभर श्रम करने के बाद अपनी फसल से लागत नहीं निकाल पा रहा है और लगातार कर्ज में फंसता जा रहा है। कहा कि गन्ना किसानों के लिए किदवई फार्मूला या कोई और फार्मूला अब कारगर नहीं रह गया है। केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के लिए स्थायी किसान आयोग बनाये जो सी टू 50 प्रतिशत फार्मूला जिसके तहत मजदूरी, खाद, बीज के सापेक्ष फसल का दर तय होता है, के बजाय सी टू फार्मूले के तहत एमएसपी तय करे। जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, लागत जुड़ी हो। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव राम भवन राव ने कहा कि गन्ने का मूल्य 450 रुपये प्रति कुंतल कम से कम राज्य सरकार घोषित करे। यह एक नकदी फसल है और किसान परिवार की आमदनी का मुख्य जरिया है और किसान शिक्षा, स्वास्थ्य, शादी के खर्च के लिए गन्ने की खेती पर निर्भर है। लेकिन कृषि लागत बढ़ी है। रालोद जिलाध्यक्ष कुशीनगर विनोद कुमार कुंवर ने कहा कि कृषि लागत बढ़ने और प्राकृतिक आपदा से गन्ना किसान घाटे में हैं। और किसान गन्ने से मुंह मोड़ रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी से मांग किया कि गन्ने का मूल्य 450 रुपये घोषित किया जाय।

## खान फुटबॉल क्लब और युवा फुटबॉल क्लब अपना अपना मैच जीता

**राजापाकड़/कुशीनगर।** फाजिलनगर विकासखंड के ग्राम सभा रुदवलिया के बटलोहिया में पूर्वान्चल फुटबॉल क्लब की तरफ से आयेजित एकता कप फुटबॉल टूर्नामेंट में रविवार को दो मुकाबला खेला गया जिसमें खान फुटबॉल क्लब एवं युवा फुटबॉल क्लब ने विपक्षी टीम को हरा कर अगले दौर में प्रवेश किया। रविवार की शाम तक खेले गए मुकाबले में खान फुटबॉल क्लब ने अपने दमदार खेल से न्यू स्टार क्लब धारनीछापर को को दो शून्य से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरे मुकाबले में युवा फुटबॉल क्लब बटलोहिया ने बरवा बाजार फुटबॉल टीम को कड़े मुकाबले में एक शून्य से पराजित कर दिया।

## छठवें लीग मैच में बभनौली ने लक्ष्मीपुर व सातवें में मिश्रौली ने तमकुहीरोड को हराया

**राजापाकड़/कुशीनगर।** तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत बरवा राजापाकड़ के सीताराम चौराहा स्थित खेल मैदान में जयहिंद क्रिकेट क्लब बंगरा दुमही के तत्वावधान में आयोजित पांचवीं जयहिंद क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन रविवार को दो मैच खेले गए। जिसमें क्रमशः बभनौली ने लक्ष्मीपुर व मिश्रौली ने तमकुहीरोड को हराया। दोनों टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। टूर्नामेंट के छठवें लीग मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बभनौली की टीम 11.2 ओवर में 90 रन पर आलआउट हो गई। बभनौली के गेंदबाजों की कसी गेंदबाजी की बदौलत लक्ष्मीपुर की टीम 12 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 76 रन ही बना सकी। बभनौली ने 14 रनों से मैच जीत लिया।टूर्नामेंट के सातवें लीग मैच में तमकुहीरोड की पूरी टीम 11.3 वें ओवर में 101 रन पर आउट हो गई। मिश्रौली की टीम ने 10 वें ओवर में पांच विकेट पर 102 रन बनाकर मैच जीत लिया। खेल का शुभारंभ सपा नेता विनीत शर्मा व रामजीत पटेल ने किया। सद्दाम अंसारी व रोहित कुमार ने अंपायरिंग, प्रिंस शुक्ल ने कमेंट्री व इब्राहिम अंसारी व विकास तिवारी ने स्कोरिंग की। इस दौरान आयोजन समिति के अरविंद उर्फ भीम भारती, करन कुमार, तारीफ अंसारी, नीतिश राय, अंकित कुमार, अलाउद्दीन अंसारी, निजाम, आलोक, रोहित राय, अंश, अनिल, उपेंद्र, दीपक, हरेश, रमन, शिवम, अभि आदि मौजूद रहे।

# ऑन द स्पॉट : बाहर बाबू–अंदर दलाल लगाते 'जुगाड़' यहां रिश्वत दिए बिना नहीं होता कोई कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मंडल मुख्यालय पर स्थित परिवहन विभाग के आरटीओ कार्यालय के बाबुओं से गठजोड़ तथा जिम्मेदार अफसरों द्वारा आंखें बंद किए रहने के कारण सिस्टम बेप टरी है।यहां तैनात बाबू लवकुश सिंह इन दिनों काफी चर्चा में है।करीब चालीस से पचास हजार वेतन पाने वाले लिपि क के हाथ में लगभग डेढ़ लाख की मोबाइल के साथ ही गले में तकरीबन दो लाख की सोने की चेन झूल रही है जो उसके राजसी ठाठ की गवाही दे रही है।

सूट-बूट और हाव-भाव किसी अधिकारी से कम नहीं है।

वैसे तो देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर स्थित आरटीओ कार्यालय आए दिन सुर्खियों में रहता है लेकिन इन दिनों कई वर्षो से यहां तैनात लिपिक लवकुश सिंह के संबंधों को लेकर है।

सूत्रों का कहना है कि आरटीओ कार्यालय गोण्डा में लवकुश बाबू का सिक्का चलता है।खुद को अधिकारियों का करी बी बताने वाले लवकुश सिंह के



आरटीओ लिपिक लवकुश सिंह

संरक्षण में ही दलालों का नेटवर्क फैला हुआ है,जो जिले के दूरदराज इलाकों से आने वाले लोगों से अवैध रूप से वसूली करते हैं।यहां पंजीकरण से लेकर लाइसेंस ट्रांसफर फिटनेस,सहित अन्य कार्य बिना दलालों का सहयोग लिए नहीं हो सकता है।हा लत यह है कि आवेदकों के सीधे लिपिक के पास जाने पर उन्हें इस पटल से उस पटल दौड़ाया जाता है।

आखिर में थक-हारकर वह दलालों की शरण में ही जाने को विवश होते हैं।

वैसे तो देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील व जिले की डीएम नेहा शर्मा ने आरटीओ कार्यालय को दलाल मुक्त बनाने के सख्त निर्देश दे रखे हैं

संभागीय कार्यालय गेट के बाहर पान व चाय की दुकानों समेत साइबर ढाबों पर सुबह से लेकर शाम तक दलालों का जमावड़ा लगा रहता है।ड्राइविंग लाइसेंस,रजिस्ट्रेशन व वाहनों के रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर कराने के लिए यहां आने वाले लोगों को ये दलाल कार्यालय पहुंचने से पहले ही अपने चंगुल में फंसाकर काम कराने का वादा करके मोटी रकम ऐंठते हैं। आवेदकों को सरकारी फीस से 50 गुना ज्यादा रकम चुकानी पड़ती है। यदि आवेदक दलालों के बजाय सीधे आरटीओ कार्यालय में जाकर काम कराने चाहें तो उन्हें महीनों इस पटल से उस पटल दौड़ाया जाता है। यदि आवेदक लवकुश बाबू से मिला तो वह भी उसे दलालों के पास ही जाने की सलाह देता है। ऐसे में आरटीओ कार्यालय में डीएल समेत वाहनों से संबंधित अन्य काम आसानी से कराना मुश्किल नहीं बल्कि नामुमकिन है।

## मंडलायुक्त ने लिया संज्ञान

देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने रविवार को प्रकाशित समाचार को संज्ञान में लिया है और उन्होंने कार्रवाई की बात कही है।

लेकिन आलाधिकारियों के इस फरमान का आरटीओ कार्यालय गोण्डा में तैनाती बाबुओं पर कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है।विभागीय सूत्रों का कहना है कि यहां तैनात लवकुश सिंह दलालों का मुख्य संरक्षक है।इसका अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि लवकुश सिंह के ठाठ-बाट राजसी हैं।

करीब डेढ़ लाख की मोबाइल और तकरीबन दो लाख रूपए की सोने की चेन पहनने वाले लवकुश सिंह के इनकम ऑफ सोर्स को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।दरअसल, दलालों को लेकर बदनाम आरटीओ दफ्तर में बाबू भी उसी ढर्रे पर काम कर रहे हैं। यहां शिक्षार्थी लाइसेंस पास कराने के लिए कार्यालय में ही रेट तय होता है। कई बार इसकी शिकायत भी संबंधित अधिकारियों से की गयी, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे बाबुओं के साथ ही दलालों के भी हौसले बुलंद हैं और यहां आने वाले आवेदकों को खुलेआम लूटा जा रहा है।

# महिलाओं की सच्ची हितैशी है समाजवादी पार्टी : राजकुमार, राजू



**महिला सभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तौर पहुंचे समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विधानसभा पूरनपुर में समाजवादी पार्टी महिला सभा की बैठक हुई संपन्न बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से महिलाओं का सम्मान करती रही है।पार्टी ने हमेशा महिलाओं के लिए चुनावों में उनके प्रतिनिधित्व को बढ़ावा दिया है। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिलाओं को अधिक संख्या में प्रत्याशी बनाया,जिससे उनके अधिकारों और सम्मान को बढ़ावा मिल सके महिलाओं से आह्वान करते हुए कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए बूथ स्तर पर एकजुट होकर भाजपा की नीतियों और कुरीतियों को उजागर करना होगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पीडीए को जोड़ने का काम करें और समाजवादी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाएं।विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष महिला सभा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश की गंगा-जमुनी तहज़ीब को साजिश के तहत तोड़ रही है। देश और प्रदेश के अमन चैन को भंग कर भाजपा केवल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगी है। उन्होंने ने यह भी कहा कि भाजपा को महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं से कोई फर्क नहीं पड़ता।महिला सभा की अन्य वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बलात्कार की घटनाएं बढ़ी हैं।

साथ ही महंगाई इतनी बढ़ गई है कि अब महिलाओं के लिए घर की रसोई चलाना भी मुश्किल हो गया है।इस दौरान संचालन माया देवी ने किया प्रमुख रूप से मीरा देवी,रेखा देवी,तारा,लक्ष्मी,वीरमती,सोमवती,उर्मिला, बलविन्द्र कौर,नेहा सिंह,नूर जहां, अनीता,बब्ली आदि बड़ी संख्या मे महिलाए उपस्तिथ रही हैं।

# 22 जनवरी को हिन्दू महासभा निकालेगी श्रीराम पद यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।अखिल भारत हिन्दू महासभा के द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीराम पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य एवं विशाल श्रीराम पदयात्रा के संबंध में संगठन के अध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा की अध्यक्षता में एवं जिला महामंत्री मयंक जायसवाल के संचालन में कार्यकर्ताओं ने एक बैठक का आयोजन किया।बैठक में श्रीराम पदयात्रा को भव्य एवं विशाल स्वरूप देने को लेकर भी चर्चा की गई और साथ ही साथ सभी कार्यकर्ताओं को श्रीराम पदयात्रा से संबंधित उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बैठक में लखन प्रताप सिंह को नगर मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया। हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा ने बताया कि भव्य श्रीराम पदयात्रा 22 जनवरी दिन बुधवार को प्रातः 10 बजे छतरी चौराहे स्थित उर्मिल बारात घर से प्रारंभ होगी। इसके बाद शहर के विभिन्न मार्गों छतरी चौराहे, सुनगढ़ी थाना गैस चौराहा, चावला चौराहा,मुख्य बाजार, ड्रमंडगंज चौराहा से होते हुए थाना कोतवाली पर ओमकार ट्रेडर्स पर पहुंचकर समाप्त होगी। वहीं जिला महामंत्री मयंक जायसवाल ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी बांट दी गई हैं 22 जनवरी को भव्यता के साथ यात्रा निकाली जाएगी। वहीं मीडिया प्रभारी प्रेम सागर शर्मा ने शहरवासियों से इस भव्य एवं विशाल श्रीराम पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है।जिससे इस श्रीराम पदयात्रा को सफल बनाया जा सके।बैठक में जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल,युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा,युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, प्रेम सागर शर्मा, सर्वेश कश्यप, अमन संजोग, राजेंद्र कुमार, बसंत शर्मा, प्रकाश सिंह, जितेंद्र मौर्य, नरेंद्र श्रीवास्तव, लवी सिंह, अनिल कुमार, दीपक राजपूत, लखन प्रताप सिंह, अर्जुन सिंह, अक्षत गुप्ता, हरिओम मिश्रा, सुमित पाठक, महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह, महिला जिला महामंत्री कविता वंशवाल, गीता देवी आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

# राज्यमंत्री के प्रयास से मझोलावासियों की बरसों पुरानी समस्या हुई हल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।कुछ समय पूर्व राज्यमन्त्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल और मझोला प्रतिनिधि व पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी पीलीभीत वीरेंद्र सिंह से भेंट कर उनसे जनपद की परिवहन विभाग से संबधित समस्याओं पर चर्चा के दौरान उनको मझोला की एक बड़ी समस्या से अवगत कराते हुए बताया था कि मझोला नगर के पिन कोड 262302 को डालने पर विभाग की वेबसाइट पर बरेली का पता दिखाई देने लगता है जिस कारण मझोला क्षेत्र के लोगों को अपना ड्राइविंग लाइसेंस आदि बनवाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पडता है क्र ज्ञातव्य है कि चूँकि ड्राइविंग लाइसेंस को पते के प्रमाण के रूप में भी मान्यता है अतः कहीं और का पिन कोड डालकर इसको बनवाने से ना सिर्फ एक अनावश्यक गलत कार्य लोगों को करना पड रहा था वहीँ उनके दूसरे प्रमाण पत्रों से ड्राइविंग लाइसेंस में भिन्नता आ जाने से भविष्य में कई समस्याओं का सामना करना पड रहा था। क्र इसकी जानकारी मिलने पर उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने तत्काल अपने कार्यालय स्टाफ को तलब कर मझोला के पिन कोड सम्बन्धी आ रही तकनीकी समस्या को लखनऊ कार्यालय से सम्पर्क कर हल करवाने हेतु निर्देशित किया था वहीँ गत दिनों पुनः मा. मंत्री जी के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल और पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने इस प्रकरण में हुई प्रगति की जानकारी एआरटीओ से की थी। एआरटीओ कार्यालय के वरिष्ठ कर्मचारी राजुल मिश्रा द्वारा मंत्री जी के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल को दूरभाष पर अवगत कराया गया कि उपरोक्त सन्दर्भ में समुचित कार्यवाही करते हुए त्रुटि को ढूंढकर उसका विभाग द्वारा निराकरण कर दिया गया है और अब विभाग की वेबसाइट पर मझोला का पिन कोड डालने पर बरेली का पता नहीं आ रहा अपितु ठीक पता और जनपद प्रदर्शित होने लगा है। इस प्रकार लंबे समय से चली आ रही इस समस्या से मझोला वासियों को अब निजात मिल गयी है।

# क्षयरोगियो के लिए लाइफ लाइन साबित हो रहे है मो. वसीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**अब तक दर्जनों क्षयरोगियों को ले चुके है गोद**

सुल्तानपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में चालक के पद पर कार्यरत मो.वसीम पिछले लंबे समय से एक ऐसी समाजसेवा में लगे है, जो दूसरे लोगों के लिए नजीर के साथ ही प्रेरणा का आधार बन गए है। मो.वसीम अबतक दर्जनों क्षयरोगियों का सहारा बनकर उनके बेहतर ईलाज व पौष्टिक खान-पान का इंतजाम करते है, माह में एक से अधिक बार उनसे मिलकर उनकी दवा-ईलाज की जानकारी हासिल करते है, उन्हें पौष्टिक आहार की किट देते है। वरिष्ठ क्षयरोग पर्यवेक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि मो.वसीम मुख्य चिकित्साधिकाधिरी कार्यालय में वाहन चालक संघ के मंत्री है, अबतक उन्होंने दर्जनों क्षयरोगियों को गोद लेकर उनकी बेहतर देखभाल करते हुए उनका सहारा बने है,मो.वसीम के द्वारा अबतक जितने भी क्षयरोगियों को गोद लिया है। सभी को उनके अथक प्रयास से स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है, मो.वसीम से बात करने पर उन्होंने बताया कि अबतक मैने जो भी किया है, वो मैने नाम ,सम्मान या प्रचार के लिए नही बल्कि अपने सुकून के लिए किया है, और आगे भी करता रहूंगा, मैने जीवन में बहुत अभाव देखा है। क्षयरोगियो को लोगो का दृष्टिकोण बड़ा अजीब सा दिखाई देता है, जबकि आप स्वयं एकबार किसी क्षयरोगी से मिलकर देखिए आपका दिल पसीज जाएगा, क्योकि अधिकांश यह बीमारी आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को होती है, यदि उनके साथ थोड़ा सहयोग थोड़ा प्यार और थोड़ा प्रयास किया जाए तो वह भी मुख्यधारा में आकर समान जीवन जी सकेगें। बहरहाल मो. वसीम के इस काम की चर्चा के साथ प्रशंसा भी लोग करते है। इसबार मो.वसीम क्षयरोग से ग्रसित मनीष को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक आहार किट देते हुए उनको अपना साथ दिया, किट देते समय मो.वसीम के साथ जिला क्षयरोग अधिकारी डां.आरके कन्नौजिया, वरि.क्षयरोग पर्यवेक्षक सुरेश कुमार व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# कसगंजा मोड पर मजदूर लेकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा एक दर्जन लोग घायल अस्पताल में कराया भर्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कासगंज मोड पर अनियंत्रित होकर रविवार की सुबह लगभग 6 बजे ट्रक पलट गया। जिसमें चालक सहित एक दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक मसरूफ उम्र 28 वर्ष निवासी सरदार नगर जहानाबाद ट्रक में लेबर लेकर जा रहा था। जिसमें कमलेश पुत्र गोवर्धन उम्र 23 वर्ष, शिवकुमार पुत्र उमाचरण उम्र 26 वर्ष, लालू पुत्र जगदीश उम्र 26 वर्ष,दुर्वेश पुत्र ढकान लाल उम्र 24 वर्ष, मनोज पुत्र गोविंद राम उम्र 23 वर्ष,रोहित पुत्र कल्लू राम उम्र 18 वर्ष, अरुण कुमार पुत्र रामचंद्र उम्र 21 वर्ष, सुरजीत पुत्र रामासरे उम्र 25 वर्ष, छोटे लाल पुत्र राम भरोसे उम्र 23 वर्ष, सोनू पुत्र रामकुमार उम्र 30 वर्ष निवासी चार्ट फिरोजपुर और जेठापुर खुर्द निवासी सरवण कुमार पुत्र रामस्वरूप उम्र 24 वर्ष उक्त सभी लोग मजदूरी पर बंडा जा रहे थे। अधिक कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर मोड पर ट्रक खाई में पलट गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिसमें ट्रक चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है और हायर सेंटर बरेली रेफर कर दिया है।

# युवा बच्चों ने अपने पॉकेटमनी से गरीब और असहाय लोगों को बांटे कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले के पुरानी बाजार मोहल्ले के कुछ युवा बच्चों ने पड़ रही भीषण ठंड को देखते हुए अपनी पॉकेट मनी से गरीब व असहाय लोगों के लिए कंबल व स्वेटर की इंतजाम कर शनिवार की देर रात 10.30 बजे शहर के विभिन्न इलाकों में ठंड से ठिठुर रहे लोगों को कंबल व स्वेटर पहनाया। दरअसल पुरानी बाजार शाहगंज मोहल्ले के श्री बाल गजानन पूजा समिति के संस्थापक प्रभु श्रीवास्तव एवं उनके दोस्त फैज हाशमी और उत्तम निगम ने अपनी पॉकेट मनी से गरीब और असहाय लोगों को ठंड से बचाने के लिए कंबल और स्वेटर वितरण करने का फैसला किया और सभी ने मिलकर शनिवार की देर रात शहर के विभिन्न इलाकों में जैसे राहुल टॉकीज, नॉर्मल चौराहा, डाकखाना चौराहा, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर पहुंच कर असहाय व गरीबों को कंबल वितरण किया। इस दौरान बाल गजानन पूजा समिति के संस्थापक प्रभु श्रीवास्तव ने कहा की गरीब व असहाय लोगों को आज कंबल और स्वेटर के रूप में हम लोगों ने थोड़ी सी खुशी देने का प्रयास किया है उन्होंने बताया कि इस हम लोगों ने 25 कंबल और 50 स्वेटर का वितरण किया है आगे भविष्य में भी हम लोग ऐसे ही सामाजिक कार्य करेंगे तीनों युवा प्रभु, उत्तम ,फैज हाशमी ने लोगो से अपील की है कि वो भी अपने पॉकेट मनी से ऐसे ही सामाजिक कार्य करे हमारा प्रयास किसी को थोड़ा सुख भी दे दो तो इससे बड़ा कोई काम नहीं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहल्ला कायस्थान निवासी वीरपाल उर्फ विरू पुत्र तौलेराम उम्र 35 वर्ष बताया जा रहा है। कि संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मृतक के भतीजे ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि मृतक शनिवार की रात खाना खाकर सो गया था और रविवार की सुबह जब वह नहीं उठा तो परिजनों ने उठाने का प्रयास किया। मौत की जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## खेत में पानी लगाने के दौरान किसान को सांप ने डंसा, हालत बिगड़ने पर अस्पताल में कराया भर्ती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव अभयपुर जमीमा जगतपुर के रहने वाले गामा पुत्र हजारी उम्र 60 रविवार अपने खेत में पानी लग रहा था। तभी अचानक एक सांप ने किसान के पैर में डंस लिया। जानकारी लगते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। किसान की हालत बिगड़ने पर रविवार दो बजे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार कर किसान की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## स्टेशन के पास में गैर समुदाय के एक युवक को युवती के साथ देख पकड़कर पुलिस को सौंपा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बे के स्टेशन चौराहे पर शनिवार की रात्रि गैर सुमदाय का युवक एक युवती के साथ सड़क किनारे बताया जा रहा है। कि बातचीत कर रहा था। इसकी जानकारी किसी ने विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों को दे दी। सूचना मिलने पर कई लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने युवक को पकड़ लिया और उसके साथ विवाद होने लगा तो कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इस दौरान युवती बचकर निकल गई। पकड़े गए युवक को पुलिस के हवाले कर दिया था। रविवार 11 बजे क्राइम स्पेक्टर ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी की पन्द्रह साड़ी और नकदी के साथ एक युवक गिरफ्तार

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना पुलिस ने कपड़ा की दुकान में हुई चोरी की वारदात का खुलासा कर एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने पकड़े गये युवक के कब्जे से चोरी के विभिन्न प्रकार के कपड़े और एक हजार एक सौ पचास रुपया नकद बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना इन्हौना पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक विपिन बिहारी सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले मे सम्बंधित प्रकाश में आये मोटरसाइकिल सवार मोहम्मद आजाद पुत्र बादशाह खान निवासी दिलावलगढ़ मजरे आजादपुर थाना इन्हौना जनपद अमेठी को इन्हौना सुबेहा बार्डर के पास से शाम को गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछताछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि बीती तेरह चौदह जनवरी को लखनऊ वाराणसी राष्टीय राजमार्ग पर स्थित मनीष साड़ी सेन्टर का शटर एक मोटी सरिया सम्बल से खोलकर पन्द्रह अदद साड़ियां,एक लहंगा चुन्नी एवं दो हजार रुपये चुरा लिये थे जिनमे से छह साड़िया उसने बेंच दी हैं। पुलिस टीम ने युवक की निशानदेही पर रेलवे क्रासिंग के पास से घटना में प्रयुक्त एक मोटी सरिया सम्बल बरामद किया गया है। इस सम्बंध में थाना इन्हौना के थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने बीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुंशीगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत रविवार को उप निरीक्षक संजय सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सुशील कुमार मिश्रा पुत्र शिवशंकर मिश्रा निवासी खजूरी थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब चौबीस वर्ष को सराय बरबण्ड मेला के पास से समय करीब सवा बारह बजे दिन में गिरफ्तार किया गया।

# वार्ड की गलियों का नामांकरण के बाद हुआ शास्त्री पथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। नगर पालिका द्वारा प्रयागराज मार्ग स्थित सीतापुर सुन्दरदेवी नेत्र चिकित्सालय के बगल सड़क शास्त्रीनगर पुलिस चौकी होते हुए सरस्वती विद्या मन्दिर एवं सरस्वती शिशु मन्दिर को जाने वाले मार्ग का नामकरण नगर पालिका बोर्ड द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री जी के नाम पर ह्लशास्त्री पथह्ल रखा गया है, जिसका लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री, भा0ज0पा0 शंकर गिरि एवं वार्ड सभासद रेनू सिंह व कंचनलता की उपस्थिति में पं0 रमाकान्त पाण्डेय द्वारा विधिवत पूजन कराकर किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में विवेक नगर चौराहे पर तीन वार्डों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का नामकरण ह्लअटल पथह्ल करते हुए मुख्य मार्ग तक जुड़ी हुयी दोनो तरफ के लगभग 39 गलियों का लेन नम्बर निर्धारित करते हुए साइनेज बोर्ड स्थापित किया गया है, जिसकी तर्ज पर आज प्रयागराज मुख्य मार्ग से सरस्वती विद्या मन्दिर एवं सरस्वती शिशु मन्दिर को जाने वाले मार्ग का नामकरण भारत रत्न पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री जी के नाम पर शास्त्री पथह्ल रखते हुए लोकार्पण किया गया है, इस मार्ग पर शास्त्रीनगर और घोसियाना वार्ड को दोनो तरफ से जोड़ने वाली लगभग 22 गलियों का लेन नम्बर भी निर्धारित किया गया है।

# छोटे बच्चे को नई दुनिया दिखलाई डॉक्टर शिवप्रिया ने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। मेडिकल कालेज मे अब प्रतिभाशाली चिकित्सकों की कमी नहीं रह गई इसको साबित करते हुए नेत्र सर्जन डॉक्टर शिवप्रिया गुप्ता ने एक छोटे से बच्चे की जो कि जन्म से ही दोनों आँखों को खोल नहीं पा रहा था उसका कठिन आपरेशन सफल करके बता दिया। नेत्र सर्जन डॉक्टर शिवप्रिया गुप्ता ने धम्मौर थाना क्षेत्र के मनभावना ग्राम के निवासी इस बच्चे की जन्म से ही दोनों आँखों की पलकें आपस मे ऊपर से नीचे की तरफ जुडी हुई थी और जन्म से ही इसकी का होंठ और तालू भी पूरा नहीं बना है यदि इस बच्चे की आँखों की पलकों को समय से अलग ना किया जाता तो इसकी आँखों के पर्दे का सम्पूर्ण विकास ना हो पता और इसकी आँखों की रौशनी अभी से ही बहुत कम हो जाती। जिसके कारण इसको गंभीर बीमारी हो जाती, कठिन आपरेशन सफल होने के पश्चात अब ये बच्चा आराम से अपनी आँखे खोल ले रहा है और अपनी जीवनदायनी को भी आराम से देख ले रहा है बच्चे की माँ ने बताया कि हर जगह दिखा कर मै थक चुकी थी और इतना पैसा भी पास मे नहीं था कि कोई और बड़ी जगह ले जाकर बच्चे को दिखलाऊ डॉक्टर शिवप्रिया के बारे मे बहुत अच्छा सुना था तो इनको ले आकर दिखलाई और आज मेरा बच्चा इन्ही की वजह से नई दुनिया देख पा रहा है बच्चे की माँ ने बताया कि आँख ना खुल पाने की वजह से बच्चा बहुत घबराता और रोता रहता था आज बच्चा सुकून से मुझे देख रहा है। डॉक्टर शिवप्रिया ने इसकी दोनों पलकों सफलतापूर्वक अलग करके करके बच्चे को नया जीवनदान दिया है।

# शांति के लिये समझौता

यह सुखद ही कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे कुछ राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं। निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दीबाजी होगी। हालांकि, अक्तूबर, तेईस में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है। दरअसल, हालिया समझौते में इस्राइली सेना की गाजा से वापसी, चरणबद्ध तरीके से इस्राइली बंधकों व फलस्तीनी कैदियों की रिहाई और गाजा में पुनर्निर्माण पर सहमति बनी है। इसके साथ ही गाजा के विस्थापितों को वापस लौटने की अनुमति भी दी जाएगी। अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। साफ था कि इस अपमानजक घटना का इस्राइल प्रतिशोध लेगा,लेकिन संघर्ष करीब डेढ़ वर्ष तक चलेगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। हालांकि, कुछ इस्राइली बंधक रिहा किए गए, कुछ युद्ध के बीच मारे गए, लेकिन बचे बंधकों की रिहाई का भारी दबाव नेतन्याहू सरकार पर लगातार बना रहा। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय दावा कर रहा है कि इस्राइली हमलों में अब तक पचास हजार लोग मारे गए हैं। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते के क्रियान्वयन की निगरानी की जाए। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरुआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे। हालांकि, इस बात को लेकर शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि इस समझौते से फलस्तीनी संकट का स्थायी समाधान हो सकेगा। बहरहाल,युद्ध की त्रासदी व मौसम की मार झेल रहे फलस्तीनियों को को कुछ राहत जरूर मिलेगी।

# स्टेट से संघर्ष की राहुल गांधी की घोषणा आहतकारी

भारत संप्रभु राष्ट्र राज्य है। भारत की धरती और आकाश तक इस संप्रभुता की गहन उपस्थिति है। यह संप्रभुता भारत के संपूर्ण जन गण मन के माध्यम से संविधान में प्रकट हुई है। स्टेट का सामान्य अर्थ राजव्यवस्था या राज्य हो सकता है। कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका स्टेट के अभिन्न अंग हैं। कोर्ट, कचहरी, विधायिका, कार्यपालिका सहित सभी घटक राजव्यवस्था के अविभाज्य अंग हैं। साधारण सिपाही और विभिन्न संस्थाओं में काम करने वाला लिपिक भी राजव्यवस्था का अंग हैं। राजव्यवस्था में किसी भी अंग से संघर्ष की घोषणा सामान्य अपराध नहीं है। मूलभूत प्रश्न है कि राहुल गांधी की लड़ाई आखिरकार किस स्टेट के विरुद्ध है? बेशक स्टेट राजव्यवस्था के सभी अंग अलग-अलग काम करते हैं। लेकिन वस्तुतः वे स्टेट नाम की संस्था के अभिन्न अंग हैं। भारत के प्राचीन काल में भी खूबसूरत राजव्यवस्था थी। वैदिक साहित्य में राजा के निर्वाचन की विधि मिलती है। राजा के निर्वाचन के समय उत्सव होते थे। ऐसे ही उत्सव में कहते हैं कि, हे राजा! हम आपको राष्ट्र की भूमि की रक्षा करने, कृषि और पशुपालन की व्यवस्था करने, नागरिकों के लिए शिक्षा का प्रबंध करने के लिए चुनते हैं। आगे कहते हैं, आप अजेय रहें, आपकी कीर्ति और यश फैले। हम आपका अभिषेक करते हैं। राजा की भी शपथ होती थी। राजा कहता था कि, मैं राष्ट्र की रक्षा करूंगा। कृषि और पशुपालन को विकसित करूंगा। इस देश को वैभवशाली बनाऊंगा। यदि मैं ऐसा न कर पाऊं तो मेरे सारे पुण्य नष्ट हो जाएं। भारत के सभी नागरिक राजव्यवस्था का संरक्षण पाते हैं। स्टेट का कर्तव्य राजव्यवस्था का संचालन व अनुशासन सुनिश्चित करना है। प्रश्न है कि राजव्यवस्था को नष्ट करने और उससे लड़ने का कोई भी प्रयास राजद्रोह के दायरे में आता है? माओवादी हिंसा करते हैं। निर्दोष मारे जाते हैं। स्टेट माओवादियों से यथानियम निपटता है। माओवादियों और स्टेट के बीच का युद्ध वस्तुतः स्टेट पर ही हमला है और राजद्रोह है। आतंकवादी देश के कई भूभागों में निर्दोष नागरिकों को मारा करते हैं। वे स्टेट की परवाह नहीं करते। स्टेट उनसे लड़ता है। संघर्ष करता है। पूर्वोत्तर के तमाम उग्रवादी संगठन भी इसी श्रेणी में आते हैं। स्टेट सभी हिंसक संगठनों से लड़ने को बाध्य है। राहुल गांधी किस स्टेट से लड़ने की बात कर रहे हैं?

राहुल गांधी कंग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। संप्रति लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। उनसे अतिरिक्त शालीनता की अपेक्षा रहती है लेकिन हाल ही में उन्होंने एक खतरनाक वक्तव्य दिया है। उन्होंने कहा है कि, मैं भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से ही नहीं लड़ रहा हूं, बल्कि मेरा संघर्ष भारतीय राष्ट्र राज्य से भी है। अंग्रेजी में देश के लिए 'स्टेट' शब्द का इस्तेमाल हुआ है। भारतीय परंपरा, इतिहास और संस्कृति में राष्ट्र का अस्तित्व बहुत प्राचीन है। इतिहास के वैदिक युग से लेकर आधुनिक काल तक राष्ट्र भाव को बढ़ाने की ही बातें राष्ट्रीय विमर्श में रही हैं। किसी शब्द का प्रयोग भिन्न-भिन्न संदर्भों में भी हो सकता है। लेकिन 'स्टेट' जैसे शब्द का अर्थ स्वतः स्पष्ट होता है। भारतीय संविधान की मूल धारा में स्टेट (राज्य) का अर्थ राजव्यवस्था है। संविधान भी राजव्यवस्था का अंग है लेकिन सर्वोपरि है। संवैधानिक संस्थाएं राजव्यवस्था का उद्देश्य पूरा करने की माध्यम हैं। न्यायपालिका एक संवैधानिक संस्था है। विधायिका और कार्यपालिका भी संवैधानिक संस्थाएं हैं। भारत के महालेखा परीक्षक (कैग) भी संवैधानिक संस्था हैं। निर्वाचन आयोग भी प्रतिष्ठित संवैधानिक संस्था है। ऐसी सारी संवैधानिक संस्थाओं का गठन संविधान के अनुरूप हुआ है। भारतीय राजव्यवस्था के सिद्धांतों, मान्यताओं, नियमों और विधियों से राष्ट्रजीवन की गतिशीलता है। भारतीय राज्य की सभी संस्थाएं स्टेट का हिस्सा हैं। राष्ट्र राज्य का अर्थ संप्रभु सत्ता है। भारत संप्रभु राष्ट्र राज्य है। भारत की धरती और आकाश तक इस संप्रभुता की गहन उपस्थिति है। यह संप्रभुता भारत के संपूर्ण जन गण मन के माध्यम से संविधान में प्रकट हुई है। स्टेट का सामान्य अर्थ राजव्यवस्था या राज्य हो सकता है। कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका स्टेट के अभिन्न अंग हैं। कोर्ट, कचहरी, विधायिका, कार्यपालिका सहित सभी घटक राजव्यवस्था के अविभाज्य अंग हैं। साधारण सिपाही और विभिन्न संस्थाओं में काम करने वाला लिपिक भी राजव्यवस्था का अंग हैं। राजव्यवस्था में किसी भी अंग से संघर्ष की घोषणा सामान्य अपराध नहीं है। मूलभूत प्रश्न है कि राहुल गांधी की लड़ाई आखिरकार किस स्टेट के विरुद्ध है? बेशक स्टेट राजव्यवस्था के सभी अंग अलग-अलग काम करते हैं। लेकिन वस्तुतः वे स्टेट नाम की संस्था के अभिन्न अंग हैं। भारत के प्राचीन काल में भी खूबसूरत राजव्यवस्था थी। वैदिक साहित्य में राजा के निर्वाचन की विधि मिलती है। राजा के निर्वाचन के समय उत्सव होते थे। ऐसे ही उत्सव में कहते हैं कि, हे राजा! हम आपको राष्ट्र की भूमि की रक्षा करने, कृषि और पशुपालन की व्यवस्था करने, नागरिकों के लिए शिक्षा का प्रबंध करने के लिए चुनते हैं। आगे कहते हैं, आप अजेय रहें, आपकी कीर्ति और यश फैले। हम आपका अभिषेक करते हैं। राजा की भी शपथ होती थी। राजा कहता था कि, मैं राष्ट्र की रक्षा करूंगा। कृषि और पशुपालन को विकसित करूंगा। इस देश को वैभवशाली बनाऊंगा। यदि मैं ऐसा न कर पाऊं तो मेरे सारे पुण्य नष्ट हो जाएं। भारत के सभी नागरिक राजव्यवस्था का संरक्षण पाते हैं। स्टेट का कर्तव्य राजव्यवस्था का संचालन व अनुशासन सुनिश्चित करना है। प्रश्न है कि राजव्यवस्था को नष्ट करने और उससे लड़ने का कोई भी प्रयास राजद्रोह के दायरे में आता है? माओवादी हिंसा करते हैं। निर्दोष मारे जाते हैं। स्टेट माओवादियों से यथानियम निपटता है। माओवादियों और स्टेट के बीच का युद्ध वस्तुतः स्टेट पर ही हमला है और राजद्रोह है। आतंकवादी देश के कई भूभागों में निर्दोष नागरिकों को मारा करते हैं। वे स्टेट की परवाह नहीं करते। स्टेट उनसे लड़ता है। संघर्ष करता है। पूर्वोत्तर के तमाम उग्रवादी संगठन भी इसी श्रेणी में आते हैं। स्टेट सभी हिंसक संगठनों से लड़ने को बाध्य है। राहुल गांधी किस स्टेट से लड़ने की बात कर रहे हैं? श्रीलंका के उग्रवादी संगठन लिट्टे ने राजीव गांधी को मारा था। ऐसे सभी संगठन व्यक्तियों को निशाना नहीं बना रहे थे, वे स्टेट से ही युद्ध कर रहे थे। स्टेट को ध्वस्त करना चाहते थे। राष्ट्र को स्टेटलेस-राज्यविहीन बना रहे थे। महाभारत, रामायण में राजविहीन देश का दशा वर्णन है-व्यापारी व्यवसाय नहीं कर पाते। बच्चे पढ़ नहीं पाते। आचार्य यज्ञ नहीं कर पाते। आदि। सुंदर राजव्यवस्था जरूरी है। भारतीय स्टेट से लड़ना संभव नहीं है। स्टेट के पास राजव्यवस्था चलाने की शक्ति है। यह शक्ति संविधान ने दी है। राहुल गांधी जी स्टेट से क्या उम्मीद रखते हैं? क्या स्टेट आतंकवादियों, अलगाववादियों की वंदना करे? उन्होंने अपना मंतव्य स्पष्ट नहीं किया है। संविधान की प्रति जेब में रखना और उसके खात्मे का आरोप लगाना आसान है। भाजपा या संघ से लड़ना आसान है। यह सामान्य लोकतांत्रिक कार्यवाही है। हमारे संविधान ने विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार माना। संविधान (अनुच्छेद 19) ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देते हुए लोकव्यवस्था को महत्वपूर्ण उन्मुक्ति दी है। राहुल गांधी लोक व्यवस्था की परवाह नहीं करते और न ही राजव्यवस्था की। कांग्रेस को राहुल गांधी के बयान की निंदा करनी चाहिए। उनके वक्तव्य गंभीर हैं। 1971-72 के साल जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में संपूर्ण क्रांति आंदोलन हुआ था। आंदोलनकारियों का मुख्य नारा ध्यान देने योग्य है, हमला चाहे जैसा भी हो हाथ हमारा नहीं उठेगा। लेकिन आंदोलनकारियों को मारा-पीटा गया। जेल में डाला गया। कांग्रेस की तरफ से बयान आया कि, यह पुलिस वालों को उत्तेजित करने का प्रयास है। इसलिए यह राजद्रोह है। 1975 में आपातकाल लगा। लाखों लोग जेल भेजे गए। इन पंक्तियों के लेखक को भी आपातकाल में 19 माह तक जेल में रखा गया। मौलिक अधिकार निलंबित हो गए। लोकतांत्रिक ढंग से किए गए कार्यों को आपराधिक कार्य मानना गलत है। स्टेट से संघर्ष की घोषणा अच्छी नहीं है। इस संघर्ष का रूप स्वरूप उन्होंने नहीं बताया। उन्हें चिढ़ भाजपा और भाजपा की सत्ता से है। वह स्वयं नेता प्रतिपक्ष हैं। वह भी स्टेट का हिस्सा हैं। स्टेट से लड़ने की घोषणा करना निंदनीय है। लोकतंत्र में इस या उस दल या दल समूह की सरकारें आती हैं और जाती रहती हैं। इस समय मोदी सरकार है तो मोदी के पहले कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। सरकार के कामकाज की आलोचना विपक्ष का अधिकार है। लेकिन चुनाव मैदान में अपेक्षानुसार सीटें न पाने से आहत कांग्रेस को ऐसी बयानबाजी से बचना चाहिए। संविधान खतरे में नहीं है। स्टेट या राजव्यवस्था भी नहीं। संविधान को खतरे में बताना न उचित रहा है और न ही इस समय है। संविधान को बचाने निकले नेता प्रतिपक्ष संविधान से ही लड़ाई करने निकल पड़े हैं। नेता प्रतिपक्ष संभवतः इतनी छोटी-सी बात भी नहीं जानते कि संविधान भी स्टेट का हिस्सा है। स्टेट के कार्य संचालन के लिए संविधान ही मार्गदर्शी है। उन्हें और उनके समर्थकों को संविधान की उद्देशिका पढ़नी चाहिए। उद्देशिका इस देश को आर्थिक, सामाजिक न्याय दिलाने की बात करती है। परस्पर भाईचारा बनाने के लक्ष्य के लिए भी उद्देशिका पठनीय है। संविधान की पूरी योजना भारत के भविष्य से जुड़ी हुई है। सभी संस्थाओं को आदर देना और उनके कृतित्व के प्रति सजग रहना आज की आवश्यकता है। स्टेट से लड़ने की घोषणा आहतकारी है। अलगाववादी आतंकवादी संगठन भी राजव्यवस्था से लड़ रहे हैं। **-हृदयनारायण दीक्षित**

# महाकुंभ में स्वच्छता के उच्च तकनीकी समाधान

**डॉ. जितेंद्र सिंह**

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ क्षेत्र में महा-आयोजन की व्यापकता और विशालता दिख रही है। वहां उपस्थित विशाल मानव समूह की केवल कल्पना कीजिए जहां प्रत्येक व्यक्ति आस्था और भक्ति के सागर में हिलोरें ले रहा है। लेकिन विश्व की इस विस्मयकारी महाघटना में पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करने वाले मूक नायक के तौर पर उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन प्रौद्योगिकियां काम कर रही हैं। एक भव्य संगीत सिम्फनी के अनाम परिचालकों की तरह ये नवाचार सुनिश्चित करते हैं कि सफाई और स्वच्छता, संगीत के हर सुर-लहरी की तरह पूरी तरह लयबद्ध हो। महाकुंभ में उच्च तकनीक वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से लेकर प्राकृतिक शुद्धिकरण तालाबों तक, प्रत्येक उपाय पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परंपरा और प्रौद्योगिकी का यह सामंजस्यपूर्ण मिश्रण न केवल महाकुंभ के आध्यात्मिक सार को संरक्षित करता है, बल्कि दुनिया भर में भविष्य के बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले समारोहों के लिए मानक भी स्थापित करता है। एक हलचल भरे शहर की कल्पना करें जो रातोंरात अस्तित्व में आ गया हो, जहां करोड़ों लोग एक भव्य आयोजन के लिए जुटे हों। 45 दिनों के इस विशाल धार्मिक आयोजन, जिसमें अनुमानित तौर पर 40 करोड़ आगंतुक पहुंचे हों, वहां हर दिन उत्पन्न कचरे का प्रबंधन हैरत में डालने वाला है। हालांकि इससे अधिकारी विचलित नहीं हुए और उन्होंने इस कठिन कार्य के लिए भारत के दो प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) की मदद ली है। महाकुंभ में उत्पन्न अपशिष्ट दिमाग को चकरा देने वाला है। वहां हर दिन लगभग 16 मिलियन लीटर मल विष्ठा, 240 मिलियन लीटर ग्रे-वाटर (शौचालय को छोड़ कर अपशिष्ट जल) और करोड़ों तीर्थयात्रियों द्वारा बड़े पैमाने पर उत्पन्न ठोस अपशिष्ट शामिल हैं। इसके निपटान प्रबंधन के लिए परिष्कृत समाधानों की आवश्यकता पड़ी और तभी उन्नत प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल काम आया। इनमें से एक हाइब्रिड ग्रेनुलर सीक्वेंसिंग बैच रिएक्टर (एचजीएसबीआर) है, जिसे इसरो और बार्क के सहयोग से विकसित किया गया है। ये उच्च तकनीक की वॉशिंग मशीन जैसा है जो कपड़े साफ करने की बजाय सीवेज का निपटान करता है। इस तकनीक का उपयोग तीन प्रीफैब्रिकेटेड मल विष्ठा ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) में किया जा रहा है, जो मानव अपशिष्ट को कुशलतापूर्वक संसाधित कर सुनिश्चित करता है कि वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित रहे। वहां एक अन्य तकनीक जीओ ट्यूब टेक्नोलॉजी अपनाई जा रही है जो कचरे के नियंत्रण और उपचार में सहायक है। यह सुनिश्चित करती है कि पर्यावरण में केवल स्वच्छ पानी ही छोड़ा जाए। यह एक विशाल चाय बैग की तरह है जो बड़ी मात्रा में तरल अपशिष्ट सोखकर उसे साफ करता है। महाकुंभ में स्वच्छता के लिए इस्तेमाल की जा रही एक अन्य तकनीक बायोरिमेडिएशन है। यह बड़े तालाबों के लाभकारी सूक्ष्मजीवों जैसा है जो प्रदूषकों को विखंडित कर पानी को शुद्ध करता है। इस प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल विधि को लगभग 75 बड़े तालाबों में एकत्र किए गए ग्रेवाटर में इस्तेमाल की जाएगी ताकि जल को प्रभावी और सुरक्षित रूप से उपचारित किया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार ने 7,000 करोड़ रुपये के कुल महाकुंभ बजट में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता दर्शायी है। वहां अपशिष्ट और जल प्रबंधन के लिए 1,600 करोड़ रुपए और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बुनियादी ढांचे के लिए 316 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह वित्तीय और ढांचागत प्रतिबद्धता आयोजन के दौरान स्वच्छता और साफ-सफाई बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करता है। स्वच्छता उपायों में इन प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का उद्देश्य महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताओं को कम करना है। वे नदी के जल प्रदूषण को रोकते हैं, अपशिष्ट और सीवेज से संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को कम करते हैं और बड़े पैमाने पर लोगों के एकत्रित होने के पारिस्थितिकी नुकसान में कमी लाते हैं। अपशिष्ट प्रबंधन परिचालन रणनीति में मैनुअल हैंडलिंग को कम से कम करना, उन्नत तकनीकों का उपयोग कर स्रोत-स्तरीय अपशिष्ट पृथक्करण पर जोर देना और व्यापक निपटान तंत्र को लागू करना शामिल है। इसके अतिरिक्त वहां अन्य आरंभिक उपायों में 1 लाख 45 हजार पोर्टेबल शौचालयों की स्थापना, निरंतर सफाई के लिए बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती, पर्याप्त चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और एक व्यापक अपशिष्ट संग्रह और प्रबंधन बुनियादी ढांचे शामिल हैं।

## सेहत मंत्र

# मीठी तुलसी से मिलते हैं कई फायदे

तुलसी के औषधीय गुणों के बारे में तो आपने यकीनन सुना ही होगा। आमतौर पर लोग घरों में तुलसी का पौधा लगाकर ना सिर्फ उसका सेवन करते हैं, बल्कि उसकी पूजा भी करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी मीठी तुलसी और उससे मिलने वाले फायदों के बारे में सुना है। स्टीविया जिसे मीठी तुलसी के नाम से भी जाना जाता है, इसका स्वाद चीनी से भी 300 गुना मीठा होता है और यह सेहत के लिए भी उतनी ही गुणकारी है। स्टीविया वास्तव में सूरजमुखी परिवार के लगभग 240 प्रजातियों में पाया जाने वाला एक जीनस है, जो मुख्य रूप से अमेरिका के अलग-अलग भागों में पाया जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि इसका इस्तेमाल सालों से एक स्वीटनर के रूप में किया जाता रहा है। वैसे यह मधुमेह रोगियों के लिए बेहद ही लाभकारी है। ग्लूकोज रक्त पर स्टीविया का प्रभाव नग.य होता है, यहां तक कि ग्लूकोज सहनशीलता को यह बढ़ाता है, इसलिए, यह नेचुरल स्वीटनर के रूप में मधुमेह रोगियों और कार्बोहाइड्रेट नियंत्रित आहार पर रहने वाले अन्य लोगों के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट का यह भी मानना है कि स्टीविया यानि मीठी तुलसी आपके शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाती है और ऐसा इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स के कारण होता है। गौरतलब है कि स्टीविया में फलेवोनोइड्स, टैनिन, ट्राइटरपेन्स, कैफीनोल, कैफिक एसिड और क्वेरसेटिन जैसे कई एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। जो हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप अपना वजन नेचुरली कम करना चाहते हैं तो ऐसे में स्टीविया को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। दरअसल, यह एक नेचुरल स्वीटनर है, जिसके कारण इसे प्रोसेस्ड नहीं किया जाता। रिसर्च से भी यह साबित हुआ है कि स्टीविया में मिठास चीनी से कहीं ज्यादा होता है, लेकिन इसमें कैलोरी की मात्रा बहुत ही कम होती है। ऐसे में अगर आप अपने स्वाद से समझौता किए बिना वजन को नियंत्रित रखना चाहते हैं तो मीठी तुलसी यकीनन इसमें आपकी मदद करेगी।

## धर्म मंत्र

# सबकुछ दिलाता है 16 दिवसीय महालक्ष्मी पूजन

महालक्ष्मी के पूजन का यह सोलह दिवसीय अनुष्ठान भाद्रपद शुक्ला अष्टमी से प्रारम्भ होकर आश्विन कृष्णा अष्टमी को पूर्ण होता है। धनधान्य की देवी महालक्ष्मी को प्रसन्न करने हेतु सोलह दिन तक लगातार व्रत और उनकी पूजा तो की ही जाती है सोलह धागों से बना हुआ सोलह गांठयुक्त एक धागा भी हाथ में बांधा जाता है। अंतिम दिन पूजा करते समय इस धागे को उतार कर किसी सरोवर अथवा नदी में विसर्जित कर दिया जाता है। अनुष्ठान के एक दिन पूर्व सूत के सोलह धागों का एक डोरा बनाकर उसमें सोलह गांठें लगाई जाती हैं। फिर उसे हल्दी में रंग कर सुखा लेते हैं। व्रत और पूजा करने वाली स्त्रियां प्रतिदिन प्रातः काल किसी नदी या सरोवर में स्नान करके सूर्य को अर्घ्य देती हैं। सुहागिन स्त्रियां चालीस अंजलि और विधवा सोलह अंजलि अर्घ्य देती हैं। इसके बाद घर आकर एक चौकी पर डोरा रखकर लक्ष्मीजी का आह्वान करती हैं और डोरे का पूजन करती हैं। फिर सोलह बोल की यह कहानी कहती हैं? 'आमोती?दमोती रानी, पोला?परपाटन गांव, मगरसेन राजा, बंभन बरूआ, कहे कहानी, सुनो हे महालक्ष्मी देवी रानी, हम कहते तुमसे, सुनते सोलह बोल की कहानी।' इसी प्रकार आश्विन कृष्णा अष्टमी तक सोलह दिन व्रत और पूजा की जाती है। आश्विन कृष्णा अष्टमी अर्थात क्वार के प्रथम पक्ष की आठे को एक मंडप बनाकर उसमें लक्ष्मी जी की मूर्ति, डोरा और एक मिट्टी का हाथी रखकर पूजा की जाती है और फिर सोलह बार उपरोक्त कहानी कहकर अक्षत छोड़ती हैं। पूजा के लिए सोलह प्रकार के पकवान बनाये जाते हैं और पूरे धूमधाम से पूजा की जाती है। सोलह ब्राह्मणियों को भोजन कराकर पूजा की सभी वस्तुएं उन्हें दे दी जाती हैं और डोरे को सिरा दिया जाता है।

## पर्यटन



# ओडिशा में मौजूद हैं भारत की खूबसूरत झीलें

ओडिशा टूरिस्ट के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। भव्य मंदिरों, संग्रहालयों और मठ, समुद्र तट, जंगल और हरी-भरी पहाड़ियों के अलावा यहां पर कुछ बेहतरीन झीलें है। ओडिशा की झीलें प्राकृतिक और मानव निमित दोनों हैं और स्थानीय और पर्यटकों दोनों के लिए दर्शनीय स्थल हैं। चिल्का झीलः चिल्का झील सबसे बड़ी और ओडिशा की सबसे लोकप्रिय झीलों में से एक है। भारत में सबसे बड़ी खारे पानी की झील है और दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी है। हर तरफ हरे भरे जंगलों से घिरा, चिल्का झील पर्यटकों को बर्ड वॉचिंग, पिकनिक, बोटिंग और मछली पकड़ने के लिए बेहतरीन है। चिल्का झील झील की यात्रा के लिए नवंबर से मार्च सही समय है क्योंकि साइबेरिया से बहुत से प्रवासी पक्षी यहां आते हैं। अंसुपा झीलः महानदी नदी के किनारे पर स्थित है और सारनदा हिल्स और बिष्णुपुर हिल्स से घिरा हुआ है, अंसुपा झील में अपार प्राकृतिक सुंदरता और विदेशी वनस्पति और जीव हैं। यह तैरते, जलमग्न और उभरते हुए जलीय पौधों और कई जलीय जीवों का घर है। यह झील न केवल वनस्पति विज्ञानियों और प्राणीविदों को आकर्षित करती है, बल्कि इसकी समृद्ध जैव विविधता भी बेहद लोकप्रिय है। आप यहां पर एक बस झील के किनारे बैठकर, शांत वातावरण का आनंद ले सकता है। पाटा झीलः छतरपुर शहर के पास स्थित, पाटा झील ओडिशा में मीठे पानी की झीलों में से एक है, जो साल भर पर्यटकों द्वारा घूमती है। खूबसूरत परिवेश से लेकर अपनी स्फूर्तिदायक ताजगी के लिए, पाटा झील काफी सुंदर जगह है और स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है। कंजिया झीलः यदि आप भुवनेश्वर में हैं, तो कांजिया झील को अपनी सूची में जरूर रखें। शहर के बाहरी इलाके में स्थित, यह झील 66 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है और इसे प्रमुख जल स्रोत माना जाता है। वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध जैव विविधता इसे ओडिशा की एक महत्वपूर्ण झील बनाती है। नंदन कानन जूलॉजिकल पार्क से जाने या वापस आते समय लोग आम तौर पर इस झील का दौरा करते हैं। अपर जोंकः यह जोंक नदी के पास पटोरा गांव में स्थित है।

# गोप ने की वंचित गरीब परवर बाबू रामचंद्र की प्रतिमा की स्थापना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। एवं सपा के कद्दावर नेता अरविंद कुमार सिंह ने वर्तमान पीढ़ी में नैतिकता बोध हेतु आवाहन करते हुए कहा कि पूर्वजों के कार्यों विचारों से नई पीढ़ी को अवगत कराना होगा।जिससे कि युवा पीढ़ी को स्मरण रहे। इसके लिए हम सबको निरंतर अपने पूर्वजों के व्यक्तित्व कृतित्व को उनकी प्रतिमाएं पुस्तके रूप में युवा पीढ़ी को सौपना होगा तभी आज की पीढ़ी इन महापुरुषों के कार्य और विचारों से अवगत हो सकेगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप आज सर्व समाज के जननायक गरीबों मजलूमों वंचित शोषित के सच्चे हितैषी पूर्व विधायक/ विधान परिषद सदस्य स्वर्गीय रामचंद्र बक्श सिंह के कार्यों विचारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के हेतु जन-जन में व्याप्त उनके प्रति आस्था विश्वास से प्रभावित होते हुए रामचंद्र बक्श सिंह की एक आदमकद प्रतिमा लखपेड़ा बाग लांन में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बाबू रामचंद्र बक्श सिंह के ज्येष्ठ पुत्र अजय वर्मा बबलू द्वारा आयोजित प्रतिमा समर्पित समारोह में बाबू रामचंद्र बक्श सिंह के परिवारवालों एवं अनुयायियों को समर्पित करने पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। पूर्व मंत्री गोप ने आगे कहा की बाबूजी जैसा सरल और संवेदनशील व्यक्तित्व बहुत कम लोगों में होता है उनके कार्य व्यवहार के साथ उनका जनमानस के प्रति समर्पण बहुत सराहनीय था उन्होंने सर्व समाज के हक अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए कोई भी संघर्ष करने से नहीं चूके उनके कार्यों विचारों का ही प्रताप है कि उनकी आदमकद प्रतिमा बहुत शीघ्र जनपद वासियों एवं युवा पीढ़ी को मार्गदर्शन देने के लिए स्थापित होगी नगर में महत्वपूर्ण स्थान पर बाबूजी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए मुझे चाहे लखनऊ से लेकर दिल्ली तक पैरोकारी करनी पड़े उसको करते हुए इस कार्य को पूर्ण करना मेरी जिम्मेदारी है। इसके पूर्व बाबूरामचंद्र बक्श सिंह जी के अनुयायियों एवं

### पीडीए को साधने में अहम निर्णय

पारिवारिक सदस्यों ने इस सराहनीय कार्य को करने के लिए अरविंद कुमार सिंह गोप का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें गुलदस्ता फूल माला भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, रणधीर सिंह सुमन, विवेकानंद पांडेय, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार वर्मा, हनुमान वर्मा, श्याम बिहारी वर्मा, सोनेलाल वर्मा, बृजमोहन वर्मा, आसाराम वर्मा, जितेंद्र वर्मा, रामनिवास वर्मा, डॉक्टर जसवंत सिंह, प्रताप मिश्र, छोटे लाल यादव, डॉक्टर सुधीर वर्मा, सरताज चौधरी, जितेंद्र पटेल, फराजुद्दीन किदवाई, प्रदीप कुमार सिंह, नरेंद्र वर्मा, विकास यादव, सरताज चौधरी, हुमायूं नईम खान, छोटे लाल यादव, हिमांशु यादव, विजय यादव, डॉ विवेक वर्मा, डॉक्टर समर सिंह वर्मा, हसमत अली, मेराज प्रधान, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान आदि प्रमुख लोगों ने विचार रखे। उपस्थित जन समूह ने अरविंद कुमार सिंह गोप के इस कृतित्व की भूरि-भूरि सराहना कीऔर आभार भी जताया।कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद सबाह ने किया।

# गणतंत्र दिवस की भव्यता हेतु निकली तिरंगा यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । गणतंत्र दिवस की भव्यता रूप दिए जाने हेतु गांव में तिरंगा यात्रा निकाल कर ग्रामीणों को राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाने के लिए प्रेरित किया गया। रविवार को ग्राम पंचायत हजरतपुर में एक भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। प्रधान प्रतिनिधि औन मियां के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

हजरतपुर बड़ी हवेली फाटक से शुरू हुई इस रैली को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जुल्फी मियां, सपा युवा नेता आदिल काजमी और पुत्तन अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली हसनापुर, कटोरवा, कैरातिन पुरवा और हजरतपुर गांवों से होकर गुजरी, जहां युवा बाइकर्स ने तिरंगा लहराते हुए 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

यह चौथी तिरंगा बाइक रैली थी, जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय त्योहार को उत्साह से मनाना और देश के महापुरुषों को याद करना था। रैली के समापन पर कांग्रेस नेता जुल्फी मियां ने सभी प्रतिभागियों को मिठाई वितरित कर गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने की अपील किया। इस अवसर पर मकरू यादव, चंदन वर्मा, वासुदेव यादव, उमेश वर्मा, बबलू यादव, सरवन कुमार , मनोज कुमार, राजकुमार यादव संतोष शुक्ला, आजम खान ,इंद्रजीत, बबलू कनौजिया , सलमान खान, अरमान राईन, मोहमद अली खान , सहित सैकड़ों गाड़ियों से काफी लोगों की उपस्थिति रही। स्थानीय लोगों का इस आयोजन को भरपूर समर्थन मिला।यात्रा की समाप्ति पर प्रधान प्रतिनिधि औन मियां ने अपनी ग्राम सभा के सभी लोगो का यात्रा में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# बाइक की टक्कर से मासूम बच्ची की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। फतेहपुर थाना क्षेत्र के कसियापुर गांव के विमलेश कुमार की छःवर्षीय पुत्री सोनाक्षी सीतापुर निवासी अपनी नानी के घर से आज रविवार की सुबह लौटी थी। तीन बजे कुछ सामान लेने के लिए कसियापुर चौराहे पर गई थी। जहां महमूदाबाद मार्ग पर फतेहपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद दोनों सड़क पर गिर गए इसके बाद स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को पकड़ लिया और बालिका को उपचार के लिए आनन-फानन में फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बाइक सवार को अपने कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों की तहरीर पर पुलिस कार्यवाही कर रही है।

# कमरौली में खड़े ट्रेलर से कार की टक्कर में चालक की मौत, तीन लोग घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ वाराणसी राष्टीय राजमार्ग पर कमरौली के पास रेलवे क्रासिंग बंद होने पर हुआ हादसा**

अमेठी,लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीएचईएल फैक्ट्री के पास आज सुबह लगभग चार बजे एक सड़क हादसा हुआ।थाना कमरौली के पास स्थित रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण खड़े ट्रेलर में पीछे से एक के बाद एक तीन डीसीएम और एक कार टकरा गई।इस दर्दनाक हादसे में एक डीसीएम चालक रोहित पाण्डेय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य चालक गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों में डीसीएम यूपी 43 बी 5919 के चालक जितेंद्र सिंह पुत्र मुनेश्वर सिंह, डीसीएम यूपी 33 सीटी 0882 के चालक रोहित यादव पुत्र रामराज यादव और एर्टिगा कार यूपी 21 बी डी 9027 के चालक गुलजार पुत्र राशिद अली शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर पहुंचाया गया जहां पर उनका इलाज जारी है।दुर्घटना के बाद राजमार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ जिसे पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर सुचारू कर दिया। संभल निवासी कार चालक समेत सभी घायलों की स्थिति गम्भीर बनी हुई है।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अमिनेष कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### खेल लीग प्रतियोगिता के समापन में एसडीएम ने विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

अमेठी । युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में तथा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। आज अंतिम दिवस विजेता खिलाड़ियों को उप जिलाधिकारी न्यायिक अभिनव कनौजिया द्वारा पुरस्कार वितरण कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया गया। आज अंतिम दिन बैडमिंटन, कुश्ती, जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजयी खिलाड़ियों का एसडीएम न्यायिक द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# दुकान में आग लगी लाखों का सामान राख



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। जिले के जैदपुर कस्बा मोहल्ला मंगाताल के निकट स्थित आमीन मोबाइल शॉप में मध्य रात्रि में अचानक लगी आग में हजारों का सामान राख हुआ। दुकान से धुआं उठते देख रविवार की सुबह करीब 5 बजे दुकान संचालक अमीन को ग्रामीणों ने सूचना दी।कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन दुकान में रखा हुआ लाखों का सामान तबतक जलकर राख हो गया। वहीं अमीन ने पुलिस को तहरीर दी है।

# हडिंया कोल आश्रम पहुंचे धर्माचार्य संघ पदाधिकारी, की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### चिकित्सकों सेवकों का सम्मान

बाराबंकी। श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल में नौ जनवरी से प्रचलित निःशुल्क नेत्र (मोतियाबिन्द) आपरेशन के शिविर में मरीजों का हाल-चाल जानने रविवार को अयोध्या धाम से श्रीमद् जगदगुरू रामानुजाचार्य स्वामी ओम प्रपन्नाचार्य मानस किंकर जी महाराज आश्रम पहुंचे। और देश-विदेश से आये हुए डाक्टरों व सेवादारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मानस किंकर जी ने कहा कि इस स्थान पर साक्षात रोगहरण श्रीहनुमान जी विराजित हैं। जीवनदान देने वाला ये आयोजन बगैर हनुमान जी की कृपा से हो ही नही सकता। इस देव कार्य के लिए श्रीराम वनकुटीर ट्रस्ट के सभी लोग बधाई के पात्र हैं। स्वामी जी का स्वागत रोगहरण श्रीहनुमान जी के मन्दिर के महन्त भगवानदास जी व विष्णुदास जी ने अंगवस्त्र देकर किया।आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि संघ के वरिष्ठ प्रचारक वीरेन्द्र सिंह जी के नेतृत्व में अधिवक्ता परिषद् से जुड़े हुये उच्च न्यायालय मे प्रैक्टिस करने वाले तमाम लोग आश्रम पर पहुंचे एवं इस आयोजन के बारे में जानकारी ली।तथा ट्रस्ट के पदाधिकारियों से अगले वर्ष शिविर में सेवा करने के लिए अनुरोध भी किया।अधिवक्ताओं ने विवेकानन्द की प्रतिमा पर फूल अर्पित किये। स्वामी ओम प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने शिविर को अनुदान देने वाले भामाशाह, राम किशन राठी, शंकर लाल सोमानी, बजरंगी मलानी, हरिशंकर झंवर आश्रम की सबसे बुजुर्ग सदस्य 95 वर्षीय गोमती देवी आदि लोगों का माल्यार्पण कर उन्हें अंगवस्त्र देकर अर्शिवाद प्रदान किया। जयपुर से आई तीसरी पीढ़ी की दर्शिता दरक अपने माता-पिता भवानी दरक एवं सूचीस्मिता दरक के साथ आकर निःशुल्क कैन्टिन में राम-राम करके चाय बांटने का कार्य कर रही हैं। आज भी 250 की संख्या में मरीजों की ओपीडी कर भर्ती किया गया। इन सभी का आपरेशन डॉ जैकब की टीम आज कर देगी। कल अपराह्न पूर्व कैबिनट मंत्री अरविन्द सिंह गोप जी मरीजों का हाल-चाल लेने आश्रम पर पहुचेंगे इस अवसर पर शिवकुमार निगम, अंकित गुप्ता, शशि निगम, मंजु गुप्ता, अशोक गुप्ता, संजय यादव पलिया उपस्थित थे।

### प्रभारी मंत्री का द्विदिवसीय जनपद भ्रमण आज से अधिकारियों के साथ कल करेंगे बैठक

बाराबंकी। राज्यमंत्री कारागार एवं प्रभारी मंत्री सुरेश राही सोमवार को द्विदिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। सोमवार 20 जनवरी को प्रातः 10 बजे मुख्यालय आगमन होगा।मंत्री श्री राही विकासखंड हरख के पास ग्राम बलछत आश्रय स्थल का निरीक्षण करेंगे। उसके पश्चात इसी ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेरा का तथा कंपोजिट विद्यालय बरायन का भी निरीक्षण करेंगे। उसके पश्चात जल जीवन मिशन (ग्रामीण) बरायन पेयजल योजना का भी निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात ग्राम पंचायत कोला गहबड़ी के अमृतसरोवर का निरीक्षण करेंगे।
प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम चांदपुर, ग्राम पंचायत बरायन में स्थापित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा ग्राम चौपाल में प्रतिभागकरेंगे। उसके पश्चात जनपद बाराबंकी की पुलिस लाइन में 100 व्यक्तियों हेतु हॉस्टल/बैरक के निर्माण का भी निरीक्षण करेंगे।
जनपद भ्रमण के द्वितीय दिवस 21 जनवरी को प्रातः 10 बजे से जनपद स्तरीय समस्त अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे।

### शोभायात्रा में उमड़ी भीड़

सिद्धौर, बाराबंकी। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर के मोहल्ला मालवीय नगर से रविवार को निकली माता दुर्गा की शोभायात्रा मेंअपार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शोभायात्रा में शामिल पप्पू पंडित, सर्वेश महराज, श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के मंहत अनिलपुरी महराज,लवकुश मिश्रा,श्रवण मिश्रा,बीरु सोनी,राजू नाग, रवि सोनी, अरुण नाग,भोला सोनी,आदि श्रद्धालुओं द्वारा हर्षोल्लास पूर्वक खुशनुमा माहौल में माता दुर्गा जी की मूर्ति को क्षेत्र के बीबीपुर दुर्गा मंदिर ले जाया गया।वहां विधि-विधान पूर्वक हुए पूजा अर्चना के बाद माता दुर्गा जी की मूर्ति को लाकर *सिद्धौर कस्बे के मोहल्ला मालवीय नगर में सुन्दरता का भव्य रुप दिया गया। मंदिर
में माता जी की मूर्ति को स्थापित कर भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें भारी संख्या में कन्या व आमजन ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। शोभायात्रा व भंडारा दौरान माता जी के जयकारे वातावरण में गुंजायमान रहे। जिससे वातावरण भक्तिमय रहा।

### साढ़े चार बजे तक आज ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

सिद्धौर, बाराबंकी। विद्युत लाइन सही कराए जाने! अर्थात तार बदले जाने की वजह से सुसवाई फीडर की विद्युत सप्लाई *आज सोमवार* को सुबह साढ़े 11बजे से साढ़े चार तक बंद रहेगी।जिससे सुसवाई फीडर से जुड़े गांवों की विद्युत सप्लाई उक्त समयावधि में ठप रहेगी।यह जानकारी विद्युत विभाग के जेई दयाल चंद ने दी।?

### बिजली मीटर में हेरा फ़ेरी मुकदमा दर्ज कर

बनीकोडर बाराबंकी। उपखण्ड विद्युत वितरण रामसनेहीघाट पावर हाउस दुल्हदेपुर फीडर हथौंधा अंचल के कोटवा सड़क में एक उपभोक्ता व कारपोरशन को चूना लगाने वाले अज्ञात विभागीय के खिलाफ एसडीओ ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताते हैं कि उपभोक्ता ने विद्युत विभाग के किसी कर्मचारी से साठगांठ कर पुराने मीटर की रिडिंग जिसमें के हजारों का बकाया था, को गायब कर नया मीटर संख्या 5767814 लगवा लिया। मीटर रिडिंग लगभग 1300 दर्शा दी। उच्च अधिकारियों को भनक लगी। विभाग में हड़कंप मच गया। उपभोक्ता के घर लगे मीटर को कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज करा दिया । इस मामले में अधिशासी अभियंता अनुप कुमार ने बताया कि उपभोक्ता एवं अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### चेतना समिति की बैठक, बनी कार्य नीति

बाराबंकी। नववर्ष चेतना समिति की बैठक स्थानीय गन्ना दफ्तर के पास डा. विनय कुमार जैन के प्रतिष्ठान (जिला कार्यालय) पर आज नव वर्ष चेतना समिति के सदस्यों की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पंचपरिवर्तन से समाज परिवर्तन विषयक एक संगोष्ठी/व्याख्यान माला आगामी फरवरी माह में कराने पर विचार विमर्श हुआ। पंच परिवर्तन जिसमे कुटुम्ब प्रबोधन, स्वदेशी, सामाजिक समरसता, पर्यावरण एवं नागरिक कर्तव्य जैसे विषय होंगे।विषयक व्याख्यान माला में अनेकों विद्वतजनों का मार्गदर्शन मिलेगा। यह संगोष्ठी तीन सत्रों में एक ही दिन कराये जाने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय काल गणना की वैज्ञानिकता को जन मानस तक पहुँचाना है। बैठक में मुख्य रूप से चन्द्रशेखर काण्डपाल, राजीव श्रीवास्तव, अजय मिश्रा, हरिनाम वर्मा, आलोक तिवारी, राम सजीवन यादव एवं राम स्वरूप यादव उपस्थित रहे।

# डॉ सुप्रीत वर्मा ने लगातार दूसरी बार टाटा मुंबई मैराथन पूरी की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। नगर निवासी डॉ सुप्रीत वर्मा ने टाटा मुंबई मैराथन लगातार दूसरी बार पूरी की है। कभी न रुकने वाले शहर मुंबई में रविवार को टाटा मुंबई मैराथन 2025 का आयोजन हुआ।

जिले के गोमती हॉस्पिटल की निदेशक श्रीमती पल्लवी वर्मा ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि हमारे बेटे डॉ सुप्रीत वर्मा ने इस मैराथन को लगातार दूसरी बार पूरी की है। अभी तक कुल 10 मैराथन दौड़ चुके है। देश से बहुत से लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। इसे एशिया के सबसे लोकप्रिय मैराथनों में से एक माना जाता है। मैराथन के 50 साल पूरे होने पर शाम को वानखेड़े स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया गया है। यह मुंबई का गौरव है। 42 किलोमीटर की कठिन और रोमांचकारी दूरी की दौड़ है एक अवर्णनीय गतिविधि है। श्रीमती वर्मा ने बताया कि डॉक्टर सुप्रीत अपने स्वास्थ्य को लेकर कोविड के दौरान से ही दौड़ना शुरू किया था। बेंगलुरु में 50-50 किलोमीटर की दो मैराथन दो बार पूरी की है । कई बार हाफ मैराथन भी पूरी किया है। ये दसवां मैराथन है। टाटा मुंबई मैराथन लगातार दूसरी बार पूरी की है। दसवें मैराथन दौड़ पूरी होने पर सभी शुभचिंतको ने बधाई दी है।

### घने कोहरे में भी गोमती मित्रों ने किया श्रमदान

सुल्तानपुर। यह जुनून नहीं तो और क्या है जब घने कोहरे,बादलों की आवाजाही और हड्डियों को गला देने वाली ठंड में भी गोमती मित्रों का झुंड प्रातः 06:00 बजे से सीताकुंड धाम पर बड़ी ही तन्मयता से अपने साप्ताहिक स्वच्छता जागरूकता श्रमदान के लिए लगा हुआ था, ना तो उन्हें कोहरे से दिक्कत थी और न ही सर्दी से समस्या और इन सब के पीछे कारण था सीता कुंड धाम को साफ सुथरा रखने का संकल्प व मां गोमती की अविरल लहरों की कामना। श्रमदान 9:30 बजे तट, सम्पूर्ण परिसर, श्राद्ध स्थल, सीता उपवन की साफ सफाई के साथ संपन्न हुआ। शाम को होने वाली आरती के लिए भी पूरी तैयारी की गई साथ ही प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भी स्वच्छता जागरूकता श्रमदान के लिए जाने को विचार विमर्श हुआ। श्रमदान में मुख्य रूप से संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, राकेश सिंह दद्दू, अजय प्रताप सिंह, राम क्विंचल मौर्या, मुन्ना पाठक, अजीत शर्मा, राकेश मिश्रा, अमित पांडा, दिनकर प्रताप सिंह, मुन्ना सोनी, दाऊजी, सुजीत कसौधन, अर्जुन, अभय, आयुष, अर्पित, रोहित, रुद्रा आदि उपस्थित रहे।

# प्रभु राम का जनकपुर भ्रमण फुलवारी लीला, दृश्य देख भाव विभोर हुए श्रोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। कस्बा बड़ागाँव स्थित रामलीला मैदान में चल रही ऐतिहासिक श्रीरामलीला (धनुषयज्ञ) के तीसरे दिन रामनगरी अयोध्या से आये मारुतिनंदन नाट्य कला केंद्र के कलाकारों द्वारा फुलवारी लीला व नगर दर्शन का मंचन किया गया। लखन ह्रदय लालसा बिशेषी जाय जनकपुर आवें देखी मंचन में लक्ष्मण जी के ह्रदय में लालसा होती है कि मैं जनकपुर जाकर देखू तो वह रामजी को इशारों इशारों में कहते है तब भगवान श्रीराम गुरु विश्वामित्र महराज से आज्ञा लेकर राम -लक्ष्मण दोनों भाई जनकपुर देखने के लिए चल देते है। दोनों भाई जैसे ही जनकपुर में प्रवेश करते है तो वहाँ के नर नारी दोनों भाइयों को देखकर खिड़कियों के झरोखे से पुष्प वर्षा कर स्वागत करते है। ऐसे सुन्दर बालको को देखकर जनकपुर के लोग ख़ुशी से नही समा रहे है। जब राम लक्ष्मन जनकपुर की बाजार पहुँचते है तो वहाँ के दुकान लगाये लोगो की इच्छा होती है कि भगवान श्रीराम हमारी दुकान से कुछ न कुछ खरीद ले जिससे मैं धन्य हो जाऊ । बाजार से वापसी के दौरान भगवान श्रीराम पूजा के लिए जब फुलवारी में फूल तोड़ने के लिए जाते है तो वही पर जनकनन्दनी सीता गौरी पूजन के लिए फूल तोड़ रही होती है सीता जी को देखकर मुग्ध हो जाते है वही सीता जी भी भगवान को देखकर मोहित हो जाती है। बाद विश्वामित्र दोनों भाईयों को लेकर सीता स्वयंवर में ले जाते हैं।

इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष मास्टर सुरजन यादव, कोषाध्यक्ष कल्लू यादव, मेला सचिव विजय वर्मा रामू वर्मा, बब्लू वर्मा, श्यामाचरण गुप्ता, राम अवध गुप्ता, सुबोध श्रीवास्तव, लल्लू यादव, राजेन्द्र यादव, कल्लू यादव,मनोज गुप्ता, सुरज यादव, मन मोहन सैनी सहित तमाम दर्शक गण मौजूद रहे।

# चैंपियंस ट्रॉफी में सूर्यकुमार की कमी खलेगी वह 'एक्स-फैक्टर' हो सकता था: रैना

एजेंसी



नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है कि भारत को आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की कमी खलेगी और वह टीम के लिए 'एक्स फैक्टर' साबित हो सकते थे। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी।

सूर्यकुमार और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया है जिसकी घोषणा शनिवार को की गई थी। वनडे विश्व कप 2023 में खेलने वाले छह खिलाड़ी भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाए। सूर्यकुमार और सिराज के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों को टीम में जगह नहीं मिली उनमें प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर और इशान किशन शामिल हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। रैना ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा,'' सूर्यकुमार विश्व कप टीम का अभिन्न अंग थे। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो मैदान के किसी भी स्थान पर शॉट मार सकता है। वह खेल के किसी भी चरण में नौ रन प्रति ओवर की दर से रन बना सकता है। वह अपने विशेष खेल से प्रतिद्वंदी टीम पर हावी होने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा,''अगर सूर्यकुमार टीम में होता तो वह एक्स फैक्टर होता। टीम को उसकी कमी खलेगी। अब जिम्मेदारी चोटी के तीन बल्लेबाजों पर होगी जो कि अभी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। सूर्यकुमार एक ऐसा बल्लेबाज है जो किसी भी तरह की स्थिति में बल्लेबाजी कर सकता है। रैना ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर बनी अनिश्चितता और मोहम्मद शमी की लंबे समय के बाद वापसी को देखते हुए सिराज बेहतर विकल्प हो सकते थे। हालांकि उनका मानना है कि सिराज अभी टीम में जगह बना सकते हैं। उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया में सिराज ने अच्छी गेंदबाजी की थी लेकिन आप 12 फरवरी तक टीम में बदलाव कर सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि अगर बुमराह पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं तो सिराज टीम में वापस आ सकते हैं। रैना ने कहा , ''हर्षित राणा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उसके पास अच्छी गति, अच्छा बम्पर, वेरिएशन, यॉर्कर है। वह और अर्शदीप सिंह दोनों डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर सकते हैं लेकिन मुझे अब भी लगता है कि अगर बुमराह नहीं हैं तो सिराज बेहतर विकल्प हैं। बुमराह जहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस महीने के शुरू में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान हुई पीठ की ऐंठन से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं वहीं शमी ने एड़ी की चोट से उबरने के बाद विश्व कप 2023 के बाद पहली बार वनडे टीम में वापसी की है। रोहित भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे जबकि युवा प्रतिभाशाली बल्लेबाज शुभमन गिल को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। रैना ने इस फैसले को दूरदर्शी कदम बताया। उन्होंने कहा, ''गिल को सही समय पर उप-कप्तानी मिली है। वह भारतीय क्रिकेट के अगले सुपरस्टार हैं और उन्होंने वनडे में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। रोहित जानते हैं कि एक युवा खिलाड़ी को कैसे तैयार करना है और गिल टीम के लिए क्या विशेष कर सकते हैं। भारत ने दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। पहली बार 2002 में वह श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता बना था जबकि दूसरी बार 2013 में उसने यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती थी। रैना का मानना है कि रोहित शर्मा की टीम चैंपियन बनने की क्षमता रखती है।

# वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर भारत ने शुरू किया अंडर-19 महिला विश्व कप में खिताब बचाव का अभियान

एजेंसी



कुआलालंपुर। भारतीय अंडर 19 महिला टीम ने विश्व कप में अपने खिताब के बचाव का शानदार आगाज करते हुए रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट की प्रभावशाली जीत दर्ज की। भारत ने ग्रुप ए के इस मैच में वेस्टइंडीज की पारी को महज 44 रन पर समेटने के बाद 4.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका सिसौदिया (सात रन पर तीन विकेट) और आयुषी शुक्ला (छह रन पर दो विकेट) के साथ-साथ तेज गेंदबाज वीजे जोशीथा (छह रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी भी भारत ने यहां बयूमास ओवल में वेस्टइंडीज की टीम को 13.2 ओवर पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज के सिर्फ दो बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में रन बना सके। केनिका कैस्सार ने 29 गेंद में 15 जबकि सलामी बल्लेबाज असाबी कैलेंडर ने 12 रन का योगदान दिया। टीम के पांच बल्लेबाज खाता खोले बगैर आउट हुए। भारत ने विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमालीनि (13 गेंद में नाबाद 16 रन) और सानिका चालके (11 गेंद में नाबाद 18 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से 94 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज को एकमात्र सफलता जहजारा क्लैक्सटन ने त्रिशा जी (चार रन) को आउट कर दिलायी। भारतीय टीम अब मंगलवार को मलेशिया के खिलाफ खेलेगी। इस ग्रुप में श्रीलंका की टीम भी शामिल है।

# गम में बदली मनु भाकर की खुशी, सड़क हादसे में परिवार के दो सदस्यों को खोया

एजेंसी



चरखी दादरी। ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के मामा और नानी की रविवार को एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को गलत दिशा से टक्कर मार दी। घटना चरखी दादरी में हुई, जहां दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। गौरतलब है कि मनु भाकर को हाल ही में राष्ट्रपति द्वारा खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस खुशी के कुछ दिन बाद ही उनके परिवार पर यह दुखद घटना घटी। मनु के मामा युद्धवीर आज सुबह अपनी मां सावित्री के साथ स्कूटी पर सवार थे। युद्धवीर हरियाणा रोडवेज में चालक थे और ड्यूटी पर जा रहे थे। सावित्री अपने छोटे बेटे के घर लोहारु चौक जा रही थीं। महेंद्रगढ़ बाईपास रोड पर कलियाणा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार ने गलत दिशा से आकर उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। युद्धवीर (50 वर्ष) और सावित्री (65 वर्ष) दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। कार भी सड़क किनारे पलट गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है। युद्धवीर और सावित्री भिवानी जिले के कलाली गांव के रहने वाले थे।

# जीआई-पीकेएल: कबड्डी के सितारों ने शुरू किया प्रशिक्षण

**ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग की शुरुआत से पहले खिलाड़ी जमकर बहा रहे पसीना**

एजेंसी




गुरुग्राम। आगामी ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) में शामिल राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने मैट पर जमकर पसीना बहाना शुरू कर दिया है। लीग में मिस्र, केन्या, अर्जेंटीना, ताइवान जैसे कई देशों की भागीदारी देखी जाएगी। इसके अलावा पोलैंड खिलाड़ियों का ड्राफ्ट जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, पुरुष और महिला दोनों एथलीटों ने लीग में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपनी तैयारी तेज कर दी है। एक तरफ सविन नरवाल, संदीप कंडोला, अजय कुमार और कपिल नरवाल जैसे प्रमुख खिलाड़ी अपने खेल को बेहतर से बेहतरीन बनाने में लगे हुए हैं, तो दूसरी ओर एम अनिता, इंद्रा रोहिणी, अरुल संथिया और सेल्वरेबिक्षा जैसे राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेताओं ने भी अपने-अपने राज्यों में अभ्यास सत्र शुरू कर दिया है। रांची में तैनात भारतीय सेना के राइफलमैन सविन नरवाल अपनी बटालियन में रहते हुए अपने कबड्डी कौशल को निखार रहे हैं। कई कबड्डी लीगों में भाग लेने के बाद राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सविन जीआई-पीकेएल में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। लीग के बारे में सविन नरवाल ने कहा कि ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग के लिए प्रशिक्षण बहुत अच्छा चल रहा है। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी की तरह जीआई-पीकेएल का हिस्सा होना मेरे लिए भी गर्व की बात है। मैं पहले भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेल चुका हूं और मैं अपने ए-गेम को फिर से मैट पर लाने के लिए उत्सुक हूं। इसी क्रम में कबड्डी की एक और जादूगर एम अनिता ने कहा कि जीआई-पीकेएल मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना एक ऐसा अद्भुत अनुभव होगा, जो विभिन्न खेल शैलियों को समझने का अवसर प्रदान करेगा। अरुल संथिया ने भी लीग को लेकर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एक ऐसी लीग का हिस्सा बनना जो दुनिया भर के खिलाड़ियों को एकजुट करती है, निश्चित तौर उत्साह का विषय है। मैं रणनीतियों को साझा करने और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से सीखने के लिए उत्सुक हूं। यह अनुभव निश्चित रूप से मेरे खेल को और बेहतर बनाएगा। खिलाड़ियों की भागीदारी और उत्साह के बारे में बात करते हुए होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कंथी डी. सुरेश ने कहा कि जीआई-पीकेएल को लेकर खिलाड़ियों और प्रशंसकों का उत्साह कबड्डी की बढ़ती लोकप्रियता और खेल को एकजुट करने की शक्ति को उजागर करता है। यह लीग हमारे उस दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो तमाम बाधाओं को तोड़ विभिन्न देशों की विभिन्न संस्कृतियों के सभी महिला और पुरुष खिलाड़ियों को एक जैसा मंच देने की सोच रखती है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 8.7 अरब डॉलर गिरकर 625.9 अरब डॉलर पर


एजेंसी



मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट होने से 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.7 अरब डॉलर लुढ़ककर 625.9 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.7 अरब डॉलर कम होकर 634.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.5 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 536.01 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 79.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 67.9 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 3.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 17.8 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 40 लाख डॉलर कम होकर 4.2 अरब डॉलर पर आ गया।

# सर्राफा बाजार में कमजोरी के रुख से सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी फीकी पड़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। लगातार तीन दिन की तेजी के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। आज सोने की कीमत में 160 रुपये से लेकर 170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 500 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81,260 रुपये से लेकर 81,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये से लेकर 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आई कमजोरी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 81,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 81,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 74,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 81,110 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 81,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# भारत को वैश्विक नवोन्मेषण केंद्र बनाने को शोध एवं विकास में पीएलआई योजना की जरूरत : डेलॉयट

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम बजट 2025-26 में शोध एवं विकास (आरएंडडी) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की घोषणा की जानी चाहिए। इससे विदेशी कंपनियों को आकर्षित करने और भारत को नवोन्मेषण का वैश्विक केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। डेलायट इंडिया के भागीदार (प्रत्यक्ष कर) रोहिंटन सिधवा ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी नीति पर काम कर रही है जिसमें कर रियायतें कम हों और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) या अन्य योजनाएं हों जिनसे निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिल सके। सिधवा ने साक्षात्कार में कहा, ''हमें भारत को दुनिया की अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला के रूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है और अगर ऐसी कोई नीति हो सकती है जो इसे प्रोत्साहित करे, जैसे अनुसंधान एवं विकास के लिए पीएलआई जिसमें विदेशी कंपनियां शामिल हों, तो यह पासा पलटने वाला साबित हो सकता है। वित्त वर्ष 2025-26 का बजट संसद में एक फरवरी को पेश किया जाएगा। सिधवा ने कहा कि एक क्षेत्र जिसपर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है, वह है नवोन्मेषण को कैसे प्रोत्साहित किया जाए और शोध एवं विकास खर्च को कैसे पुरस्कृत किया जाए। यह तभी होगा जब देश वैश्विक अनुसंधान एवं विकास केंद्रों को भारत में आकर्षित करने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा, अगर हम अपना खुद का आरएंडडी विकसित कर सकते हैं, तो हमें प्रौद्योगिकी के लिए विकसित दुनिया पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। नवाचार और आरएंडडी को लेकर कुछ करने की जरूरत है और मुझे उम्मीद है कि सरकार शोध एवं विकास के लिए पीएलआई योजना शुरू करने पर विचार करेगी। सिधवा ने कहा कि अगर बजट में ऐसी नीति की घोषणा की जा सकती है जो विशेष रूप से वैश्विक कंपनियों को भारत आने के लिए पुरस्कृत करती है, तो इससे देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ावा मिलेगा।

# एफआईआई के रुख और तिमाही नतीजे पर रहेगी बाजार की नजर

**शेयर समीक्षा**

एजेंसी



मुंबई। अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े से फ़ेडरल रिजर्व की ब्याज दर में शीघ्र कटौती की उम्मीद धूमिल पड़ने से स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख और कंपनियां के चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 759.58 अंक अर्थात 0.98 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 76619.33 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 228.3 अंक यानी 0.97 प्रतिशत टूटकर 23203.20 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 479.7 अंक अर्थात 1.1 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 43761.23 अंक और स्मॉलकैप 411.03 अंक यानी 0.8 प्रतिशत कमजोर रहकर 52311.31 अंक पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े से फ़ेडरल रिजर्व की ब्याज दर में शीघ्र कटौती की उम्मीद धूमिल पड़ने से बाजार पर दबाव बना लेकिन महंगाई घटने से फ़ेड के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से सेंसेक्स-नफ्टी को समर्थन मिला। हालांकि चीन के आर्थिक विकास के आंकड़े अनुमान से अधिक मजबूत रहने की बदौलत विश्व बाजार में तेजी रहने के बावजूद सप्ताहांत पर बाजार फिर से बिकवाली के दबाव में आ गया। अगले सप्ताह बाजार पर एफआईआई के रुख का असर रहेगा क्योंकि वे जनवरी में अबतक कुल 46,576.06 करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं। इस अवधि में एफआईआई 132,947.06 करोड़ रुपये के लिवाल जबकि 179,523.12 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे हैं। हालांकि आलोच्य अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की निवेश धारणा मजबूत रहने से बाजार को समर्थन मिला। इस अवधि में डीआईआई का शुद्ध निवेश 49,367.14 करोड़ रुपये का रहा है। इनके अलावा बाजार को दिशा देने में कंपनियों के वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के परिणाम की अहम भूमिका रहेगी। अगले सप्ताह एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, जेएसडब्ल्यू स्टील, सेंट्रल बैंक, आईडीबीआई, जम्मू-कश्मीर बैंक, पेटीएम, जोमैटो, इंडियन बैंक, इंडिया सीमेंट, यूको बैंक, बीपीसीएल, हुडको, डॉ. रेड्डी, बैंक ऑफ इंडिया और डीएलएफ समेत कई दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं। बीते सप्ताह बाजार में दो दिन गिरावट जबकि तीन दिन तेजी रही। अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े से फ़ेडरल रिजर्व की ब्याज दर में शीघ्र कटौती की उम्मीद धूमिल पड़ने से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार सात महीने के निचले स्तर पर आ गया। सेंसेक्स 1048.90 अंक का गोता लगाकर 76,330.01 अंक और निफ्टी 345.55 अंक लुढ़ककर 23,085.95 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों और राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से पहले विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, पावर, कमोडिटीज, ऑटो, धातु और दूरसंचार समेत 17 समूहों में हुई लिवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 169.62 अंक की तेजी के साथ 76,499.63 और निफ्टी 90.10 अंक चढ़कर 23,176.05 अंक हो गया।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.71 लाख करोड़ रुपये घटा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.71 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 759.58 अंक या 0.98 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 228.3 अंक या 0.97 प्रतिशत टूटा। शीर्ष 10 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 1,71,680.42 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 62,948.4 करोड़ रुपये घटकर 7,53,678.38 करोड़ रुपये रहा गया। सबसे अधिक नुकसान इन्फोसिस को ही हुआ। तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद मुनाफावसूली के बीच शुक्रवार को इन्फोसिस के शेयर में करीब प्रतिशत की गिरावट आई। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 50,598.95 करोड़ रुपये घटकर 14,92,714.37 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 20,605.92 करोड़ रुपये घटकर 5,53,152.52 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 16,005.84 करोड़ रुपये घटकर 8,65,495.17 करोड़ रुपये पर आ गया।

# बजट में 'छापेमारी राज और कर आतंक' को खत्म हो : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि मोदी सरकार की प्रतिगामी नीतियों ने भारत में निवेशकों का भरोसा तोड़ दिया है और व्यापार करने में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) को 'व्यापार करने में असुविधा' (अनईज ऑफ डूइंग बिजनेस) में बदल दिया है।

केंद्रीय बजट से पहले विपक्षी दल ने कहा कि इसे ठीक करने के लिए आगामी बजट में 'छापेमारी राज और कर आतंक' को खत्म करना होगा। पार्टी ने सरकार से भारतीय विनिर्माण नौकरियों की रक्षा के लिए कदम उठाने और मजदूरी व क्रय शक्ति को बढ़ाने के लिए निर्णायक कार्रवाई करने का भी आह्वान किया। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार लंबे समय से भारत में 'व्यापार करने में आसानी' में सुधार की इच्छा को लेकर ढिंढोरा पीटती रही है, लेकिन पिछले एक दशक में निजी निवेश में कमी ही देखने को मिली है।




उन्होंने कहा कि निजी निवेश रिकॉर्ड निचले स्तर पर चला गया है और बड़ी संख्या में उद्योगपति भारत छोड़कर विदेश चले गए हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, जीएसटी और आयकर को मिलाकर बनने वाली पेचीदा, दंडात्मक, और मनमानी कर व्यवस्था भारत की समृद्धि के लिए खतरा बनी हुई है। यह पूरी तरह कर आतंक जैसा है। इससे 'व्यापार करने में आसानी' की जगह 'व्यापार करने में असुविधा' को बढ़ावा मिल रहा है। रमेश ने कहा कि निवेश का सबसे बड़ा घटक निजी घरेलू निवेश 2014 से कमजोर रहा है, तथा प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान यह सकल घरेलू उत्पाद के 25-30 प्रतिशत के दायरे में रहा। उन्होंने कहा, पिछले दस वर्षों में यह गिरकर जीडीपी के 20-25 प्रतिशत के दायरे में आ गया है। निवेश में सुस्ती के साथ साथ उच्च नेटवर्थ वाले लोगों का बड़े पैमाने पर पलायन भी हुआ है। पिछले एक दशक में 17.5 लाख से अधिक लोगों ने दूसरे देश की नागरिकता ली है। उन्होंने दावा किया कि अनुमानतः 2022 से 2025 के बीच 21,300 करोड़पति भारत छोड़ देंगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा, यह सब तीन कारणों से हो रहा है। सबसे पहले, जटिल जीएसटी। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन के अनुसार, जीएसटी जिसे प्रधानमंत्री ने एक अच्छा और सरल कर घोषित किया था, उसमें उपकर समेत 100 अलग-अलग कर दरें हैं। उन्होंने कहा कि दरों की बहुलता और भ्रम की स्थिति ने 2.01 लाख करोड़ रुपये की खतरनाक जीएसटी चोरी को बढ़ावा दिया है, जो वित्त वर्ष 2023 में दर्ज 1.01 लाख करोड़ रुपये से लगभग दोगुना है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि 18,000 धोखाधड़ी वाली संस्थाओं का पर्दाफाश किया गया है, तथा कई अन्य का पता अब तक नहीं चल पाया है। भारत में चीनी आयात बेरोकटोक जारी है और 2023-24 में 85 अरब डॉलर का रिकॉर्ड व्यापार घाटा है। इससे भारतीय विनिर्माण को नुकसान पहुंचा है, खासकर श्रम आधारित क्षेत्रों में। उन्होंने कहा कि तीसरा, कमजोर उपभोग और स्थिर मजदूरी ने व्यक्तिगत ऋण की आसान उपलब्धता के बावजूद भारत की उपभोग वृद्धि को कमजोर कर दिया है। रमेश ने कहा, प्रतिगामी नीतियों ने भारत में निवेशकों का विश्वास तोड़ दिया है। इसे ठीक करने के लिए बजट में छापेमारी राज और कर आतंक को खत्म करना होगा, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियों की रक्षा और वेतन तथा क्रय शक्ति बढ़ाने के लिए निर्णायक कदम उठाने होंगे, जिससे भारतीय कारोबारियों को निवेश के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इससे कम कुछ भी नहीं चलेगा।'

# राहुल ने न्याय, समानता के लिए 'सफ़ेद टी-शर्ट मुहिम' शुरू की

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आम लोगों के अधिकारों की वकालत करते हुए रविवार को 'सफ़ेद टी-शर्ट मुहिम' शुरू करने की घोषणा की और केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर गरीबों से मुंह मोड़ने का आरोप लगाया। गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में, यह मुहिम शुरू करने की घोषणा की और लोगों से इसका हिस्सा बनने का आग्रह किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक वीडियो 'वॉयसओवर' में कहा, ''यदि आप आर्थिक न्याय में विश्वास करते हैं, संपत्ति की बढ़ती असमानताओं का विरोध करते हैं, सामाजिक समानता के लिए लड़ते हैं, सभी प्रकार के भेदभाव को अस्वीकार करते हैं और हमारे देश में शांति एवं स्थिरता के लिए प्रयासरत हैं, तो सफ़ेद टी-शर्ट पहनें और मुहिम में शामिल हों। गांधी ने कहा, ''आज मोदी सरकार ने गरीबों और श्रमिक वर्ग से मुंह मोड़ लिया



है और उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया है। सरकार का पूरा ध्यान कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों को और समृद्ध बनाने पर है। उन्होंने कहा कि इसके कारण असमानता लगातार बढ़ रही है और ''अपने खून-पसीने से देश को सींचने वाले'' श्रमिकों की स्थिति खराब होती जा रही है और वे विभिन्न प्रकार के अन्याय और अत्याचार सहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा, ''ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम उन्हें न्याय और अधिकार दिलाने के लिए आवाज उठाएं। इसी सोच के साथ हम 'सफ़ेद टी-शर्ट मुहिम शुरू कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा, ''मैं युवाओं और मजदूर वर्ग के साथियों से इस मुहिम में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील करता हूं। उन्होंने लोगों से इस मुहिम में शामिल होने की अपील करते हुए, इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए एक मोबाइल नंबर और एक वेबसाइट का लिंक भी साझा किया। 'व्हाइट टी-शर्ट मूवमेंट' (सफ़ेद टी-शर्ट मुहिम) की वेबसाइट के अनुसार, 'सफ़ेद टी-शर्ट' पार्टी के पांच मार्गदर्शक सिद्धांतों – करुणा, एकता, अहिंसा, समानता और सभी के लिए प्रगति – का प्रतीक है।

# महाकुंभ 2025 में मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं तैनात

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने महाकुंभ 2025 में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल खाद्य-परीक्षण प्रयोगशालाएं और अधिकारी तैनात किए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि मेला परिसर में होटलों, ढाबों और छोटे खाद्य स्टालों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और खाद्य सुरक्षा संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया है । प्राधिकरण ने महाकुंभ 2025 में लाखों श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर कड़े कदम उठाए हैं। मंत्रालय के अनुसार एफएसएसएआई ने उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के साथ मिलकर महाकुंभ क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य विश्लेषकों के साथ 10 मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएँ तैनात की हैं। ये मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएँ मिलावट और खराब होने के लिए खाद्य पदार्थों की मौके पर ही जाँच कर रही हैं और खाद्य व्यापार संचालकों (एफबीओ), स्ट्रीट फूड विक्रेताओं और आम जनता के बीच जागरूकता पैदा कर रही हैं?। इससे मेले में सुरक्षित खाद्य वातावरण सुनिश्चित हो रहा है। मेला क्षेत्र को पांच मंडल और 25 सेक्टरों में बांटा गया है, जिनमें से प्रत्येक सेक्टर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात हैं और स्वच्छता तथा सुरक्षा मानकों की नियमित निगरानी करते हैं। निगरानी को मजबूत करने के लिए, पूरे क्षेत्र में कुल 56 खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात किए गए हैं, जिनमें पांच मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल हैं। मेले में खाद्य सुरक्षा संचालन शहर के सेक्टर 24 में संकट मोचन मार्ग पर एक समर्पित कार्यालय बनाया गया है। मेला क्षेत्र के परिसर में होटल, ढाबे और छोटे-छोटे खाद्य पदार्थों की दुकानों पर भी भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। मैदान पर मौजूद टीम को खाद्य सुरक्षा संबंधी शिकायतों का तुरंत समाधान करने और इस्तेमाल किए जाने वाले कच्चे माल की गुणवत्ता सहित खाना पकाने के तरीकों पर कड़ी जांच करके तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में आने वाले चावल, चीनी, गेहूं के आटे और अन्य आवश्यक खाद्य पदार्थों के नमूने नियमित रूप से जांच के लिए एकत्र किए जा रहे हैं। इन परीक्षण नमूनों के संग्रह के लिए वितरण और भंडारण दोनों बिंदुओं की पहचान की गई है, जिनका परीक्षण वाराणसी में क्षेत्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला में किया जा रहा है।

# नीतीश, मांझी और चिराग बताएं कि वो आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबन्दी को हटाने के विरोधी क्यों हैं : शाहनवाज़

## साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 178 वीं कड़ी में बोले कांग्रेस नेता

कैनविज टाइमस संवाददाता

नई दिल्ली। सिर्फ़ कांग्रेस ही सामाजिक न्याय और संविधान की लड़ाई लड़ रही है। भाजपा और आरएसएस मुसलमानों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और गरीब सवर्णों का हक़ छीन लेना चाहती हैं, लेकिन मल्लीकार्जुन खरगे, राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी भाजपा की इस साज़िश को सफल नहीं होने देंगे। ये बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और बिहार सह प्रभारी शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 178 वीं कड़ी में कहीं।



शाहनवाज़ आलम ने कहा कि पटना के गाँधी सभागार में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में राहुल गाँधी के इस बयान ने कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर आरक्षण पर लगी 50 फीसदी की पाबंदी को खत्म कर दिया जाएगा, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों में सत्ता परिवर्तन के लिए उत्साह भर दिया है। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी और चिराग पासवान को बताना चाहिए कि वो पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबन्दी को हटाने के पक्ष में हैं या आरक्षण विरोधी भाजपा के साथ ही रहना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि यह कैसे संभव है कि आप समाजिक न्याय की बात भी करें और आरक्षण पर लगे 50 फीसदी की पाबंदी को हटाने की माँग करने वाली कांग्रेस के भी खिलाफ़ रहें। नीतीश, जीतन राम मांझी और चिराग पासवान को स्पष्टीकरण देना चाहिए कि वो आरक्षण विरोधी भाजपा के साथ रहते हुए भी समाजिक न्याय का ढोंग कैसे कर सकते हैं। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि राहुल गाँधी हमेशा इस बात को कहते हैं कि सिर्फ़ प्रतिनिधित्व मिलने से पिछड़ों और दलितों को न्याय नहीं मिल जाएगा। इन कमज़ोर वर्गों को प्रतिनिधित्व के साथ ही शक्ति भी मिलना चाहिए जो सिर्फ़ कांग्रेस ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि यह कितने शर्म की बात है कि आरक्षण के कारण मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे बिहार के एक नेता आरक्षण को ही खत्म करने की बात पिछले दिनों कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसे ढोंगी और फर्जी नेताओं की असलियत समाज को बताने के लिए जन संपर्क अभियान चलायेगी। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि पटना में राहुल गाँधी के ऐतिहासिक संबोधन के बाद बिहार बदलाव के लिए तय्यार हो गया है। चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

## सैफ अली पर हुए हमले को लेकर अब चुप्प क्यों हो गये केजरीवाल: सचदेवा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के आरोप में बंगलादेशी नागरिक की गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल उठाया है और कहा है कि सैफ अली खाने पर हुए हमले को शर्मनाक बताने वाले श्री केजरीवाल अब चुप्प क्यों हैं। श्री सचदेवा ने रविवार को कहा कि सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद श्री केजरीवाल ने सहानुभूति बटोरने कहा था कि वह राष्ट्र के धरोहर हैं, इसलिए यह घटना बहुत शर्मनाक है, लेकिन जब पता चला कि हमलावर बंगलादेशी नागरिक है, तो उन्होंने चुप्पी साध ली है। उन्होंने कहा, श्री केजरीवाल जो सैफ अली खान पर हमला होने पर बहुत चिन्ता में थे, अब उनकी जिम्मेदारी है कि वह हमला करने वाले बंगलादेशी शख्स की निंदा करें। भाजपा पहले दिन से कह रही है कि दिल्ली ही नहीं देश भर में रोहिग्या और बंगलादेशी सुरक्षा के लिए खतरा है, श्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली में रोहिंग्या और बंगलादेशियों को आश्रय देते हैं, उन्हें पालने का काम करते हैं। श्री सचदेवा ने कहा कि अवैध बंगलादेशियों को 10000 रुपये आप के ओखला से विधायक और अन्य नेता देते हैं। उन्हें मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा अवैध आधार कार्ड बनवाने के साथ ही उनके फर्जी वोटर आई कार्ड बनाने का काम आप कर रही है। इसलिए सैफ अली खान पर हमला करने वाले शख्स का तार किस- किस से जुड़े हुए हैं, इसका खुलासा श्री केजरीवाल करें।

## केजरीवाल पर नहीं हुआ था किसी तरह का हमला–वर्मा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर किसी तरह का हमला नहीं हुआ है बल्कि वह जनता से सवालों के बचने के लिए सभा स्थल से भाग गये थे। श्री वर्मा ने रविवार सुबह संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री केजरीवाल नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हार रहे हैं इसलिए उन्होंने हमले की झूठी कहानी रची है। उन्होंने कहा कि 12 साल की विधायकी के बाद भी श्री केजरीवाल आज नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में जब प्रचार को जाते हैं तो वहाँ जनता सवाल पूछती है और सवालों का जवाब देने की बजाय वह भाग जाते हैं। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल का चुनाव प्रचार पंजाब से आई राशि और कार्यकर्ताओं पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि वह (श्री केजरीवाल) नहीं चाहते कि श्रीमती आतिशी, श्री मनीष सिसोदिया या श्री सौरभ भारद्वाज चुनाव जीते, इसलिए उन्हें चुनाव प्रचार से हटा कर सिर्फ संवाददादा सम्मेलन और बैठकों में उलझा कर रखते हैं। इस दौरान दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, पार्टी प्रवक्ता डॉ. ममता त्यागी मौजूद थे। श्री कपूर ने कहा कि श्री वर्मा नयी दिल्ली विधानसभा से चुनाव जीत रहे हैं और दिल्ली में भाजपा की बड़ी जीत का कारक बन रहे हैं।

# पेज एक का शेष

### महाकुंभ मेला...

आग लगने के बाद यहां लगातार विस्फोट हुए। इससे मौजूद लोग सहम गए। हालांकि, फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को बढ़ने से रोका।

### महाकुम्भ का एक...

आ चुकी हैं। आज पूरे महाकुम्भ एरिया का एरियल सर्वे किया है। प्रात काल से संगम तट पर स्नान करने वालों और यहां रहने वाले कल्पवासियों के साथ ही अन्य संस्थाओं से जुड़े हुए लोगों की पूरी संख्या को यदि देखेंगे तो लगभग एक करोड़ से अधिक लोग यहां मौजूद हैं। इतनी बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पूरी तत्परता से यहां पर केंद्र और राज्य के सभी विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं। भव्य, दिव्य और डिजिटल कुम्भ की परिकल्पना को साकार करने के साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान देते हुए आधुनिकता के साथ जोड़ने का कार्य हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि इन्हीं सब मुद्दों को देखने के लिए बीच में यहां पर प्रदेश सरकार के चीफ सेक्रेट्री, डीजीपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को यहां भेजा था। आज एक बार फिर हमने यह जानने की कोशिश की कि हम कितना कुछ आगे बढ़े हैं। 29 जनवरी और 3 फरवरी के महास्नान को ध्यान में रखते हुए पूरी व्यवस्था का अवलोकन किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि भगवान प्रयागराज और मां गंगा की कृपा से हम लोग यहां पर इन दोनों स्नानों को सकुशल संपन्न करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और गृहमंत्री जी का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी इस समय महाकुम्भ के आयोजन से जुड़े हुए हैं। तमाम राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्रीगण लगातार यहां आ रहे है। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय से जुड़े हुए न्यायमूर्ति और विभिन्न राज्यों से जुड़े हुए जनप्रतिनिधिगण भी लगातार यहां आकर स्नान कर रहे हैं। लाखों की संख्या में संतों, कल्पवासियों की उपस्थिति वर्तमान में प्रयागराज में है। अनेक धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। चाहे देशी हो या विदेशी, सभी संगम में स्नान कर अभिभूत हो रहे हैं। सीएम ने कहा कि मकर संक्रांति और पौष पूर्णिमा के दिन हमें यह सौभाग्य नहीं मिल सका कि हम भी यहां स्नान कर सकें, क्योंकि हम लोगों ने खुद को प्रतिबंधित कर रखा था। केवल संतों और श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा थी। जो भी यहां आया, उन्होंने आपके माध्यम से जो भी बातें कहीं और खासतौर पर संतों और श्रद्धालुओं की भावना को हम सभी ने जाना।

### एनडीआरएफ ने ...

नायडू ने की थी और प्रधानमंत्री ने इसका भूमिपूजन किया था, लेकिन पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान इस पूरे प्रोजेक्ट को एक प्रकार से दरकिनार कर दिया गया था। श्री शाह ने ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के तहत महत्वपूर्ण गतिविधियों को आगे बढ़ाने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, पुलिस स्टेशन, एनसीसी और स्काउट्स के कैडेट्स से लेकर सरकार तक हर जगह कोऑर्डिनेशन से काम होता है, तभी बाधारहित आपदा प्रबंधन ज़मीन पर उतरता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में दृष्टिकोण, तरीका और उद्देश्य में क्रांतिकारी परिवर्तन करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पहले राहत-केन्द्रित दृष्टिकोण होता था, अब बचाव-केन्द्रित आपदा प्रबंधन को लेकर यह 360 डिग्री बदलाव 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद आया है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान ज़ीरो कैजुअल्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने में बल, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और संस्थान तीनों ने बहुत सामंजस्य से काम किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बल ने एक संस्था के तौर पर बहुत कम समय में न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में अपनी विश्वसनीयता बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा आपदा के दौरान जब बल के जवान आते हैं, तो लोगों को भरोसा हो जाता है कि वे अब सुरक्षित हैं। विगत दो साल में दो तूफान ऐसे आए, जिनमें हमने ज़ीरो कैज़ुअल्टी का लक्ष्य प्राप्त किया। श्री शाह ने कहा कि नेपाल, इंडोनेशिया, तुर्की, म्यांमार, विएतनाम सहित कई अन्य देशों में जब बल की टीमें गईं, तो वहां की जनता की मदद करने में इनकी भूमिका की प्रशंसा वहां के राष्ट्राध्यक्षों ने भी की। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की नीतियों को बल ने ज़मीन पर उतारा है और इसके कारण आपदा प्रबंधन के मामले में भारत की वैश्विक पहचान बनी है। श्री शाह ने कहा कि 12वें वित्त आयोग में आपदा प्रबंधन के लिए 12500 करोड़ रूपए रखे गए थे, जिसे 14वें वित्त आयोग में बढ़ाकर 61,000 करोड़ रूपए कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई ऐप, वेबसाइट्स और पोर्टल बनाकर आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जनजागृति का काम किया है। देश के लाखों-करोड़ों लोगों ने इन सभी ऐप के साथ खुद को जोड़ा है और अब इन को सभी भाषाओं में संवाद करने योग्य बनाने के प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'डायल 112' और 'कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल' से लोगों की बहुत मदद हुई है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में आज दो और संस्थान जुड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री नायडू ने केन्द्र सरकार को बिना किसी लागत के यहां भूमि देकर दसवीं वाहिनी और संस्थान की दक्षिण भारत शाखा को स्थापित करने में मदद की है। इस अवसर पर श्री नायडू, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री बंडी संजय कुमार, गृह सचिव गोविंद मोहन और बल के महानिदेशक पीयूष आनंद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### फिल्म अभिनेता सैफ...

अपराध के पीछे का मकसद डकैती था। श्री गेदाम ने बताया कि मुंबई पुलिस और अपराध शाखा की टीमें आरोपी से पूछताछ कर रही हैं।

### 2047 तक भारत...

प्रताप सिंह, पूर्व विधायक गुलाब सरोज, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, अपना दल के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री के आगमन को देखते हुए पूरा निजामुद्दीनपुर गांव पुलिस छावनी में बदल गया था।

### उत्तर कुंजी, अंक ...

उठाने में सक्षम होंगे। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए चार फरवरी की तारीख तय की। अदालत पिछले साल फरवरी में वकील राजीव कुमार दुबे के माध्यम से दायर याचिका पर विचार करने पर सहमत हुई थी। याचिका में ''किसी भी गंभीर त्रुटि से'' लाखों अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा का हवाला देते हुए उत्तर कुंजी और अन्य विवरण सार्वजनिक करने का अनुरोध किया गया है। इसमें दावा किया गया है कि अतीत में कई मुकदमों के बावजूद संघ लोक सेवा आयोग इस संबंध में कोई भी कारण बताने में नाकाम रहा है कि उसे पारदर्शिता बरतने से इतनी ''एलर्जी'' क्यों है। याचिका में दावा किया गया है कि लगभग हर राज्य लोक सेवा आयोग के साथ-साथ सभी उच्च न्यायालय और आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान), आईआईएम (भारतीय प्रबंधन संस्थान) सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थान उत्तर कुंजी, कट-ऑफ अंक और अभ्यर्थियों को मिले अंकों को ''त्वरित तौर पर और समय पर सार्वजनिक करने'' की प्रक्रिया का पालन करते हैं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उनकी याचिका अभ्यर्थियों की ''गंभीर चिंताओं'' और यूपीएससी की ओर से पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी को सामने लाती है।

### भविष्य की चुनौतियों ...

कितनी दूर की सोच के साथ काम कर रहे हैं। इसरो ने गत बृहस्पतिवार को 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट' (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक की। यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना सहित भविष्य के कई मिशनों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपग्रहों की सफल 'डॉकिंग' के साथ भारत, अमेरिका, रूस और चीन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। 'डॉकिंग', अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने की प्रक्रिया को कहते हैं। इसके बाद दोनों उपग्रहों के बीच चालक दल के सदस्यों, सामान और उपकरणों की आपूर्ति हो सकती है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान आईआईटी मद्रास की उस 'प्रेरणादायक पहल' का भी उल्लेख किया, जिसके तहत उसका एक्सटेम केंद्र अंतरिक्ष में विनिर्माण के लिए नई तकनीकों पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र अंतरिक्ष में थ्री-डी प्रिंटेड सामग्री, मेटल फोम और ऑप्टिकल फाइबर जैसे तकनीकों पर शोध कर रहा है और बिना पानी के कंक्रीट निर्माण जैसी क्रांतिकारी विधियों को भी विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल शोध भारत के गगनयान मिशन और भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशन को मजबूती देगा और इससे विनिर्माण में आधुनिक प्रौद्योगिकी के भी नए रास्ते खुलेंगें। उन्होंने कहा, ''ये सभी उपलब्धियां इस बात का प्रमाण है कि भारत के वैज्ञानिक और नवोन्मेषक भविष्य की चुनौतियों का समाधान देने के लिए कितने दूरदृष्टि वाले हैं। हमारा देश आज अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने इसके लिए भारत के वैज्ञानिकों, नवोन्मेषकों और युवा उद्यमियों को शुभकामनाएं दीं।

### निर्वाचन आयोग ने तकनीक....

के 75 साल हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान संविधान सभा में बहस के दौरान बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर, राजेन्द्र प्रसाद और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संबोधनों के ऑडियो क्लिप का कुछ अंश भी सुनाया। उन्होंने कहा कि आंबेडकर ने सभी के हित में मिलकर काम करने का आह्वान किया जबकि प्रसाद ने मानवतावादी मूल्यों के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और मुखर्जी ने अवसरों की समानता के विषय पर जोर दिया। मोदी ने कहा, ''हर देशवासियों को इन विचारों से प्रेरणा लेकर, ऐसे भारत के निर्माण के लिए काम करना है, जिस पर हमारे संविधान निर्माताओं को भी गर्व हो। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' का यह कार्यक्रम हर बार उन्हें राष्ट्र के सामूहिक प्रयासों और जनता की सामूहिक इच्छाशक्ति से जोड़ता है। उन्होंने कहा, ''हर महीने मुझे बड़ी संख्या में आपके सुझाव, आपके विचार मिलते हैं और हर बार इन विचारों को देखकर विकसित भारत के संकल्प पर मेरा विश्वास और बढ़ता है। प्रधानमंत्री ने लोगों से इसी तरह अपने-अपने काम से भारत को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए प्रयास करते रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिन इसलिए अहम है, क्योंकि इसी दिन 'भारतीय निर्वाचन आयोग' की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा, ''हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान में हमारे चुनाव आयोग को, लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी को, बहुत बड़ा स्थान दिया है। मैं चुनाव आयोग का भी धन्यवाद दूंगा, जिसने समय-समय पर, हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है, मजबूत किया है। आयोग ने जन-शक्ति को और शक्ति देने के लिए, तकनीक की शक्ति का उपयोग किया। उन्होंने देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने-अपने मताधिकार का उपयोग करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया सशक्त बनाने का भी आह्वान किया। मोदी ने 'कुंभ', 'पुष्करम' और 'गंगा सागर मेले' का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पर्व सामाजिक मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। उन्होंने कहा, ''ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''कुंभ में दक्षिण, पश्चिम और हर कोने से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं और सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें यह भी बताता है कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आई है। उन्होंने कहा, ''जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के इस कार्यक्रम में पौष द्वादशी के दिन अयोध्या में राम मंदिर में राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ का भी जिक्र किया और कहा कि प्राण प्रतिष्ठा की यह द्वादशी भारत की सांस्कृतिक चेतना की पुनः प्रतिष्ठा की द्वादशी बन गई। उन्होंने कहा, ''हमें विकास के रास्ते पर चलते हुए ऐसे ही अपनी विरासत को भी सहेजना है और उनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है। हाल के दिनों में उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि आज हमारा देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है क्योंकि ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। उन्होंने कहा, ''इस वर्ष संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान संविधान सभा में बहस के दौरान बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर, राजेन्द्र प्रसाद और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संबोधनों के ऑडियो क्लिप का कुछ अंश भी सुनाया। उन्होंने कहा, ''हर देशवासी को इन विचारों से प्रेरणा लेकर, ऐसे भारत के निर्माण के लिए काम करना है, जिस पर हमारे संविधान निर्माताओं को भी गर्व हो।''

# महाकुंभ में बांसुरी बनी मेले की खास आकर्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुंभ नगर। महाकुंभ मेले में बांसुरी विक्रेताओं के चेहरे पर खास चमक देखने को मिल रही है। देश के कोने–कोने से आए बांसुरी विक्रेता अपनी कला और उत्पाद के साथ मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं।

महाकुंभ मेला में बड़े हनुमान जी मंदिर के पास एक धुन, हजारों आने जाने वालों को अपनी ओर खींच रहा है। धुन ऐसा कि बिना कुछ देर ठिठके कोई आगे बढ़े ही नहीं। बांसुरी की धुन से सबका ध्यान खींचने वाला यह व्यक्ति कोई पेशेवर संगीतकार नहीं बल्कि एक बांसुरीवाला है जो मेले में कुछ कमाई करने तो आया ही है साथ ही उसकी चाहत है कि बांसुरी बेचने का पारंपरिक पेशा आगे बढ़ता रहे। गिटार, स्मार्टफोन के युग में बच्चों के हाथ में भारतीय संस्कृति से जुड़ी बांसुरी भी रहे। बिहार के छपरा से आये मियां ज़ान खान का परिवार कई पीढ़ियों से बांसुरी बनाने और बेचने का काम करता है। ज़ान खान भी बांसुरियों के बीच ही पले-बढ़े। वह बताते हैं कि- 'हाईटेक हो चुकी दुनिया में बांसुरियों

## ■ बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हुए मंत्रमुग्ध

की बिक्री अब कम हो गई है। पहले बच्चे बांसुरी खरीदते थे तो धंधा चलता था लेकिन अब यह काम बहुत सीमित हो चुका है। वह बताते हैं कि, 'अब खास त्योहारों-पर्वो पर लगने वाले मेलों में ही बांसुरियों को बेचने का काम किया जाता है। बाकी दिनों में छोटा मोटा काम या मजदूरी करता हूं। छपरा से बांसुरी बेचने आये रमेश कहते हैं- बाप-दादाओं ने बांसुरी बेची है। परिवार के लोगों की आजीविका चली है। आज भी परिवार में कई लोग बांसुरी बेचते हैं। इसलिए उसे भी अच्छा लगता है। उन्होंने बताया कि, 'तीन महीना से खाली था, कोई और काम करने से बेहतर था कि बाप-दादाओं के काम को ही आगे बढ़ाया जाए।' रोज कितनी कमाई हो जाती है इस पर रमेश ने बताया कि पांच सौ से लेकर एक हजार तक वह रोज कमाई कर लेता है लेकिन किसी किसी दिन तीन-चार सौ रुपये की भी बांसुरी नहीं बिकती। ज़ान खान



के अनुसार, 'जिस दिन अधिक भीड़ होती है उस दिन कमाई अच्छी हो जाती है। कभी कभार ज्यादा भीड़ होने पर उसके जैसे फ़ेरीवालों को मेला क्षेत्र से बाहर कर दिया जाता है, इससे भी कमाई मारी जाती है।' उन्होंने बताया कि, 'मेले में बांसुरी की बिक्री हो रही है, इक्का-दुक्का ग्राहक की मुरली और बंसी खरीदता है।' बाराबंकी के रामनगर से आये बांसुरी विक्रेता जियालाल ने बताया कि, '10 रुपये से लेकर 50 रुपये तक की बांसुरी है।' वे बताते हैं, 'मुख्य स्नान के दिन बिक्री बढ़ जाती है, आम दिनों में तो पेट भरने का जुगाड़ ही हो पाता है।' बांसुरी के अलावा पंछी (बांस का वाद्य यंत्र जिसे बजाने से कोयल की आवाज निकलती है) मेले में बिक रहा है। पंछी की कीमत 20 रुपये है। बांसुरी, मुरली और बंसी आपस में भाई बहनआमतौर पर हम सब ये जानते हैं कि बांसुरी केवल एक ही प्रकार की होती है, कुछ लोगों के अनुसार बांसुरी श्रीकृष्ण का प्रिय वाद्य यंत्र है. लेकिन, हकीकत में ऐसा नहीं है बांसुरी जैसे ही वाद्य यंत्र उसके दो भाई बहन भी है. जिन्हें बंसी और मुरली नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार श्री कृष्ण को मुरली ही प्रिय थी और वे मुरली का ही वादन करते थे। लेकिन हम से बहुत ही कम लोग इन तीनों के बीच का अंतर जानते होंगे। बांसुरी में होते हैं 6 सुरलंबे अरसे से संगीत वा बांसुरी कारोबार से जुड़े लखनऊ के अल्लन साहेब एण्ड सन्स के संचालक फराज अंसारी ने बातचीत के दौरान बताया कि, 'वैसे तो तीनों वाद्य एक ही विधा से जुड़े हुए हैं लेकिन बावजूद इन तीनों में कुछ मामूली अंतर हैं। बांसुरी, मुरली व बंसी, तीनों एक ही परिवार के भाई-बहन हैं। अगर बांसुरी की बात करें तो अमूमन इसे इस्तेमाल करने वालों में विधा के छात्र व बच्चे आदि शामिल हैं। वहीं बांसुरी के ऊपरी हिस्से में अरहर, सेमल आदि की लकड़ी की डाट लगी होती है, जिसे उसके ऊपरी सिरे से बजाया जाता है इसमे 6 सुराख (सुर) होते हैं।'

# महाकुंभ के रंग आधुनिक तकनीकि के संग

## ■ हाथ की कला को राजस्थान के नौजवान ने बनाया रोजगार का जरिया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुम्भ नगर। आधुनिक तकनीकि और हाथ की कला को राजस्थान एक नौजवान आधुनिक तकनीकी एवं हाथ की कला को एक साथ जोड़कर रोजगार का नायाब जरिया बना लिया है। देव कृपा फोटो प्रिंटिंग के नाम से बनियान और सेन्थेटिक के सादे वस्त्र पर विभिन्न प्रकार के सामानों पर फोटो छापकर प्रतिदिन कमाई कर रहा है। इतना ही नई इस रोजगार के सहारे अन्य युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध करा रहा है। महाकुम्भ क्षेत्र के सेक्टर एक में काफी महंगी दुकान लेकर यह कार्य शुरू किया है। राजस्थान के जैसलमेर जनपद में स्थित पोखरण निवासी देव राम ने बताया कि एक बनियान पर नाम लिखने के लिए मात्र दौ सौ रूपया लेता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के चित्र की छपाई कर रहा है। नाम



प्रिंट कराने वालों की अधिक डिमांड है। हालांकि वह कुम्भ के लोगों के साथ देश के विभिन्न धार्मिक चित्र एवं फिल्मी दुनिया के अभिनेताओं का चित्र प्रिंट कर रहा है। देव कृपा फोटो प्रिंटिंग के संचालक देव राम ने बताया कि महेज इंटर की शिक्षा ग्रहण करने के बाद एक चाचा स्टूडियो में पांच वर्ष तक हुनर सीखने के बाद, अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत किया और बाद में उसने नौकरी छोड़कर खुद काम खड़ा कर लिया। उसने बताया कि आधुनिक तकनीकी को अपने हुनर का सहारा बनाया और इस कार्य में लग गया है। वह राजस्थान जैसलमेर एवं पोखरण में इस कार्य को समय–समय पर आगे बढ़ाता गया और उसका रोजगार चल पड़ा।



# गणतंत्र दिवस परेड में फ्लाईपास्ट करेंगे 40 एयरक्राफ्ट, ध्रुव और तेजस नहीं भरेंगे उड़ान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। देश के गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड के लिए सेना के जवान कड़ाके की ठंड में रिहर्सल करके पसीना बहा रहे हैं। परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर झांकियों के माध्यम से 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' को प्रदर्शित किया जाएगा। वायु सेना के 40 एयरक्राफ्ट फ्लाईपास्ट करेंगे, जिनमें 22 फाइटर एयरक्राफ्ट होंगे। इस बार एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस परेड के दौरान उड़ान भरते नहीं दिखेंगे। गणतंत्र दिवस परेड में इस बार भारतीय वायु सेना की कोई भी झांकी नहीं होगी। वायु सेना के विंग कमांडर मनीष शर्मा ने बताया कि कुल 40 एयरक्राफ्ट रिपब्लिक-डे परेड का हिस्सा बनेंगे। फ्लाईपास्ट में 22 लड़ाकू विमानों, 11 परिवहन विमानों और 7 हेलीकॉप्टरों की शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। इनमें राफ़ेल, सुखोई-30 और सी-130जे

## ■ डीआरडीओ प्रलय सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का करेगा प्रदर्शन

हरक्यूलिस कर्तव्य पथ पर हवाई करतब दिखाएंगे। इसके अलावा तीन डोर्नियर विमान भी गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा होंगे। इस बार एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस परेड के दौरान उड़ान भरते नहीं दिखेंगे। इस माह की शुरुआत में गुजरात के पोरबंदर में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, इसीलिए एएलएच ध्रुव को अभी भी जमीन पर ही रखा गया है और इसका इस्तेमाल फ्लाईपास्ट के लिए नहीं किया जाएगा। विंग कमांडर ने स्वदेशी लाइट



कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस को परेड का हिस्सा न बनाने के बारे में बताया कि इस बार भारतीय वायु सेना ने गणतंत्र दिवस परेड के लिए नई पॉलिसी तैयार की है। इसके मुताबिक, तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को शानदार प्रदर्शन के बावजूद सिंगल इंजन होने के कारण बाहर रखा गया है। हालांकि, तेजस ने पहले भी गणतंत्र दिवस परेड के अलावा दुबई और सिंगापुर के अंतरराष्ट्रीय एयर शो में उड़ान भरी है। उन्होंने बताया कि फ्लाईपास्ट को दो भागों में बांटा गया है। दूसरे हिस्से में जटिल संरचनाएं और सटीक युद्धाभ्यास दिखाए जाएंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से होगी। इसमें भारतीय वायु सेना की औपचारिक मार्चिंग टुकड़ी होगी। इस टुकड़ी में चार अधिकारी और 144 प्रतिभागी शामिल होंगे, जो 72 संगीतकारों वाले बैंड की धुनों पर मार्च करेंगे। मार्चिंग धुनों में अंतरिक्ष यात्री, वायु शक्ति, निडर योद्धा और उत्तरी सीमा में वायु सेना की वीरता की भावना को दर्शाया जाएगा। मार्चिंग टुकड़ी के लिए चयनित जवान प्रतिदिन भोर 4:00 बजे से 7 से 8 घंटे तक कर्तव्य पथ अभ्यास करके पसीना बहा रहे हैं। बीटिंग रिट्रीट समारोह में भी वायु सेना के 128 संगीतकार देशभक्ति की धुनें प्रस्तुत करेंगे, जिससे गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य समापन होगा। गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर झांकियों के जरिए 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' को प्रदर्शित किया जाएगा। इस वर्ष की शुरुआत से ही रक्षा मंत्रालय ने परेड में शामिल होने वाली झांकियों के बारे में निर्णय लेने के लिए परामर्श प्रक्रिया अपनाई है। सबसे पहले रक्षा मंत्रालय सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के साथ केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों से झांकियों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है। झांकियों का चयन करने के लिए मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति बनाई गई है, जिसमें कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला और नृत्यकला आदि क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हैं। विचार-विमर्श के लिए अप्रैल, 2024 में हुई वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में मिले सुझावों के आधार पर झांकियों को शामिल किया गया है। इस बार परेड में आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली के साथ दमन व दीव, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की झांकियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा केंद्र सरकार के 11 मंत्रालयों रऔ, विभागों की भी झांकियां परेड में दिखाई देंगी। चयनित झांकियां देश की विविध शक्तियों और इसकी निरंतर विकसित होती सांस्कृतिकता को प्रदर्शित करेंगी, जो गौरवशाली भविष्य की ओर अग्रसर है। डीआरडीओ परेड में झांकी के जरिए प्रलय सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रदर्शन करेगा।

## नई दिल्ली में परेड रिहर्सल के चलते यातायात में बदलाव

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस समारोह में सिर्फ एक सप्ताह बचा है और इसे लेकर की जा रही तैयारियां भी अब अंतिम चरण में हैं। साथ ही गणतंत्र दिवस के समारोह में होने वाले परेड के लिए फूल ड्रेस रिहर्सल की भी शुरुआत हो चुकी है। यह रिहर्सल परेड 21 जनवरी तक जारी रहेगी। इसे लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। परेड के सुचारू संचालन के लिए विशेष यातायात व्यवस्था के तहत कुछ मार्गों पर रूट परिवर्तन के साथ प्रतिबंध भी रहेगा। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने कुछ वैकल्पिक मार्ग भी सुझाए हैं। दिल्ली पुलिस ने एडवाइजरी में कहा है कि कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विशेष ट्रैफिक व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था शुक्रवार से शुरू हो चुकी है। परेड रिहर्सल के कारण 18, 20 और 21 जनवरी को लोगों के आवाजाही में दिक्कत न हो, इसके लिए ट्रैफिक एडवाइजरी का पालन करें।

# राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कोशी प्रमंडल प्रभारी बने शैलेश झा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सहरसा। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा परशुराम सेवा संस्थान द्वारा मकर संक्रांति पर्व समारोह सह संगठन विस्तार कार्यक्रम शनिवार को विद्यापति भवन पटना में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ललित कुमार झा के सम्मान समारोह में रखा गया। जिसमें संगठन के तरफ से कुल 9 प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रमंडल प्रभारी बनाए गए एवं 21 प्रदेश सचिव निर्वाचित किये गये। जिसमें सहरसा के शैलेश कुमार झा को प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोशी प्रमंडल प्रभारी नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय संयोजक ई आशुतोष, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के संरक्षक संजीव मिश्रा, एवं प्रदेश अध्यक्ष ललित कुमार मिश्रा का आभार व्यक्त करते हुए शैलेश कुमार झा ने कहा कि संगठन से जो जिम्मेदारी दी गई है वो बहुत बड़ी है। इस जिम्मेदारी का निर्वहन बिना सभी के सहयोग एवं समर्थन के संभव नहीं हो सकता है। प्रयास हमारा रहेगा कि एक एक ब्राह्मण को जोड़ा जाए।उसके सुख मे भागीदार बने या न बने लेकिन उसके दुख में भागीदार बनने का हर संभव प्रयास रहेगा।

# प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में गणतंत्र दिवस को बताया खास : डॉ. जायसवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है।

भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को आज डॉ. जायसवाल समेत तमाम नेता और कार्यकर्ताओं ने बैठकर सुना। मन की बात के 118वें एपिसोड को सुनने वालों में डॉ. जायसवाल के अलावा दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसानिया, सैयद शाहनवाज हुसैन, महामंत्री मिथिलेश तिवारी, शिवेश राम, जगन्नाथ ठाकुर, संजीव चौरसिया, विनोद नारायण झा, राजेंद्र गुप्ता, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलु, प्रभात मालाकार, सूरज पांडेय सहित भाजपा के सैंकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने श्री मोदी के प्रेरक विचारों को सुना।

मन की बात सुनने के बाद डॉ. जायसवाल ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण महीने की आखिरी रविवार को होता है, लेकिन इस बार ये एक सप्ताह पहले तीसरे रविवार को प्रसारण हुआ। श्री मोदी ने इसका कारण चौथे रविवार को गणतंत्र दिवस का होना बताया।उन्होंने कहा कि पूरे देश के लोग इस मन की बात को ध्यान से सुने। प्रधानमंत्री ने एक तरफ भारत के विरासत की बात की, वहीं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, सुभाष चंद्र बोस जैसे शख्सियतों की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने मन की बात के माध्यम से महाकुंभ और उसमें युवाओं की भागीदारी की चर्चा की। डा. जायसवाल ने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह से युवा महाकुंभ में भाग ले रहे हैं, उससे जो विकसित भारत होगा उसका एक स्वरूप दिखाई पड़ता है, जिसमें धर्म के साथ-साथ अपने देश को भी विकसित करेंगे। प्रधानमंत्री ने विस्तृत तौर पर अपनी बात बताई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने जीवन में जानवरों के महत्व को भी उद्धत किया।

# पंजाबः खनौरी बॉर्डर पर डल्लेवाल ने 54 दिनों बाद लिया उपचार, जारी रहेगा अनशन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के दौरान आमरण अनशन कर रहे जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 54 दिन का अनशन पूरा होने के बाद शनिवार रात 1 बजे उपचार लेना शुरू किया। डॉक्टरों ने उन्हें ग्लूकोज की ड्रिप लगाई। इस बीच डल्लेवाल का अनशन रविवार को 55वें दिन में प्रवेश कर गया। शनिवार को केंद्रीय अधिकारियों के शिष्टमंडल द्वारा खनौरी का दौरा किये जाने के बाद यहां देर रात तक बैठकों का दौर चलता रहा। किसानों की मांगों को लेकर 14 फरवरी को चंडीगढ़ में मीटिंग होगी। शनिवार को कृषि और किसान कल्याण विभाग के ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रियरंजन खनौरी बॉर्डर पर पहुंचे। यहां उन्होंने आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात कर मीटिंग का न्योता दिया। इसके बाद डल्लेवाल मेडिकल सुविधा लेने को राजी हो गए। उन्हें ग्लूकोज लगाया गया। किसानों की सहमति के बाद केंद्र सरकार ने देररात बैठक का पत्र भी जारी कर दिया। पत्र के अनुसार भारतीय किसान यूनियन (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की मांगों को लेकर भारत सरकार और पंजाब सरकार के मंत्रियों की बैठक 14 फरवरी को चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में होगी। हम आशा करते हैं कि डल्लेवाल जल्द अपना अनशन खत्म करेंगे और बैठक में शामिल होंगे।

## बिहार के कटिहार नाव हादसे में तीन लोगों की मौत, 11 लापता

कटिहार। बिहार में कटिहार जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी करीमुल्लापुर पंचायत के गोला घाट पर रविवार सुबह दर्दनाक नाव हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जिसमें 35 व 40 वर्ष के दो युवक और एक ढाई वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। इस हादसे में 11 लोग लापता है। दक्षिणी करीमुल्लापुर के मुखिया जेपी यादव ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि आज सुबह करीब आठ बजे मेघु टोला गोला घाट से एक ड़ेंगी नाव सकड़ी (झारखंड) के लिए खुली। जिसपर छमता से ज्यादा (नाविक सहित 18) लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि नाव गंगा धार के विपरीत झारखंड जा रही थी। बीच धार में हवा की वजह से नाव पलट गई। मुखिया ने बताया कि घटना के बाद नाविक तैर कर बाहर आ गया। झारखंड जा रही दूसरी नाव सवार ने सात लोगों को गंगा नदी से निकाल कर गोला घाट लाया। जिसमे तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। हादसे में घायल चार लोगों को स्थानीय अस्पताल में भरती कराया।जिसकी इलाज चल रही है।

# नीतीश ने त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल सिद्धेश्वर प्रसाद की प्रतिमा का किया अनावरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल सिद्धेश्वर प्रसाद की प्रतिमा का आज अनावरण किया श्री कुमार ने रविवार को यहां बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी, सेक्टर-7 स्थित पार्क में त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल स्व. सिद्धेश्वर प्रसाद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने स्व. प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और नमन किया। इस अवसर पर दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, पूर्व विधायक ई. सुनील, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व. सिद्धेश्वर प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन-कीर्तन एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

## राहुल गांधी को नहीं पता कि जब बिहार में जाति जनगणना हुई थी तब महागठबंधन की सरकार थी : प्रशांत

पटना। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कंग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें पता होना चाहिए कि जब बिहार में जाति जनगणना हुई थी, तब प्रदेश में महागठबंधन की सरकार थी। श्री किशोर ने रविवार को बिहार सत्याग्रह आश्रम से राज्यव्यापी बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसका नेतृत्व जन सुराज के युवा अध्यक्ष आनंद मिश्रा कर रहे हैं। श्री किशोर ने कहा, श्री गांधी को पता होना चाहिए कि जब बिहार में जाति जनगणना हुई थी, तब बिहार में महागठबंधन की सरकार थी। जब वह कहते हैं कि बिहार में अत्याचार हो रहे हैं, तो उन्हें इसकी जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए क्योंकि बिहार और देश में लंबे समय तक कंग्रेस की ही सरकार रही है। यदि कंग्रेस सिख दंगों के लिए माफी मांग सकती है तो उन्हें बिहार में जंगलराज के दौरान किए गए अत्याचारों के लिए भी माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उस समय बिहार में उनकी पार्टी के समर्थन से सरकार चल रही थी। जनसुराज के सूत्रधार ने बताया कि श्री मिश्रा के नेतृत्व में 100 बाइकर्स पूरे बिहार में 20 हजार किलोमीटर की यात्रा करेंगे। यात्रा का उद्देश्य बिहार के युवाओं के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार के खिलाफ उनकी आवाज बनना है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान    स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।    फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com    RNI NO - UPHIN/2012/42063